दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 13 सितम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-206 ■ पृष्ठ-15 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

जनसेवा और जनकल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सम्राट

मुख्यमंत्री ने की अभियान की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

मुख्य बिंदु

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा संकल्प अभियान

17 सितंबर से 31 मार्च तक चलेगा सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान तथा बिहार में 17 सितंबर से 31 मार्च तक चलाए जाने वाले सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों से संबंधित प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 13 महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 17 सितंबर से 31 मार्च तक चलने वाले सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया किया इस अभियान के दो मुख्य उद्देश्य हैं- पूर्व से अवस्थित परिसंपत्तियों का उन्नयन, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत तथा नई आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों का निर्माण। पूर्व से अवस्थित परिसंपत्तियों के उन्नयन, सुधार एवं मरम्मत के तहत साफ-सफाई, रंग-रोगन, रखरखाव, पेयजल, बिजली एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित कार्य 30 नवंबर 2028 तक पूर्ण किए जाएंगे। वहीं नई आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों का निर्माण कार्य 31 मार्च 2027 तक पूरा किया जाएगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान वित्तीय संसाधनों के स्रोत, ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं की पहचान, ग्राम सभा, विभागवार प्रमुख कार्य तथा अनुश्रवण एवं निगरानी तंत्र के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान सीएम ने कहा कि सेवा मेरा योगदान के तहत स्वच्छता, विकास एवं सौंदर्गीकरण के कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम-से-कम दो स्थानों पर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 13 थीम पर आधारित है और इसके तहत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। सभी मंत्री एवं अधिकारी इन कार्यक्रमों की विशेष रूप से तैयारी करें। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत निर्धारित कार्यक्रमों एवं कार्यों की समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रभारी मंत्री सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 30 दिनों के कार्यक्रम का कैलेंडर तैयार करना सुनिश्चित करें। सीएम ने कहा कि दुगार्पूजा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। दीपावली से पहले छोटे-छोटे लंबित कार्यों को पूरा कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों, हेल्थ सेंटर एवं विद्यालयों में रंगाई-पुताई का कार्य भी दीपावली से पहले पूरा कराया जाए। प्रत्येक पंचायत से 10 योजनाओं को चिन्हित कर उनका कार्य पूर्ण करायें, ताकि गांवों को व्यवस्थित एवं विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कूल से लेकर कॉलेज तक सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त हों। सीएम ने कहा कि सेवा का मतलब जनता की भलाई के लिए काम होना है तथा योजनाओं का कायाकल्प ही सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का मूल उद्देश्य है। निचले स्तर पर विकास कार्य सुनिश्चित होने से बिहार के विकास को काफी गति मिलेगी। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव एवं वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

दानापुर स्टेशन पर विजिलेंस का छापा

पटना (एनएसबी)। दानापुर स्टेशन पर शनिवार की शाम रेलवे विजिलेंस की टीम पहुंचने से हड़कंप मच गया। विजिलेंस टीम ने रेलवे की राशि निर्धारित समय पर जमा नहीं करने के मामले में दो टिकट निरीक्षकों (टीटी) से पूछताछ की। टीम ने दोनों से राशि जमा करने में हुई देरी और पूरे मामले से जुड़े रिकार्ड के संबंध में जानकारी ली। रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार, विजिलेंस टीम की ओर से की गई पूछताछ जांच प्रक्रिया का हिस्सा है। दोनों टीटी द्वारा निर्धारित समय पर रेलवे की राशि जमा नहीं किए जाने से जुड़े मामले की जांच की जा रही है। टीम ने संबंधित रिकार्ड और राशि जमा करने की प्रक्रिया से जुड़े बिंदुओं की जानकारी ली है।

'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर राहुल गांधी ने छात्रों से मांगे सुझाव

नई दिल्ली। मध्यप्रदेश के इंदौर में प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों से अनुभव साझा करने की अपील की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया है कि वे वेबसाइट पर जाकर यह बताएं कि क्या देश की शिक्षा व्यवस्था ने उन्हें वह भविष्य दिया, जिसका वादा किया था। राहुल गांधी ने लिखा है कि क्या देश की शिक्षा व्यवस्था ने आपको वह भविष्य दिया, जिसका वादा किया था। बिल्कुल नहीं, यह देशभर के करोड़ों छात्रों का जवाब है। इससे पहले राहुल ने जानकारी दी है कि ह्यछात्रों की गूंजह्न के माध्यम से मैं अलग-अलग शहरों में आपसे मिलकर आपकी चुनौतियां समझ रहा हूं।

बेंगलुरु पुलिस ने मजदूरी कर रहे 503 बच्चे छुड़ाए

बेंगलुरु। बेंगलुरु में शनिवार को बाल मजदूरी रोकने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में 503 बच्चों को छुड़ाया गया। शहर के 12 पुलिस डिविजन की टीमों ने 5,897 जगहों की जांच की। इस दौरान बच्चों से काम कराने वाले दुकानदारों के खिलाफ 18 मामले दर्ज किए गए। यह अभियान शहर के पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह के निर्देश पर चलाया गया। इसका उद्देश्य बाल मजदूरी रोकना और काम कर रहे बच्चों को पहचानकर छुड़ाना था। वठक्कएत्र का दावा है भारत में अभी भी बाल मजदूरी के 18 लाख से ज्यादा मामले हैं।

दो दिवसीय वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की भारत की अध्यक्षता में शुरूआत

सुरक्षा परिषद में भारत व ब्राजील को शामिल करने का समर्थन

ब्रिक्स देशों ने साझा घोषणापत्र जारी किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की अध्यक्षता में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शनिवार को 140 बिंदुओं वाला नई दिल्ली घोषणा पत्र जारी किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के पुनर्गठन की मांग करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधार, एकतरफा दंडात्मक व्यापारिक प्रतिबंधों को समाप्त करने, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व में असमानता दूर करने और संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद पर महिला एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व की जरूरत पर जोर दिया गया। वीटो पावर वाले चीन और रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत तथा ब्राजील की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। ब्रिक्स देशों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस, सीमा पार आतंकवाद और आतंक के वित्तपोषण के खिलाफ कार्रवाई तथा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र के व्यापक सम्मेलन को जल्द अपनाने की भी अपील की गई।

भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स नेताओं ने वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, क्षेत्रीय संघर्षों और ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और वैश्विक व्यापार व्यवस्था को मौजूदा आर्थिक और राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाने की बात कही गई है। घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र भ्सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार के आह्वान को दोहराते हुए अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की जरूरत बताई गई। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के चयन के संदर्भ में भी अधिक समावेशी और संतुलित क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर जोर दिया गया। घोषणापत्र में कहा गया कि अब तक कोई महिला संयुक्त राष्ट्र महासचिव नहीं बनी है, जबकि लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्र से केवल एक तथा अफ्रीका और एशिया से दो-दो नागरिक इस पद पर रह चुके हैं। ब्रिक्स देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत लगाए जाने वाले एकतरफा दंडात्मक उपायों और आर्थिक तथा द्वितीयक प्रतिबंधों की निंदा की। बयान में कहा गया कि इनका असर आम आबादी के मानवाधिकार, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और विकास के अधिकार पर पड़ता है तथा गरीब और कमजोर वर्ग अधिक प्रभावित होते हैं। ब्रिक्स ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बिना लगाए गए ऐसे प्रतिबंधों सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत सभी एकतरफा दंडात्मक उपायों को समाप्त करने की मांग की। व्यापार के मोर्चे पर नेताओं ने गैर-टैरिफ बाधाओं और भेदभावपूर्ण कार्बन शुल्कों पर चिंता जताई तथा वैश्विक व्यापार व्यवस्था को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। सीमा पार भुगतान व्यवस्था को बेहतर बनाने, स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने और ब्रिक्स भुगतान कार्यबल की प्रगति का स्वागत किया गया। वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए ब्रिक्स ग्रेन एक्सचेंज स्थापित करने की दिशा में हुई प्रगति की भी जानकारी दी गई। नए विकास बैंक के काम की सराहना करते हुए बुनियादी ढांचे और सतत विकास के वित्तपोषण को बढ़ाने पर जोर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय विवादों के समाधान के लिए ब्रिक्स ने संवाद, निवारक कूटनीति और मध्यस्थता को महत्वपूर्ण साधन बताया। संबंधित पक्षों की सहमति के आधार पर संघर्षों की रोकथाम और शांति प्रक्रियाओं में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई गई। महिलाओं की शांति और सुरक्षा में भागीदारी को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1325 और उसके बाद के प्रस्तावों को लागू करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। शांति और सुरक्षा से जुड़ी निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की पूर्ण, समान और सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

'ग्लोबल साउथ' को नियम तय करने वाला बनना होगा : पीएम

नइ दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरूआत करते हुए कहा कि विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए 'ग्लोबल साउथ' को नियमों का पालन करने वाले के बजाय 'नियम तय करने वाला' बनना होगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है और यह गुट किसी के विरुद्ध नहीं है। उनके इस बयान को अमेरिका और अन्य पश्चिमी शक्तियों के लिए एक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ग्लोबल साउथ वैश्विक संकटों में पहली पंक्ति में खड़ा है, लेकिन निर्णय लेने की प्रक्रिया में वह सबसे पीछे की पंक्ति में है। हमें इस 'विशेषाधिकार के पिरामिड' को 'साझेदारी के मंच' में बदलना होगा। उन्होंने कहा कि एक ऐसा मंच हो जहां हर देश की आवाज हो, इसके अलावा हर सदस्य की हिस्सेदारी हो और हर प्रयास के केंद्र में मानवता का विकास हो।

सीतामढ़ी में जिला पार्षद पति की गोली मार हत्या

पुलिस पर पथराव, 3-4 पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त

सीतामढ़ी (एनएसबी)। डुमरा थाना क्षेत्र के केथरिया गांव में शनिवार सुबह जिला परिषद सदस्य दिलखुश देवी के पति बैद्यनाथ महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुबह करीब 6:30 बजे टहलने निकले बैद्यनाथ महतो पर अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। खास बात यह है कि हत्या से तीन दिन पहले ही सैकड़ों ग्रामीणों ने डुमरा थाना पहुंचकर 28 अगस्त को हुई कथित गोलीबारी के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में बैद्यनाथ महतो के बयान पर 29 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस वाहनों पर पथराव किया, जिसमें तीन-चार सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हुए और दो पुलिस पदाधिकारी जख्मी हो गए। कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में थानाध्यक्ष और संबंधित कांड के अनुसंधानकर्ता को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एवं सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

दो पुलिस जख्मी, थानाध्यक्ष व अनुसंधानकर्ता निलंबित

तीन दिन पहले हुआ था प्रदर्शन : बताया जाता है कि हत्या से तीन दिन पूर्व सैकड़ों ग्रामीणों ने डुमरा थाना पहुंचकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया था। ग्रामीण 28 अगस्त को जिला पार्षद के आवास पर हुई कथित गोलीबारी के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, इसी मामले में 29 अगस्त को बैद्यनाथ महतो के बयान पर त्रिभुवन कुमार, मो. एजाज अहमद, मो. एहसान अहमद समेत अन्य अज्ञात के विरुद्ध जान से मारने की नीयत से गोली चलाने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई के दौरान एक आरोपित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था, जबकि अन्य आरोपितों के विरुद्ध वारंट लेने की प्रक्रिया चल रही थी।

लापरवाही पर दो निलंबित

पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में संबंधित थानाध्यक्ष और उक्त कांड के अनुसंधानकर्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। वरीय पुलिस अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। पुलिस के अनुसार फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है।

दिल्ली में नए वोटर आवेदन 2.56 लाख हुए पार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में एसआईआर प्रक्रिया के तहत नए वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए 2,56,042 आवेदन मिले हैं। यह आंकड़ा 13 जिलों का है। इन आवेदनों में 30 अगस्त तक मिले 2,12,400 फॉर्म-6 और 31 अगस्त से 11 सितंबर के बीच मिले 43,642 आवेदन शामिल हैं। एसआईआर ड्राफ्ट रोल पर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर है। इनका निपटारा 31 अक्टूबर तक होगा और अंतिम मतदाता सूची 4 नवंबर को जारी की जाएगी। चुनाव आयोग के जारी आंकड़ों के मुताबिक, पश्चिम जिले में नए वोटर रजिस्ट्रेशन के सबसे ज्यादा 34,249 आवेदन मिले। इनमें 30 अगस्त तक 28,820 और 31 अगस्त से 11 सितंबर के बीच 5,429 आवेदन आए। दक्षिण-पूर्व जिले में 29,168 और उत्तर-पूर्व जिले में 28,349 फॉर्म-6 आवेदन मिले। नई दिल्ली जिले में सबसे कम 3,254 आवेदन दर्ज किए गए।

RJD प्रत्याशियों के एलान के बाद बिफरी कांग्रेस

MLC चुनाव में सभी 8 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी कांग्रेस

पटना (एनएसबी)। बिहार में कांग्रेस महागठबंधन से आधिकारिक तौर पर अलग हो सकती है। विधान परिषद की आठ सीटों के चुनाव से पहले कांग्रेस और राजद का वर्षों पुराना रिश्ता खत्म होने की संभावना से इंकार नहीं किया सकता है। राजद से अलग कांग्रेस विधान परिषद की सभी 8 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सकती है। जबकि राजद पहले ही 6 सीटों पर अपने उम्मीदवार का सूची शुक्रवार को जारी कर चुकी है।

राजद 6 सीटों पर कर चुकी है घोषणा

कांग्रेस प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने बताया कि राजद की तरफ से 6 उम्मीदवार की घोषणा कर दी गई। एक बार भी इस पर कांग्रेस की राय नहीं ली गई। ऐसे में गठबंधन बचा कहां है। हालांकि राजद अभी भी दो सीट बचा कर रखी है। इसमें एक कोसी शिक्षक और दूसरी दरभंगा शिक्षक की सीट है। दरभंगा शिक्षक सीट से अभी कांग्रेस नेता मदन मोहन झा एमएलसी हैं। हालांकि राजद की ओर से जारी सूची में ये लिखा गया है कि पार्टी इन सीटों पर फिलहाल विचार कर रही है।

राजद का सूची जारी होने के बाद कांग्रेस की टॉप लीडरशिप सभी 8 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में जुट गई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को स्टेट हेडक्वार्टर में कांग्रेस के संभावित कैंडिडेट का इंटरव्यू लिया है। हालांकि नाम को अभी डिस्क्लोज नहीं किया।

बिहार के कद्दावर नेता अब्दुल जलील मस्तान का निधन

पूर्णिया (एनएसबी)। सीमांचल की राजनीति के कद्दावर नेता, अमौर के पूर्व विधायक और बिहार के पूर्व उत्पाद व निबंधन मंत्री अब्दुल जलील मस्तान का नई दिल्ली स्थित एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर आते ही पूर्णिया समेत पूरे सीमांचल और कांग्रेस समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई है। अब्दुल जलील मस्तान कांग्रेस के कद्दावर चेहरों में गिने जाते थे। उन्होंने अमौर विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक के रूप में जनता का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2015 में बनी महागठबंधन सरकार में उन्हें उत्पाद, मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग का मंत्री बनाया गया था। उन्हीं के कार्यकाल में वर्ष 2016 में बिहार में ऐतिहासिक पूर्ण शराबबंदी कानून लागू किया गया था, जिसकी पूरी जिम्मेदारी उनके विभाग के कंधों पर थी। एम्स में अंतिम सांस लेने के बाद अब उनके पार्थिव शरीर को उनके गृह क्षेत्र लाने की तैयारी की जा रही है।

हाजीपुर में भाजयुमो जिलाध्यक्ष के घर पर अंधाधुंध फायरिंग

बाइक सवार बदमाशों ने 10 से अधिक राउंड गोलियां चलाईं

पुलिस ने 10 खोखे बरामद किए

हाजीपुर (एनएसबी)। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत अदलपुर में हिंदू पुत्र संगठन के संरक्षक सह भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजीव ब्राह्मर्षि के घर पर बाइक सवार बदमाशों ने कई राउंड गोलियां चलाईं। गनीमत रही कि इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। गोली के निशान मुख्य गेट और खिड़की पर मिला है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को एक बाइक पर सवार दो बदमाश राजीव ब्राह्मर्षि के घर पर पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक बदमाशों ने करीब 10 राउंड से अधिक गोलियां चलाईं। गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका गूंज उठा। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना घरवालों और स्थानीय लोगों ने सदर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से 10 खोखा बरामद किया है। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा खुद घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने थानाध्यक्ष को जल्द बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तारी का निर्देश दिया है। पुलिस घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल के पश्चात बदमाशों के भागने की दिशा में छापेमारी कर रही है।

हनुमान मंदिर का करवाया था निर्माण : बताया जाता है कि राजीव ब्राह्मर्षि स्थानीय लोगों के सहयोग से लगातार धार्मिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। उनके द्वारा सदर थाना क्षेत्र के महुआ मोड़ के पास हनुमान मंदिर का भव्य निर्माण करवाया गया है।

पटना : सेक्स रैकेट में चार युवतियां व एक युवक धराए

पटना (एनएसबी)। राजधानी के राजीव नगर थाना क्षेत्र के घुड़दौड़ इलाके में स्थित गणपति गेस्ट हाउस में पुलिस ने सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। जी+4 गेस्ट हाउस में सभी फ्लोर पर सेक्स रैकेट चल रहा था। सूचना पर पटना पुलिस और एसएसपी सेल की एसआईयू टीम ने छापेमारी की। यहां से 4 युवती और 1 युवक को पकड़ा गया है। कंडोम जैसे आपत्तिजनक सामान भी मिले हैं। पकड़े गए युवक और युवतियों को पुलिस राजीव नगर थाने पर ले जाकर पूछताछ कर रही है। वहीं, कार्रवाई के दौरान गेस्ट हाउस के कर्मी और ऑनर फरार हो गए। इनके साथ कुछ युवक भी पीछे के दरवाजे से भागने में सफल रहे। एसडीपीओ-2 लॉ एंड ऑर्डर सुषमा सागर ने कहा कि पिछले लगभग 6 महीने से यहां संदिग्ध गतिविधियां चल रही थी। 2 महीने से एसआईयू की टीम रंगे हाथ पकड़ने के फिराक में थी। आज सूचना मिली कि गेस्ट हाउस के कमरे में कुछ युवक और युवतियां मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर एसआईयू की टीम पहुंचीं।

मोकामा जंक्शन पर 45 मिनट तक रुकी रही अमृतसर एक्सप्रेस, यात्री को ब्रेन हेमरेज, ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर मिली गायब

मोकामा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। अमृतसर एक्सप्रेस के (एस2) बोगी में पत्नी संध्या विश्वास के साथ यात्रा कर रहे यात्री सुबल विश्वास की तबीयत बाढ़ के पास अचानक बिगड़ गई। ट्रेन जैसे ही मोकामा जंक्शन के प्लेटफर्म नंबर एक पर पहुंची, उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया। इस कारण अमृतसर एक्सप्रेस मोकामा स्टेशन पर करीब 45 मिनट तक रुकी रही। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और यात्री को प्राथमिक उपचार के लिए मोकामा ट्रमा सेंटर में भर्ती कराया।

ट्रामा सेंटर में ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर गायब थीं। करीब एक घंटे बाद ट्रमा सेंटर के प्रभारी डा. वैद्यनाथ शर्मा पहुंचे और प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को पटना हायर सेंटर रेफर कर दिया। डा शर्मा ने बताया कि शनिवार को ड्यूटी डा आरती की थी, जो काफी लेट आईं, जिसके कारण मरीज को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मामले में श-कज किया गया है और विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई है।

शिक्षा मंत्री 14वें शिक्षक सम्मान समारोह का 27 को करेंगे उद्घाटन

दैनिक नवसंदेश

पटना। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी 27 सितंबर को पटना के रविन्द्र भवन में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में है 14वे शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर बिहार के 3000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित करेंगे । यह जानकारी प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने दी।

श्री शमायल अहमद ने बताया के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से उनके सरकारी आवास में भेंट कर बिहार के निजी विद्यालयों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, प्रशासनिक कठिनाइयों तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुढ़ और प्रभावी बनाने के उपायों पर विस्तारपूर्वक सकारात्मक चर्चा भी हुई।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शिक्षा मंत्री को निजी विद्यालयों की प्रमुख समस्याओं एवं मांगों से संबंधित विस्तृत मांग-पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा कि बिहार के छोटे एवं मध्यम निजी विद्यालय सीमित संसाधनों के बावजूद लाखों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही ये विद्यालय रोजगार सृजन तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में भी महवपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

मांग-पत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी विद्यालयों की वर्षों से लंबित प्रतिपूर्ति राशि का शीघ्र एवं एकमुश्त भुगतान करने तथा बढ़ती महँगाई, शिक्षकों के वेतन और विद्यालय संचालन की लागत को देखते हुए प्रति विद्यार्थी प्रतिपूर्ति दर में उचित वृद्धि करने की मांग प्रमुखता से रखी गई।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से मिले सैयद शमायल अहमद, निजी विद्यालयों की समस्याओं के समाधान हेतु सौंपा मांग-पत्र।

एसोसिएशन ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 से लंबित आरटीई प्रविष्टियों के लिए पोर्टल पुनः खोलने तथा आरटीई नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और विद्यालय-अनुकूल बनाने का भी अनुरोध किया। इसके साथ ही जिला स्तर पर अनावश्यक हस्तक्षेप, विलंब और विद्यालयों के उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं प्रभावी शिकायत-निवारण व्यवस्था लागू करने की मांग की गई।

मान्यता एवं नवीनीकरण की जटिल प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए सैयद शमायल अहमद ने इसे पूर्णतः ऑनलाइन, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आवश्यक दस्तावेजों की स्पष्ट सूची जारी की जाए और विद्यालयों को अलग-अलग कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर प्रभावी 'सिंगल विंडो सिस्टम' स्थापित किया जाए।

मांग-पत्र में यू-डायस प्लस, अपार आईडी, ई-शिक्षा कोष, आधार सत्यापन एवं अन्य ऑनलाइन शिक्षा पोर्टलों के एकीकरण का सुझाव भी दिया गया। एसोसिएशन ने कहा कि एक ही जानकारी बार-बार भरने से विद्यालयों पर अतिरिक्त कार्यभार पड़ता है। इसलिए तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिला स्तर पर सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए।

विद्यार्थियों के हित में कक्षा द्वितीय से अष्टम तक ऑनलाइन नामांकन के लिए पर्याप्त समय देने तथा जन्मतिथि, आधार संख्या, माता-पिता के नाम एवं अन्य विवरणों में वास्तविक त्रुटियों को प्रमाण-पत्रों के आधार पर सुधारने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई।

स्कूल बसों के संबंध में एसोसिएशन ने कहा कि उनका संचालन बच्चों की सुरक्षा एवं शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए होता है। इसलिए स्कूल बसों को सामान्य व्यावसायिक वाहनों से अलग श्रेणी में रखते हुए फिटनेस, परमिट, कर एवं अन्य प्रक्रियाओं के लिए सरल, सुरक्षित और व्यावहारिक परिवहन नीति बनाई जाए।

निजी विद्यालयों से संबंधित नीतिगत निर्णयों के लिए शिक्षा विभाग और विद्यालय संगठनों की संयुक्त स्थायी परामर्श समिति गठित करने की मांग रखी गई। शिक्षा मंत्री ने सभी मांगों एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना और निजी विद्यालयों की न्यायोचित समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

खबरें : खास-खास

हैदराबाद में वरिष्ठ पत्रकार देवकुमार पुखराज को मिला पं. सदाशिव शर्मा स्मृति पुरस्कार

हैदराबाद / पटना (दैनिक नवसंदेश)। हैदराबाद के बशीरबाग स्थित प्रेस क्लब भवन में शनिवार को आयोजित समारोह में पत्रकार डा. देवकुमार पुखराज को पंडित सदाशिव शर्मा स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और तेलंगाना के सह प्रभारी सचिन सावंत ने शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर डा. पुखराज का सम्मान किया। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस भाषाई अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ और हैदराबाद हिंदी जर्नलिस्ट सोसाइटी ने हिंदी दिवस के मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया था।

डा. देव कुमार पुखराज, मूलत : बिहार के आरा के रहने वाले हैं और पिछले डेढ़ दशक से हैदराबाद में रहकर पत्रकारिता करते है। पिछले तीन दशक की पत्रकारिता यात्रा में डा देवकुमार पुखराज ने मीडिया की तीनों विधाओं, प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल में विभिन्न स्तरों पर कार्य किया है। नब्बे के दशक में दैनिक आज से शुरू हुआ पत्रकारिता का सफर आर्यावर्त और दैनिक जागरण होते हुए ईटीवी नेटवर्क और न्यूज 18 तक जारी रहा। डाक्टर पुखराज ने जिला संवाददाता, ईटीवी में रिपोर्टर, ब्यूरो चीफ, शिफ्ट इंचार्ज और डेस्क इंचार्ज जैसे दायित्व निभाए। वे विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में समसामयिक और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर लगातार लेखन करते रहे हैं।

पत्रकार डा. देवकुमार पुखराज को पंडित सदाशिव शर्मा स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए समय समय पर इन्हें कई अवार्ड और सम्मान भी मिले। पत्रकारिता के लिए उदयपुर में 'श्रीफल पत्रकारिता पुरस्कार', राजभाषा संवर्धन के लिए केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह के हाथों दिल्ली में 'हिंदी शिखर सम्मान' और बिहार के राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत हो चुके हैं। संप्रति, वे भारत सरकार के राजभाषा सलाहकार और हिंदुस्थान समाचार में विशेष संवाददाता (आंध्रप्रदेश और तेलंगाना) के तौर पर अपनी सेवा दे रहे हैं।

हैदराबाद में शनिवार को हुए हिंदी दिवस समारोह में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बी़ महेश कुमार गौड़, तेलंगाना सरकार के सलाहकार और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वी़ हनुमंत राव, एआईसीसी सेक्रेटरी एंड टीपीसीसी के को-इंचार्ज सचिन सावंत समेत बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों के कर्ताधर्ता, साहित्यकार, पत्रकार, बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

इस मौके पर साहित्यकार डा ऋषभदेव शर्मा को विनयवीर स्मारक पुरस्कार और कवि मनोजर कोसंदर को स्व़ विद्यारण्य हरिबेल्के स्मृति पुरस्कार से नवाजा गया। अतिथियों का स्वागत भाषाई कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल और हिंदी जर्नलिस्ट सोसाइटी हैदराबाद के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन जाने माने कवि नंद गोपाल भट्ट़ ने किया।

खबरें : एक नजर में

पीडब्ल्यूसी की दो छात्राएं बनीं गूगल स्टूडेंट ब्रांड एंबेसडर, देशभर के एक हजार विद्यार्थियों में से भावना, तस्मिया का हुआ चयन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना वीमेंस कॉलेज (पीडब्ल्यूसी) की दो छात्राओं ने गूगल में अपनी जगह बनाते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग विभाग की छात्रा भावना आनंद और तस्मिया अरशद को गूगल ने वर्ष 2026 के लिए स्टूडेंट

एंबेसडर३ चुना है। दोनों छात्राएं देशभर के एक हजार विद्यार्थियों में शामिल हो गई हैं, जो गूगल के साथ एसोसिएट होकर काम करेंगी। अब एंबेसडर बनने के बाद इनकी जिम्मेदारी होगी कि वे अपने कैंपस में अन्य छात्र-छात्राओं को गूगल की नई-नई तकनीकों से रूबरू कराएं। इन तकनीकों में गूगल जेमिनी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिवर्स इमेज सर्च जैसे टूल्स शामिल हैं। गूगल जिन भी तकनीकों पर काम कर रहा है, उन पर ये छात्राएं वर्कशप करेंगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी तकनीक की दुनिया से जुड़ सकें। गूगल ने इन दोनों छात्राओं को विशेष किट भी भेजी है, जो इस कार्यक्रम का हिस्सा है। इस चयन से न सिर्फ कैंपस में तकनीकी जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि नौकरी के अवसरों में भी इनको लाभ मिल सकता है। गूगल के साथ काम करने का खास फायदा छात्राओं को उनकी नौकरी में मिलेगा। रिज्यूमे में गूगल के साथ काम करने को लेकर वेटेज मिलेगा।भावना और तस्मिया के साथ कलेज की प्राचार्य डा सिस्टर एम रश्मि एसी। गूगल की तकनीक बताएंगीदोनों छात्राएं कैंपस में छात्राओं को गूगल की नई तकनीक से अवगत कराएंगी। हर साल गूगल स्टूडेंट ब्रांड एंबेसडर के लिए आवेदन मांगता है। जिसमें वैसे छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं जो स्नातक तक कर रहे और जिनके अंदर अत्याधुनिक तकनीक सीखने का जज्बा है।

इको पार्क के पास पेड़ की टहनी गिरने से बाइक सवार जख्मी, यातायात पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

पटना / एसएनबी। इको पार्क के पास एक हादसे में बाइक सवार आशीष पाठक निवासीरू मोती चौक, खगौल, के ऊपर पेड़ की टहनी अचानक गिर गई। इस दुर्घटना में उनका हाथ टूट गया और पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पटना ट्रैफिक पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल मदद पहुंचाई। पीड़ित की इच्छा के अनुसार, ट्रैफिक पुलिस द्वारा उन्हें बोरिंग रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जनसुविधा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, पटना, जिला परिवहन कार्यालय, पटना एवं यातायात पुलिस, पटना के

संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर वन टाइम ट्रैफिक चालान निपटान योजना का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी, पटना एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा किया गया। इस पहल का उद्देश्य लंबित यातायात चालानों के सरल, सुगम एवं त्वरित निपटारे के माध्यम से आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करना तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदार नागरिक व्यवहार को प्रोत्साहित करना है।

विभागीय जांच में 44.85 लाख के भुगतान का दावा निकला फर्जी, एआई जेनरेटेड था बिल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कटिहार जिले के प्राणपुर प्रखंड स्थित नया प्राथमिक विद्यालय, दीघापार के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित 44. 85 लाख रुपये के भुगतान से जुड़ी खबर को जांच में भ्रामक और तथ्यहीन पाया गया है। सोशल मीडिया पर विद्यालय चोरी होने और 44. 85 लाख रुपये के भुगतान से संबंधित एक बिल प्रसारित किया जा रहा था। कटिहार के डीईओ कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों की जांच में यह बिल एआई जेनरेटेड और असत्य पाया गया। इस बिल से संबंधित कोई प्रामाणिक कार्यालयी अभिलेख उपलब्ध नहीं है। कटिहार के डीएम के निर्देश पर डीईओ एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने 10 सितम्बर को नया प्राथमिक विद्यालय, दीघापार का स्थलीय निरीक्षण किया। जांच के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से भी इस संबंध में जानकारी और प्रमाण मांगे गए, लेकिन किसी ग्रामीण द्वारा 44. 85 लाख रुपये के भुगतान से संबंधित कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि यह विद्यालय भवनहीन है। विद्यालय भवन के संबंध में कटिहार के डीईओ कार्यालय द्वारा पूर्व में ही 30 जुलाई को प्राथमिक शिक्षा के निदेशक को प्रतिवेदन भेजा जा चुका है। दस्तावेजों और स्थलीय जांच के आधार पर सोशल मीडिया पर प्रसारित 44.85 लाख रुपये के भुगतान संबंधी खबर और बिल तथ्यहीन एवं भ्रामक पाया गया।

बाढ़ पीड़ितों के बीच बांटी गई राहत सामग्री

सोनपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। सेवा समर्पित फाउंडेशन और राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं महिला कल्याण संस्थान की ओर से वैशाली जिले में विगत तीन दिनों से बाढ़ पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री,कपड़े एवं सेनेटरी पैड का वितरण किया जा रहा है।इसी कड़ी में तीसरे दिन शुक्रवार को वैशाली जिले के कंचनपुर पंचायत के वार्ड संख्या- 9 में बाढ़ पीड़ित परिवारों को संस्था की ओर से सहायता प्रदान की गई। संस्था कंचनपुर गांव में बाढ़ के पानी में एक महिला की डूब जाने से मौत को लेकर मामला बहुत संवेदनशील रही।जहां पीड़ित परिवार को सहायता के साथ आश्वासन दिया गया कि संस्था द्वारा जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि दिलाई जाएगी।राहत वितरण कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार, राष्ट्रीय सचिव सोनल कुमारी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बबीता सिंह, राष्ट्रीय युवा सचिव राहुल शर्मा,बिहार काउंसलर सुनीता कुमारी, मनोज कुमार सिंह, काउंसलर रूबी तरन्नुम, बिहार युवा उपाध्यक्ष आयुष कुमार सहित कई सदस्य शामिल थे।

बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण करते संस्था के सदस्य।

जयंती-मास समापन पर गोपाल सिंह नेपाली की जीवन-गाथा पर छात्र-संगोष्ठी आयोजन

पीएम श्री बालिका इंटर विद्यालय में प्रधानाध्यापक श्रीमती श्वेता कुमारी सिंह की अध्यक्षता में शब्दयात्रा भागलपुर के आह्वान पर राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली जयंती-मास समापन पर उनकी जीवन-गाथा पर छात्र-संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सबौर/ भागलपुर (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय पीएम श्री बालिका इंटर विद्यालय में प्रधानाध्यापक श्रीमती श्वेता कुमारी सिंह की अध्यक्षता में शब्दयात्रा भागलपुर के आह्वान पर राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली जयंती-मास समापन पर उनकी जीवन-गाथा पर छात्र-संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

हिन्दी प्राध्यापिका मीता भारती एवं श्वेता कुमारी के संयुक्त संचालन में संगोष्ठी की प्रतिभागी मानसी कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा कुमारी ने हिमालय और हम का पाठकर हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता का शानदार चित्रण प्रस्तुत किया।

अन्य छात्राओं में राधिका कुमारी, रिशु कुमारी, बुसरा, लक्की कुमारी, मानसी कुमारी, शिवानी झा, खुशी कुमारी, सिमरण कुमारी, साक्षी कुमारी, अंकिता शर्मा, आकांक्षा कुमारी, रानी कुमारी, जया श्रुति, पूजा शर्मा, माही कुमारी, विद्या कुमारी, दिव्या भारती, पूनम कुमारी, नाज फातिमा, तसफिया खातुन, रिमझिम कुमारी, वर्षा कुमारी ने एकल और सामूहिक रूप से राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली के अनेक मर्मस्पर्शी कविता एवं गीतों को गा-सुनाकर संपूर्ण माहौल को काव्यमय बना दिया।

जयंती-मास समापन समारोह में निर्मला कुमारी, रूबी कुमारी, अंजली कुमारी तथा डा अब्दुस सलाम की गरिमामयी उपस्थित रही।

69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेंगे बिहार विधान सभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार 13 से 18 सितंबर 2026 तक दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजित 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए पटना से रवाना होंगे। वे नई दिल्ली से केपटाउन के लिए रवाना होंगे। सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के पीठासीन पदाधिकारी संसदीय लोकतंत्र, सुशासन तथा समसामयिक वैश्विक चुनौतियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान अध्यक्ष डा प्रेम कुमार संसदीय नेतृत्व की भूमिका एवं विशेषकर जलवायु अनुकूलन एवं आपदाओं के प्रति संसदीय स्तर पर लचीलापन बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेंगे। साथ ही विभिन्न देशों के पीठासीन पदाधिकारियों एवं संसदीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद एवं अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे। केपटाउन सम्मेलन के पश्चात अध्यक्ष 20 से 24 सितंबर तक सिडनी (अस्ट्रेलिया), 24 से 27 सितंबर तक ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) तथा 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान संबंधित देशों की संसदों का भ्रमण, पीठासीन पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात तथा भारतीय समुदाय से संवाद प्रस्तावित है। अध्यक्ष की इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा का उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र एवं विधायी कार्यप्रणाली के क्षेत्र में विभिन्न देशों के अनुभवों का आदान-प्रदान, अंतर-संसदीय संबंधों को मजबूत करना तथा वैश्विक चुनौतियों के समाधान में संसदीय संस्थाओं की भूमिका को समझना है। बिहार विधान सभा के प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह अध्यक्ष के सहयोगार्थ इस अंतरराष्ट्रीय दौरे में आधिकारिक रूप से उनके साथ रहेंगे।

डा. प्रेम कुमार ।

डा. लोहिया के समाजवादी विचारधारा के मजबूत स्तंभ रहे हैं तुलसीदास मेहता : तेजस्वी

तुलसीदास मेहता जी के जीवन काल और उनके संस्मरण को पुस्तक के रूप में संकलित कर प्रकाशित किया जाएगा : आलोक

पटना (दैनिक नवसंदेश)। समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री तुलसीदास मेहता की 7 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी याद में तुलसीदास मेहता समाजवादी समता संगठन की ओर से पटना के बाबू जगजीवन राम संसदीय एवं राजनीतिक शोध संस्थान में स्मृति सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन अरविन्द कुमार सहनी ने की।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि तुलसीदास मेहता समाजवादी विचारधारा के साथ सादगी के प्रतीक , कार्यकर्ताओं के प्रति बेहतर सोच रखने वाले ईमानदारी से अपने कर्तव्यों के प्रति मजबूती के साथ समाज और राज्य के हित में कार्य किया है। इनके सादगी वाली जिदगी, समाजवादी विचारधारा और सोच के हमेशा कायल रहा , मुझे जैसे ही इस कार्यक्रम की जानकारी मिली मैं अपने आप को स्मृति सभा में आने से नहीं रोक सका, जबकि आप सभी को पता है कि लगातार पार्टी के संगठन की बैठक चल रही है और उस बैठक के बीच ही श्रद्धांजलि देने के लिए आप सभी के बीच आया हूं। हम सभी उनके विचारों और आदर्श को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लें। उनके सादगी और समाजवादी सोच को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव।

इस अवसर पर उनके सुपुत्र और पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने उनके राजनीतिक सामाजिक जीवन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तुलसीदास मेहता के जीवनी को और लोकतांत्रिक मूल्यों में उनके किए गए कार्यो को संकलित करके एक पुस्तक छपवा कर उनके जीवनकाल में किए गए कार्यो को प्रकाशित किया जाएगा जिससे कि सभी को जानकारी मिल सके। इसके लिए उनके साथ काम करने वालों से उनके संस्मरण को भी साझा करने की अपील की। इन्होंने सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ,राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डा रामचंद्र पुर्वे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पुर्व केंद्रीय मंत्री डा कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, अली अशरफ फातमी ,पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम, विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक प्रेमा चौधरी, डा मुकेश रौशन, रोमा भारती, उपेंद्र पासवान, चितरंजन गगन, मधु मंजरी,डा अनवर आलम, भाई दिनेश, फैयाज आलम कमाल ,हरेंद्र कुशवाहा, निर्भय अंबेडकर, जवाहर शाह, फैज अहमद ,संजय यादव, कुमर राय, उपेंद्र चंद्रवंशी, गुड्डू यादव, वैधनाथ चंद्रवंशी, राजदेव राय, प्रदीप मेहता,सैकड़ो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तुलसीदास मेहता जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा ने जीपी का पदभार ग्रहण किया, बधाइयों का लगा ताँता

सनातनियों, अधिवक्ताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता और बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा को बिहार सरकार द्वारा हाई कोर्ट में जीपी-21 बनाया गया । महाधिवक्ता कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी जटा शंकर झा के समक्ष नए मनोनीत जीपी-21 के तौर पर अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा ने शुक्रवार को अपना विधिवत् पदभार ग्रहण किया । श्री मिश्र के पदभार ग्रहण करने के उपरांत बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, कैट पटना बेंच के सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल तारकेश्वर नाथ ठाकुर, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा, कुम्हरार के विधायक संजय कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा, वरीय अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह, एडवोकेट्स एसोसिएशन पटना हाई कोर्ट के सेक्रेटरी जेनरल जय शंकर प्रसाद सिंह, संयुक्त सचिव दीपक कुमार सिंह चौहान , पूनम कुमारी तिवारी, एडवोकेट गोपाल बोहरा, विनय कुमार पाण्डेय, अजीत कुमार शुक्ला, विनय कुमार, सुधीर कुमार सिंह अमरीश कुमार, अधिवक्ता आशीष कुमार सिन्हा, निरंजन कुमार, भाजपा नेता हरजीत सिंह, बिपिन भारती, रत्नेश आनंद, सनातन चेतना परिषद् के अध्यक्ष मनीष कुमार शुक्ला , सचिव विंध्याचल पाठक, शिक्षिका श्रीमती आरती पाण्डेय, रणजीत प्रसाद, गोविन्द झा, रवि कांत पांडेय, भाजपा संतोष मंडल अध्यक्ष राजू सिन्हा, अधिवक्ता चंदकांत कुमार, अधिवक्ता अंकुश राज, भाजपा नेता डा संजय सहाय , धनमन पाठक, वैष्णवी मिश्रा, अनमोल कुमार मिश्रा समेत हजारों लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी ।

महाधिवक्ता कार्यालय में डिप्टी सेक्रेटरी जटा शंकर झा के समक्ष नए मनोनीत जीपी-21 के तौर पर अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा ने शुक्रवार को अपना विधिवत् पदभार ग्रहण किया ।

बिहार की लोक-संवेदना, सांस्कृतिक स्मृति और स्त्री के आत्मसम्मान को केंद्र में रखकर तैयार किया गया नाट्य-प्रयोग 'सीता माई' का मंचन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार की लोक-संवेदना, सांस्कृतिक स्मृति और स्त्री के आत्मसम्मान को केंद्र में रखकर तैयार किया गया नाट्य-प्रयोग 'सीता माई' का मंचन 12 सितंबर 2026 को शाम 6 : 30 बजे प्रेमचंद रंगशाला, पटना में किया गया। इस नाटक की प्रस्तुति नटवांगम् नवादा द्वारा तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से की गई। नाटक का आलेख, परिकल्पना एवं निर्देशन रजनीश कुमार ने किया है। 'सीता माई' एक ऐसी रंगयात्रा है, जिसमें लव-कुश के माध्यम से माता सीता की खोज की जाती है। यह खोज केवल किसी स्थान या भूगोल में सीता को ढूँढने की नहीं, बल्कि उन असंख्य भावों और स्मृतियों में सीता को तलाशने की है, जिन्हें भारतीय लोक और साहित्य ने सदियों से अपने भीतर सँजोकर रखा है। नाटक का कथानक उस बिंदु से आगे बढ़ता है, जहाँ राजधर्म के कठोर निर्णय के बाद सीता का वनवास होता है। राम अयोध्या में राजसिंहासन, प्रजा और राजधर्म के बीच रह जाते हैं, जबकि सीता वन में अपने जीवन की एक नई यात्रा शुरू करती हैं। दोनों के बीच दूरी है, लेकिन स्मृतियों और प्रेम का संबंध बना रहता है। नाटक इसी राम-सीता के विरह को एक मानवीय और संवेदनशील धरातल पर देखता है। लव-कुश जब रामकथा को गाते हुए आगे बढ़ते हैं, तो उन्हें महसूस होता है कि जिस कथा को वे संसार को सुना रहे हैं, उसके बीच कहीं उनकी अपनी माँ की अनकही कथा छूट गई है। यहीं से उनकी यात्रा राम की कथा सुनाने से बदलकर सीता की खोज की यात्रा बन जाती है। इस खोज में वाल्मीकि और तुलसीदास जैसे महाकवियों से लेकर गाँव-गाँव और घर-घर के अनगिनत लोककवियों द्वारा रची गई सीता की भावमूर्तियाँ सामने आती हैं। विवाह गीतों, लोकगीतों, रामलीला, रामायण पाठ और लोक परंपराओं में जीवित सीता को नाटक एक-एक गीत, काव्य, कथा और लीला के माध्यम से मंच पर पुनः रचता है। निर्देशक रजनीश कुमार के अनुसार, 'सीता माई' किसी एक सीता को स्थापित करने का प्रयास नहीं है। यह उन तमाम सीताओं की खोज है, जो हमारे लोक, स्मृति और संवेदना में अलग-अलग रूपों में जीवित हैं। राम और सीता का विरह इस नाटक में केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा, त्याग और आत्मसम्मान की एक व्यापक मानवीय यात्रा बन जाता है। नाटक में सीता की भूमिका गरिमा दिवाकर, राम की भूमिका कुलेश्वर ठाकुर, लव की भूमिका आदित्य दुबे और कुश की भूमिका गोपाल हलदर निभा रहे हैं। कथा गायक लव के रूप में राहुल तथा कथा गायक कुश के रूप में कुशाग्र धर्मन शर्मा हैं। संजू पासवान जटायु, हनुमान और शत्रुघ्न की भूमिकाओं में हैं। कोरस में हृदिक ग्रोवर, विवेक और आदित्य शामिल हैं। प्रस्तुति को संगीत और दृश्यात्मकता के स्तर पर भी विशेष रूप दिया गया है। संगीत परिकल्पना गरिमा दिवाकर, संगीत संचालन आदर्श, बाँसुरी पुरुषोत्तम कुमार, रिदम रोमन दास और सितार मोबीन मियां का है। प्रकाश परिकल्पना रमन कुमार, गति संरचना सुमंत एस़ एम़ एवं कुलेश्वर कुमार ठाकुर, रूप विन्यास सुदामा पांडेय तथा प्रोजेक्शन सत्यम शिवम का है। मंच निर्माण सुनील विश्वकर्मा, मंच प्रबंधन संजू पासवान, प्रस्तुति प्रबंधन राहुल कुमार राज, मंच संचालन रविकांत सिंह, नेपथ्य सहयोग आदर्श एवं अभिषेक, वीडियोग्राफी शिवम, पोस्टर अभिषेक राज, ब्रोशर सेंटी कुमार तथा प्रचार-प्रसार लोक पंच द्वारा किया गया।


नाट्य-प्रयोग 'सीता माई' का मंचन प्रेमचंद रंगशाला, पटना में किया गया।

संक्षिप्त खबरें

दंपति समेत सात पर नामजद प्राथमिकी, चार अज्ञात

आरा। मृतक की मां आमना खातून के बयान पर सात नामजद व अन्य चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में गड़हनी निवासी सलीम अंसारी उर्फ बब्लू, उसकी पत्नी जुलेखा खातून, पुत्र मो. आरजू, मो. वारीस उर्फ बिटटू, मो. दानिश, संजीदा खातून एवं उसी गांव निवासी अभिषेक कुमार को नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। चांदी थाने की पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार वारंटियों के घर शनिवार को इश्तहार चिपकाया। थानाध्यक्ष सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि भदवर गांव निवासी मुन्ना कुमार, नरबीरपुर निवासी इंदल पासवान, मुरूगन यादव और फरहंगपुर निवासी धीरेन्द्र राम के घर पर पुलिस ने इश्तहार चस्पा किया।

सामुदायिक रसोई में भोजन की गुणवत्ता परखी, एसडीएम ने दी सख्त हिदायत

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड की बाढ़ प्रभावित देवमलपुर पंचायत में संचालित सामुदायिक रसोईघर का शुक्रवार को एसडीएम ओमप्रकाश लाल और सीओ आनंद प्रकाश ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने रसोईघर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम ने मौके पर मौजूद प्रभावित लोगों से बातचीत कर भोजन के स्वाद और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों एवं रसोई संचालकों को भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उज्ज्वल सिंह समेत वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 3214 मामलों का निष्पादन, 2.78 करोड़ से अधिक की हुई वसूली

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशन एवं प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-प्रभारी अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर, आरा के तत्वावधान में वर्ष के तीसरे राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला अभियोजन पदाधिकारी मानिक कुमार सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दिवाकर कुमार सहित न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यवहार न्यायालय, आरा में कुल 15 बेंचों का गठन किया गया था। सचिव दिवाकर कुमार ने बताया कि आज की लोक अदालत में कुल 3214 मामलों का निष्पादन आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। जिसमें कुल समझौता राशि रुपये 2 करोड़ 78 लाख 33 हजार 202 रही। निष्पादित मामलों में बैंक रिकवरी, एन.आई. एक्ट, आपराधिक शमनीय वाद, रेलवे मामले, माप तौल, वन विभाग, एमसीटी, यातायात, बिजली एवं अन्य सुलहनीय मामले शामिल हैं।

ऑपरेशन मुस्कान ने लौटाई मोबाइल धारकों की मुस्कान

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर पुलिस अनुमंडल कार्यालय में शनिवार को चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन के वास्तविक धारकों के लिए राहत भरा दिन रहा। भोजपुर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत सदर अनुमंडल-02 क्षेत्र के विभिन्न थानों की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 20 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइल फोन में से 12 मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिए गए। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-02 रणजीत कुमार सिंह ने धारकों को उनके मोबाइल वापस किए। मोबाइल वापस मिलने के बाद धारकों के चेहरे पर खुशी नजर आई। एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ के कारण खवासपुर और सिन्हा क्षेत्र के कुछ वास्तविक मोबाइल धारक मौके पर नहीं पहुंच सके। ऐसे में शेष 8 मोबाइल फोन संबंधित थानों में सुरक्षित रखे गए हैं। वास्तविक धारकों के पहुंचने और आवश्यक सत्यापन के बाद उन्हें मोबाइल सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल फोन को तकनीकी माध्यम से बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाना है। भोजपुर पुलिस द्वारा इस अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने लोगों से अपील की कि मोबाइल फोन गुम या चोरी होने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाने में इसकी सूचना दें, ताकि पुलिस तकनीकी माध्यम से मोबाइल की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई कर सके। इस मौके पर चांदी थाना के पुअनि सुशील कुमार, कोईलवर थाना की पुअनि नेहा कुमारी तथा डीआईयू टीम के सदस्य मौजूद रहे।

बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचीं पाखी हेगड़े

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में आई भीषण बाढ़ के बीच भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने मानवीय पहल करते हुए बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री और जरूरी सामान का वितरण किया। पाखी हेगड़े भोजपुर जिले के पिपरपाती ग्राम पंचायत एवं आसपास के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचीं, जहां बाढ़ के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। बाढ़ की मुश्किल परिस्थितियों के बीच पाखी हेगड़े ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को करीब से जाना। उन्होंने लोगों के बीच बैठकर भोजन भी किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं और उनकी मदद के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेगा। पाखी हेगड़े ने कहा कि बिहार सिर्फ एक प्रदेश नहीं, बल्कि उनका अपना परिवार है।

तेजस्वी यादव को किया गयास म्मानित

आरा (दैनिक नवसंदेश)। राजद कार्यकताओं की बैठक संपन्न होने के बाद नेता प्रतिपक्ष, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में तेजस्वी यादव द्वारा जिला अध्यक्ष के चयन एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर बताए गए फामूर्ले से मैं पूरी तरह सहमत हूँ। मेरा मानना है कि जिला अध्यक्ष ऐसा हो, जो सभी कार्यकताओं का सम्मान करे, सबको साथ लेकर चले, संगठन के हर साथी के सुख-दुख में खड़ा रहे और हर जनहित के मुद्दे पर मजबूती से संघर्ष

प्रधानमंत्री के जन्मदिन से भाजपा चलाएगी ह्यसेवा संकल्प अभियान : टाईगर

प्रधानमंत्री ने सत्ता को शक्ति नही, जनसेवा का माध्यम बनाया

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन से 25 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। उक्त अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। वार्ता को उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाईगर ने संबोधित किया। जिला मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराया। श्री टाईगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में केंद्र में सेवा, समाज के सभी वर्गों का कल्याण और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प रहेगा। उन्होंने कहा कि 07 अक्टूबर 2001 को नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। आजादी के बाद नरेन्द्र मोदी ऐसे एकमात्र नेता है, जिन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप मे 25 वर्षों का कार्यकाल पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने अपने जीवन को तपस्या, संकल्प को अटूट और सता को जनता की सेवा का माध्यम बनाया है। श्री टाईगर ने कहा कि बिहार में भी केन्द्र सरकार के सहयोग से पूर्णिया और दरभंगा एयरपोर्ट, नालंदा विश्वविद्यालय, केन्द्रीय विश्वविद्यालय समेत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम हुआ है। 2014 में देश मे करीब 387 मेडिकल काँलेज थे, जो बढकर करीब 818 हो गए। उन्होंने बताया कि सेवा सेतु अभियान के माध्यम से पात्र लेकिन सरकारी योजनाओं से वंचित लोगो को लाभार्थी बनाया जाएगा। सेवा के रंग के तहत घर-घर रंगोली,तथा इनोवेशन चैलेंज जैसे कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि यह एक माह का अभियान सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को समर्पित है। मौके पर महामंत्री संतोष चंद्रवंशी, कौशल विद्यार्थी, रामदिनेश यादव, निशांत सिंह सेंगर, अशोक सिंह, मनीष प्रभात, राहुल सिंह, पिंटु राय आदि थे।

पेंशनधारकों का जीवन प्रमाणीकरण के लिए पंचायतों में शिविर

चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न गॉवों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले लोगों का जीवन प्रमाणीकरण के लिए सरकार की ओर से निः शुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए भोजपुर जिलाधिकारी से प्राप्त निर्देश के अनुसार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुमार विमलादित्य द्वारा हरेक पंचायतों में 14-29 सितम्बर तक तिथिवार शिविर आयोजित करने का आदेश निर्गत किया गया है। उक्त आदेश के अनुसार जीवन प्रमाणीकरण कार्य सम्पन्न कराने के लिए कामन सर्विस सेंटर के ग्राम स्तरीय उद्यमी की पंचायत वार प्रतिनियुक्ति की गई है। सोनबरसा में 14, मझिआंव में 16, बाबुबांध में 18, सेमरॉव में 19, मुकुन्दपुर में 21, मलौर में 22, नगरी में 23, सियाडीह के कथराई में 24, कोयल में 26, पसौर में 28 तथा ठकुरी में 29 सितम्बर को शिविर आयोजित किया जाएगा।

गोली से जख्मी समाजसेवी की मौत के बाद बवाल, रोड जाम व आगजनी

थानाध्यक्ष को हटाने एवं अपराधियों का एनकाउंटर की मांग

करीब 5 घंटे जाम से आवागमन रहा बाधित

आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव के इस्लामगंज मोहल्ले में शुक्रवार की देर शाम गोली से जख्मी समाजसेवी मो. जफी के मौत की मौत हो गई। उसने शनिवार की सुबह आर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतक के परिजन एवं स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। ग्रामीणों ने आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर गड़हनी गांव मोड़ के समीप शव के साथ रोड जाम कर दिया। इस दौरान टायर जलाकर आगजनी कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। आक्रोशित लोग हत्या में शामिल अपराधियों का एनकाउंटर करने, थानाध्यक्ष को निलंबित करने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि थानाध्यक्ष की लापरवाही के कारण अपराधियों ने समाजसेवी की गोली मारकर हत्या कर दी है। आक्रोशित लोग पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग पर अडे थे। करीब पांच घंटे रोड जाम होने से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। साइबर डीएसपी सह प्रभारी सदर एसडीपीओ-वन रौशन कुमार एवं जगदीशपुर एसडीपीओ राहुल कुमार वहां पहुंचे। पुलिस द्वारा 48 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार करने का अश्वाशन मिलने के बाद जाम हटाया गया। तब वाहनों का परिचालन शुरू हो सका। बता दें कि चरपोखरी थाना के गड़हनी गांव के इस्लामगंज मोहल्ला निवासी 48 वर्षीय मो. जकी को हथियारबंद अपराधियों द्वारा घर में घुसकर गोली मार दी गई थी। उन्हें इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल लाया गया था। जहां उनकी मौत हो गई थी।

आइसा ने प्रदर्शन कर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शनिवार को आइसा ने छात्रों की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सात सूत्री मांगों का ज्ञापन विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपा गया। संगठन ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। संचालन आइसा जिला सचिव जयशंकर प्रसाद ने किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय व कॉलेज परिसरों में जलजमाव का स्थायी समाधान, जर्जर भवनों का जीर्णोद्धार, आंतरिक परीक्षा की समस्याओं का समाधान और परीक्षा विभाग में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग उठाई गई। लंबित परिणामों में सुधार तथा सेमेस्टर तीन व पांच के छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने का अवसर देने की भी मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय के पदाधिकारी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने आइसा नेताओं से वार्ता की और आश्वासन दिया कि मांगों से कुलपति को अवगत कराया जाएगा। रौशन कुशवाहा ने कहा कि लंबित परिणाम से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन में कटौती और शोषण की जांच हो। चंदन दास ने कहा कि जलजमाव और जर्जर भवन छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। मौके पर वर्षा कुमारी, गौतम यादव, साहिल एरोरा, विवेक, मुस्कान, सागर, सुमित, अनूप, विराट, मृत्युंजय, अभिषेक, राजन, मनीष, वंश, रोहन आदि थे।

एंबुलेंस में बने तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को मिली बडी उपलब्धि

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा शराब के विरुद्ध लगाधर छापेमारी एवं वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को सहायक आयुक्त मद्यनिषेध को गुप्त सूचना मिली की हरियाणा से एक एबुलेंस द्वारा मारी मात्रा में विदेशी शराब पटना की ओर ले जाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मधनिषेध भोजपुर रजनीश कुमार द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वाहन जाँच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर यात्री शेड के पास एक मारुति सुजुकि इंको एबुलेंस में बने 4 गुप्त तहखाने से 388 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। जब्त एबुलेंस पर यूपी का निबंधन सख्या है। इस दौरान टीम ने वाहन के चालक हरियाणा के रोहतक जिले के सापला थाना क्षेत्र के हसनगढ़ गांव निवासी अजय, उसी जिले के एमआईटी रोहतक थाना क्षेत्र के चूलियाणा गांव निवासी दिनेश एवं सापला थाना क्षेत्र के हसनगढ़ गांव निवासी गोपाल है। तीनो गिरफ्तार व्यक्तियों को अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से कुल 2160 पीस में 388 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य 5 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को हरियाणा से पटना की ओर ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शमिल थे।

शौच के लिए निकले जेसीबी चालक की गला घोंटकर हत्या

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सनदिया गांव में शनिवार की सुबह घर से शौच के लिए निकले जेसीबी चालक मैं की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मृतक के गले पर छिले हुए का निशान पाया गया है। मृतक के परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आरा-बक्सर फोरलेन पर रतनपुर गांव के समीप शव सड़क पर रख जाम कर दिया। टायर जलाकर आगजनी गयी। करीब साढ़े तीन घंटे तक रोड जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। पुलिस के काफी मशक्कत करने के बाद लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटाया गया और परिचालन शुरू हो पाया। मृतक मुफ्फसिल थाना के सनदिया गांव निवासी उग्रह नारायण यादव का 19 वर्षीय पुत्र धनंजय यादव है। वह जेसीबी चालक था। मृतक के पिता उग्रह नारायण यादव ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब हुआ सात बजे वह घर से शौच के लिए बधार की ओर निकला था। इस बीच आरा-बक्सर फोरलेन पर स्थित धर्मकांटा के समीप गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई।

सड़क दुर्घटना 10 वर्षीय बच्चा गंभीर, रेफर

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। कोईलवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप शनिवार को बालू लोड करने जा रहे ट्रेलर की चपेट में आने से 10 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बच्चे का बायां पैर बुरी तरह कुचल गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की पहचान मानिकपुर निवासी दिनकर सिंह के 10 वर्षीय पुत्र समर कुमार के रूप में हुई है।

धूमधाम से मनी बाबा गणिनाथ महाराज की 41वीं जयंती

झंडोत्तोलन के साथ शुरू हुआ पूजा समारोह

आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य सभा, आरा नगर शाखा के तत्वावधान में श्री 108 बाबा गणिनाथ जी महाराज की 41वीं जयंती समारोह का आयोजन हुआ। शनिवार को श्री हरखेन कुमार धर्मशाला में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदेश विधायक राधाचरण सेठ ने झंडोत्तोलन कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में आरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदामा प्रसाद और विधायक राधा चरण साह भी शामिल हुए। उन्होंने बाबा गणिनाथ महाराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए पूजा समारोह में भाग लिया और समाज के लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। मंच संचालन रूपेश कुमार ने किया। समारोह में हकीम प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, रूपेश कुमार, प्रभु प्रसाद, बिहारी प्रसाद, बुटन प्रसाद, डॉ. नरेश प्रसाद, डॉ. महावीर प्रसाद, डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. अंजना वर्षा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के आयोजन में संस्था के अध्यक्ष देवनाथ प्रसाद, महामंत्री पवन कुमार, कोषाध्यक्ष प्रभुनाथ प्रसाद सहित महिला मंडल की उमा गुप्ता, रूपाली रानी, रीता कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, किरण देवी, आरती देवी, रितु गुप्ता, रूबी गुप्ता, बबली शाह, सुनीता कुमारी, संगीता गुप्ता, अलका गुप्ता, नेहा गुप्ता, माधुरी गुप्ता आदि थे। गड़हनी में शिव मंदिर पुरानी बाजार अवस्थित बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 43 वाँ जयंती एवं पूजन समारोह बड़े धूमधाम से अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य समाज गडहनी द्वारा आयोजित की गई।

जिम भवन व विद्यार्थी प्रतीक्षालय का कुलपति ने किया उद्घाटन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्वामी सहजानंद ब्रह्मर्षि महाविद्यालय में नवनिर्मित जिम भवन एवं विद्यार्थी प्रतीक्षालय का उद्घाटन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने किया। कुलपति ने कहा कि सामूहिक प्रयास और सभी के सहयोग से वीकेएसयू लगातार प्रगति कर रहा है। यूजी से पीजी तक का शैक्षणिक सत्र नियमित हुआ है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में शिक्षकों की भूमिका अहम है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य बिहार के विश्वविद्यालयों में वीकेएसयू को अग्रणी स्थान दिलाना है। कुलसचिव प्रो. राम कृष्ण ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। सीनेटर प्रो. बलिराज ठाकुर ने महाविद्यालय के इतिहास और स्वामी सहजानंद सरस्वती के योगदान पर प्रकाश डाला। सीसीडीसी प्रो. अनुज रजक ने कहा कि विश्वविद्यालय महाविद्यालयों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. मीना कुमारी, संचालन डॉ. दिव्या कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीषा कुमारी ने किया। समारोह में डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. अरविंद कुमार, प्रो. गौरी शंकर प्रधान, डॉ. शशि भूषण राय, डॉ. आनंद भूषण पांडे, डॉ. भवप्रीता कुमारी, डॉ. अभिनव आनंद, डॉ. स्मिता ठाकुर, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. सद्दाम हुसैन, डॉ. महफूज अशरफ, डॉ. महताब इमाम, डॉ. श्वेता गौरव, डॉ. उमेश कुमार राय, डॉ. आदित्य कुमार आनंद, डॉ. आशा रानी, डॉ. प्रेमलता, डॉ. मिथिलेश कुमार गिरी, डॉ. राधिका रमण सिंह, डॉ. अशोक कुमार तिवारी व डॉ. राकेश कुमार समेत शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

सुविधाओं से सशक्त होगा महाविद्यालय : प्रो चतुर्वेदी

पाखी हेगड़े का संदेश साफ हैकृमुश्किल की इस घड़ी में बिहार को हम सबके साथ की जरूरत है

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र के रेसिडेंशियल पैसन्न पब्लिक स्कूल खेढ़ी में बच्चों के बीच मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उद्घाटन निर्देशक रविकांत राय ने किया। मौके पर निर्देशक श्री राय ने कहा कि हमारे विद्यालय का लक्ष्य छात्रों को हर शिक्षा में अव्वल करना है। विद्यालय के अध्यन्तर छात्र शैक्षणिक माहौल के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भी राज्य एवं प्रदेश में भाग लेने के लिए जाकर जो स्थान पाकर सम्मानित होकर आते हैं। तो हम गौरवान्वित महसूस करते है। मेहंदी प्रतियोगिता में राजनंदनी कुमारी, ऐसी कुमारी, रुबी कुमारी, शशि कुमारी, नेहा कुमारी, रुचि कुमारी, अमृता कुमारी, मोनी कुमारी, गीता कुमारी तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रतियोगिता में नंदनी कुमारी, अंडिया कुमारी, आर्यन कुमार, अंकित कुमार, प्रिंस कुमार, संजय कुमार, प्रियांशु कुमार, गणेश कुमार, समर कुमार, करण कुमार, आलिया, तबस्सुम, देव कुमार अव्वल रहे। अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

संक्षिप्त खबरें

फरक्का जल संधि मामले में बिहार के हितों के लिए दृढ़ संकल्पित हैं नीतीश एवं संजयः ललिता झा

दरभंगा (एनएसबी)। जदयू की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश महासचिव ललिता झा ने फरक्का जल संधि को बिहार के व्यापक हितों से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए कहा कि बिहार के हक, किसानों की सिंचाई, पेयजल, उद्योग और आने वाली

पीढ़ियों की जल आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1996 में भारत और बांग्लादेश के बीच हुई फरक्का जल संधि से बिहार को अपेक्षित लाभ नहीं मिला है। बिहार की जल आवश्यकताओं और भविष्य की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक है। ललिता झा ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा संसद संजय झा जी द्वारा ह्यनीतीश संवादह्न के माध्यम से फरक्का जल संधि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जन-जागरूकता पैदा करना सराहनीय पहल है,बिहार के हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने और राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज बुलंद की जानी चाहिए।

न्यू होराइजन पब्लिक स्कूल के तीन शिक्षकों को मिला बेस्ट टीचर अवार्ड

सीबीएसई रीजनल ऑफिसर एवं सीओई हेड द्वारा सम्मान मिलने से लोगों में खुशी

दरभंगा (एनएसबी)। सीबीएसई रीजनल ऑफिसर एवं सीओई हेड द्वारा न्यू होराइजन पब्लिक स्कूल अलफगंज कादिराबाद दरभंगा के शिक्षक शाहबाज अली खान, धर्मेंद्र कुमार एवं मनीष कुमार चौधरी को दिया गया है। विद्यालय के तीन शिक्षकों को बेस्ट शिक्षक अवार्ड मिलने से स्कूल की प्रिंसीपल तलत आरा बेगम एवं पूरे स्कूल परिवार ने मुबारकबाद दिया और संस्था को और

मजबूत करने कि शपथ लिया। इस मौके पर प्रिंसिपल तलत आरा बेगम ने सभी को बधाई देते हुए कहा के आप सभी शिक्षक न्यू होराइजन पब्लिक स्कूल की आत्मा है, और स्कूल के विकास में हर वक्त तत्पर रहते है। आप सभी लोग ईमानदारी पूर्वक स्कूल को इसी तरह मान सम्मान दिलवाते है ताकि अभिभावक एवं माता पिता का भरोसा हमेशा कायम और दायेंम रहे। इस मौके पर सभी लोगों को मिठाइयों से मुंह मीठा कराया गया, सभी ने एक दूसरे को बधाई दी।

ब्रिक्स सम्मेलन भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि, अनर्गल प्रलाप न करें राहुल गांधी : डा. गोपाल जी ठाकुर



दरभंगा (एनएसबी)। ब्रिक्स सम्मिट सम्मेलन का सफल आयोजन भारत की महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि है। इस सम्मेलन के माध्यम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत के नेतृत्व क्षमता का नया आयाम स्थापित हुआ है। दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जब दुनिया के शीर्ष राष्ट्राध्यक्ष भारत पहुंच रहे हैं, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं के द्वारा इस सम्मेलन के संदर्भ में सवाल उठाना राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं की उनकी हताशा को दशार्ता है।सांसद डा ठाकुर ने दिल्ली में ब्रिक्स सम्मेलन के मुद्दे पर राहुल गांधी के बयानों की जमकर निंदा करते हुए कहा है कि एक तरफ वैश्विक चुनौतियों के बीच आईएमएफ ने भारत की 7.8 प्रतिशत विकास दर और अर्थव्यवस्था के लचीलेपन की सराहना की है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के दौर का सच भी देश के सामने है जब यूपीए शासन के दौरान 2011-13 तत्कालीन वित्त मंत्री के कार्यकाल में भारत को विश्व के असफल 5 अर्थव्यवस्थाओं में गिना गया। निवेश ठप था और रेटिंग एजेंसियां भारत को ब्रिक्स से हटाकर इंडोनेशिया को शामिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था की रेटिंग घटाने तक की बात कर रही थीं।सांसद डा ठाकुर ने भारत की विदेश नीति की जमकर सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस के दौर में भ्रष्टाचार, महंगाई और नीतिगत पंगुता से जूझ रही अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने न केवल संभाला, बल्कि भारत को दुनिया की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्था में शामिल कराया। भारत ब्रिक्स सम्मिट का ब्राइट स्पॉट और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय मंचों और विदेश नीति पर पक्ष एवं विपक्ष के द्वारा एक स्वर में बोलने की परंपरा रही है। लेकिन कांग्रेस के अनर्गल प्रलाप के कारण देश की लोकतांत्रिक गरिमा को ठेस पहुंची है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

एम.आर.एम. कॉलेज, दरभंगा में तीज को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

दरभंगा (एनएसबी)। एम.आर.एम. कॉलेज, दरभंगा के गृह विज्ञान विभाग द्वारा तीज के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति छात्राओं एवं महिला शिक्षिकाओं तथा महिला कार्यालय कर्मियों में रुचि एवं जुड़ाव को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था।प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने पूरे

उत्साह, उमंग एवं रचनात्मकता के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने हाथों पर सुंदर, आकर्षक एवं कलात्मक मेहंदी डिजाइनों को उकेरकर अपनी कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता और कलात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. पुष्पम नारायण की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सुकृति, डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. श्रुति मिश्रा, डॉ. चित्रा झा एवं डॉ. अमृता चौधरी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. पुष्पम नारायण सहित महिला शिक्षिकाओं एवं महिला कार्यालय कर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। डॉ. निशा सक्सेना, डॉ. नीलम सेन, डॉ. चित्रा झा, डॉ. अंकिता जिंदल, डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. प्रकृति नेहा, डॉ. तनवी त्वरा, डॉ. एन. चंदा, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. सावली मित्रा, डॉ. सुकृति, डॉ. श्रुति मिश्रा, डॉ. ज्ञानवती झा डॉ. सरिता कुमारी आदि उपस्थित थी।

सभी सरकारी कार्यालयों एवं अस्पतालों में सेवा संकल्प कार्यक्रम पर होगा दीप प्रज्वलितः डी एम

15 सितंबर तक शत-प्रतिशत राशन कार्ड निर्माण का लक्ष्य करें पूराः जिलाधिकारी

एमएलसी चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची के सत्यापन एवं शुद्धिकरण पर दिया विशेष जोर

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में राशन कार्ड निर्माण, आगामी एमएलसी चुनाव की तैयारियों तथा सेवा संकल्प अभियान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम आगामी एमएलसी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की।उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया को पूरी गंभीरता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा अपात्र मतदाता का नाम नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची का गहन सत्यापन सुनिश्चित करें तथा नियमानुसार अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने की कार्रवाई करें।जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया।समीक्षा बैठक में राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्माण से संबंधित लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए 15 सितंबर तक शत-प्रतिशत राशन कार्ड निर्माण का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 662 मामलों का किया निपटारा

लोक अदालत में भाग लेते पदाधिकारी एवं अन्य।

बेनीपुर (एनएसबी)। व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 662 मामलों के निपटारे के साथ एक करोड़ चार लाख 36 हजार 82 रुपए का हुआ समझौता। विशेष न्यायाधीश एक्साइज आनंद कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा, एसीजेएम रौशन कुमार छापोलिया, एसडीजेएम रोहित कुमार गुप्ता, सिविल जज श्रेया कुशवाहा, एसडीपीओ बासुकीनाथ झा एवं कारा अधीक्षक वीरेंद्र कुमार राय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एडीजे श्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत लोगों के सहुलियत के लिए आयोजित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में शांति और भाईचारा कायम करना है। सभी पक्षकारों से अनुरोध है कि वे आपसी समझौते से मामलों को निपटायें। लोक अदालत में बेंच संख्या एक पर विशेष न्यायाधीश आनंद कुमार सिंह एवं पैनल अधिवक्ता रौशन मिश्र ने 40 आपराधिक मामले, 56 एसबीआई बैंक के ऋण संबंधी मामले एवं बिहार ग्रामीण बैंक के 145 मामलों को निपटाते हुए 82 लाख 95 हजार 610 रुपए का समझौता कराया। बेंच संख्या दो पर एसीजेएम रौशन कुमार छापोलिया और पैनल अरुण कुमार महतो ने 16 आपराधिक मुकदमे, 16 विद्युत विभाग के मामले, 6 माप तौल के मामलों को निपटाते हुए एक लाख दो हजार रुपए का समझौता कराया। वहीं ट्रैफिक चालान के 244 मामलों को भी निपटाया गया जिसमें 4 लाख 31 हजार 300 रुपए जमा हुए। बेंच संख्या 3 पर एसडीजेएम रोहित कुमार गुप्ता एवं पैनल अधिवक्ता नवाज अहमद ने 26 आपराधिक मुकदमा एवं 3 विद्युत विभाग के मामले को निपटाते हुए 34 हजार रुपए का समझौता कराया। इसी बेंच पर ग्राम कचहरी के 31 मामले भी सुलझाया गया। बेंच संख्या चार पर सिविल जज श्रेया कुशवाहा एवं पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र ने 26 आपराधिक मुकदमे, 9 विद्युत विभाग के साथ साथ पंजाब नेशनल बैंक के 10 ऋण संबंधी मामले, सेंट्रल बैंक के 27, बैंक आफ इंडिया के 3 एवं दूरसंचार विभाग के 4 मामलों को निपटाते हुए 15 लाख 51 हजार 76 रुपए का समझौता कराया।

निमाणाधीन परियोजनाओं के कार्य को तीव्र गति से आगे बढ़ाये : कौशल कुमार

527 ई परियोजना, एलिवेटेड निर्माण कार्य एवं अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

समीक्षा करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत विभिन्न भू-अर्जन परियोजनाओं, 527 ई परियोजना, एलिवेटेड निर्माण कार्यों की प्रगति, मुआवजा भुगतान तथा भू-अर्जन से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर कार्यालय कक्ष में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व), जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर कुमार गौरव सहित विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े पदाधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण विकास एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए किए जा रहे भू-अर्जन कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से परियोजनावार भू-अर्जन की स्थिति, भूमि से संबंधित मामलों, मुआवजा भुगतान तथा लंबित मामलों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। बैठक में 527 ई परियोजना एवं एलिवेटेड निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अभियंताओं को निर्देशित किया कि निमार्णाधीन परियोजनाओं के कार्य को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

घर की छत से गिरा मासूम, डीएमसीएच में हो रहा इलाज

दरभंगा (एनएसबी)। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के लक्ष्मीसागर मोहल्ले में एक मासूम छत से गिरकर बेहोश हो गया। स्वजन उसे लेकर आनन-फानन में डीएमसीएच पहुंचे। जख्मी बालक मो. शकील का पुत्र मो. दानिश (07) है। जो दूसरी कक्षा का छात्र है। पिता मो. शकील ने बताया कि शनिवार को दानिश स्कूल नहीं गया और सुबह 11 बजे के करीब वो पड़ोस के बच्चों के साथ घर की छत पर खेल रहा था। उन्होंने बताया कि घर की छत खुली है। खेल में दौड़-भाग के दौरान दानिश अचानक फिसल कर छत से गिर गया। उन्होंने बताया कि उसके सर में चोट लगी है और होठ - नाक फट गया है। फिलहाल डीएमसीएच इमरजेंसी में दानिश का उपचार चल रहा है। उसकी हालत स्थिर है।

पीएचसी तारडीह में रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक

तारडीह (एनएसबी)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तारडीह में शनिवार को रोगी कल्याण समिति (शासी निकाय) की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अस्पताल में मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में अस्पताल भवन के रंग-रोगन, लघु मरम्मत एवं आवश्यक कार्य कराने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। अस्पताल में 24 घंटे पेयजल की उपलब्धता तथा बिजली और इन्वर्टर बैकअप की व्यवस्था करने, मरीजों के प्रतीक्षा कक्ष में कुर्सी, पंखा, टीवी व एसी आदि की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई।इसके अलावा मरीजों की ओपीडी व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए क्यू-मैनेजमेंट सिस्टम के तहत टोकन डिस्प्ले सिस्टम एवं पीओएस प्रिंटर लगाने तथा इसके भुगतान संबंधी कार्यों को स्वीकृति देने का प्रस्ताव रखा गया। दवा काउंटर के बाहर मरीजों के बैठने के लिए शेड निर्माण पर भी चर्चा हुई। बैठक में विकसित भारत-ग्राम योजना के माध्यम से अस्पताल की बाहरी चारदीवारी निर्माण एवं मिट्टी भराई कराने की अनुशंसा की गई। वहीं अस्पताल के बाहर चबूतरा सहित सामान्य चापाकल की व्यवस्था के लिए पीएचईडी विभाग को अनुशंसा भेजने का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुमंत सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रघुबीर, सदस्य ललन जी झा, उर्मिला देवी, अगम पासवान, गीता देवी, शंभु पासवान, ब्रजेश झा तथा प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक श्याम नारायण यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनएसएस कोषांग द्वारा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण पांचवें दिन जारी

प्रशिक्षण प्राप्त करते प्रशिक्षणार्थी।

दरभंगा (एनएसबी)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के सौजन्य से सात दिवसीय आवासीय 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण जुबिली हॉल में जारी रहा। शिविर का प्रारंभ राष्ट्रगीत एवं एनएसएस लक्ष्य-गीत से हुआ, जबकि समापन राष्ट्रगान से हुआ। शिविर में संयोजक का आर एन चौरसिया, डॉ अनुपम प्रिया, डॉ सोनू राम शंकर, भू-संपदा पदाधिकारी डॉ कामेश्वर पासवान, डॉ उदय कुमार आदि के साथ ही सहयोगी, स्वास्थ्य एवं सुरक्षाकर्मी आदि उपस्थित थे। शिविर का शुभारंभ करते हुए सी एम साइंस कॉलेज, दरभंगा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ युगेश्वर साह ने कहा कि आपदा प्रशिक्षण के बाद स्वयंसेवकों की समाज के प्रति जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता बढ़ेगी। समय किसी का इंतजार नहीं करता। इस कारण छोटी-मोटी बातों पर ध्यान न देकर छात्र अपने मूल लक्ष्य की ओर पूर्ण ध्यान दें। इस प्रशिक्षण में उन्हें सैद्धांतिक के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान भी मिल रहा है। कहा कि आप सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि आपका चयन शिविर के लिए किया गया है। प्रशिक्षक राजू कुमार ने वज्रपात के कारण, प्रभाव एवं बचाव उपाय बताते हुए कहा कि इस दौरान हमें क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए? कहा कि वज्रपात का हमारी याददाश्त, आंख, नाक एवं मस्तिष्क आदि पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। दामिनी लाइटनिंग, इन्द्रवज्र तथा नीतीश ऐप के माध्यम से 10 से 15 मिनट पहले ही वज्रपात की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।प्रशिक्षक संतोष कुमार ने सुरक्षित नौका परिचालन की जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता की कमी, ओवरलोडिंग, सुरक्षा की कमी, कुशलता का अभाव, कम गुणवत्ता वाले नौका का परिचालन, सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने से दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने नौका के प्रकार, जीवन रक्षक उपकरणों एवं लाइफ जैकेट आदि के प्रयोग की भी जानकारी दी। वहीं एसडीआरएफ टीम की पूजा कुमारी ने लू एवं शीतलहर की विस्तार से जानकारी देते हुए उसके कारण, लक्षण, प्रभाव एवं बचाव के उपायों को विस्तार से बताया। प्रशिक्षक रूपेश कुमार पासवान एवं संतोष कुमार के नेतृत्व में भूकंप के लिए छात्र-छात्राओं की अलार्म टीम, मेडिकल टीम, सर्च एंड रेस्क्यू टीम, ट्रांसपोर्टेशन टीम, मीडिया मैनेजमेंट टीम, साइट एंड सिक्योरिटी आदि टीमों का गठन कर मनोकामना मंदिर पार्क में मॉक ड्रिल कराया गया।

अंतर-महाविद्यालय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के कैलेंडर कुलपति ने किया जारी

कैलेंडर जारी करते कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी।

दरभंगा (एनएसबी)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी के द्वारा विश्वविद्यालय का वार्षिक खेल कैलेंडर जारी किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि खेल केवल शारीरिक दक्षता का साधन नहीं हैं, बल्कि यह मानसिक सशक्तिकरण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का भी माध्यम है। विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताएँ छात्रों में टीम भावना, सहयोग और उत्कृष्टता की भावना को सुदृढ़ करती हैं। कुलपति ने सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपेक्षा की कि वे आगामी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ये प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में खेल के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होंगी। खेल एवं शारीरिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो अजय नाथ झा ने कहा कि सत्र 2026-27 का यह खेल कैलेंडर विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति को और सुदृढ़ करेगा। निदेशालय की ओर से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सभी प्रतियोगिताएँ नियमानुसार एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न हों, ताकि विजयी टीमों एवं खिलाड़ियों का चयन आगामी अंतर-विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हेतु समय पर किया जा सके। सभी संबद्ध महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि वे खेल एवं शारीरिक शिक्षा निदेशालय तथा खेल एवं सांस्कृतिक विभाग के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित करते हुए प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में सहयोग करें।

विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने कहा कि कुलपति के दूरदर्शी एवं परिवर्तनकारी नेतृत्व में विश्वविद्यालय खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और न केवल जोनल स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी विश्वविद्यालय अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जारी खेल कैलेंडर सभी महाविद्यालयों एवं विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करेगा कि सभी प्रतियोगिताएँ सुरक्षित, व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हों। मैं आयोजक महाविद्यालयों से आग्रह करता हूँ कि वे निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन करें, जिससे टीम गठन एवं चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये प्रतियोगिताएँ छात्रों की प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना को और सशक्त बनाएंगी। इस मौके पर खेल एवं संस्कृति विभाग के मनीष राज एवं सुमित कुमार झा आदि मौजूद रहें।

मिथिला विश्वविद्यालय के विभिन्न खेल प्रतियोगिता का कैलेंडर जारी*

अंतर- महाविद्यालय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ* (2026-27):-

कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- पी.जी. एथलेटिक्स, एल.एन.एम.यू., दरभंगा में दिनांक 18 से 20 सितम्बर, 2026 को किया जाएगा।

कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन- एस.बी.एस.एस. कॉलेज, बेगूसराय में दिनांक 22 से 24 सितम्बर, 2026 को होगा। किक-बॉक्सिंग, जूडो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कराटे एवं वुशु (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- पी.जी. एथलेटिक्स, एल.एन.एम.यू., दरभंगा में दिनांक 26 और 27 सितम्बर, 2026 को किया जाएगा। हैंडबॉल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा में दिनांक 29 और 30 सितम्बर, 2026 को होगा।

वॉलीबाल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- एम.आर.जे.डी. कॉलेज, बेगूसराय (केंद्रीय स्थल : ओल्ड्स ब्वॉयज हॉस्टल, बाघा गुमटी, बेगूसराय) में दिनांक 03 से 05 अक्टूबर, 2026 को किया जाएगा।युवा उत्सव (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- खेल एवं सांस्कृतिक विभाग, एल.एन.एम.यू., दरभंगा में दिनांक 06 से 09 अक्टूबर, 2026 को होगा।

टेबल टेनिस (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- सी.एम. साइंस कॉलेज, दरभंगा में दिनांक 28 अक्टूबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।

फुटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन ए.पी.एस.एम. कॉलेज, बरौनी में दिनांक 29 से 31 अक्टूबर, 2026 को होगी।

बैडमिंटन (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- आर.बी. कॉलेज, दलसिंहसराय में दिनांक 04 से 06 नवम्बर, 2026 को आयोजित की जाएगी।फुटबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- महिला कॉलेज, समस्तीपुर में दिनांक 27 और 28 नवम्बर, 2026 को होगी।

क्रिकेट (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन निदेशालय, खेल एवं शारीरिक शिक्षा, एल.एन.एम.यू. में दिनांक 01 और 02 दिसम्बर, 2026 को आयोजित की जाएगी।बास्केटबॉल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- एम. के. कॉलेज, लहेरियासराय में दिनांक 04 और 05 दिसम्बर, 2026 को होगी।

एथलेटिक्स (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- निदेशालय, खेल एवं शारीरिक शिक्षा, एल.एन.एम.यू. में दिनांक 07 से 09 दिसम्बर, 2026 को किया जाएगा।बॉल-बैडमिंटन (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर में दिनांक 10 और 11 दिसम्बर, 2026 को आयोजित की जाएगी।

क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन ललित नारायण जनता कॉलेज, झंझारपुर में दिनांक 16 से 21 दिसम्बर, 2026 को होगी।शतरंज (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- सी.एम. कॉलेज, दरभंगा में दिनांक 22 से 24 दिसम्बर, 2026 को आयोजित की जाएगी।रग्बी (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- जी.डी. कॉलेज, बेगूसराय (केंद्रीय स्थल : ओल्ड्स ब्वॉयज हॉस्टल, बाघा गुमटी, बेगूसराय) में दिनांक 05 और 06 जनवरी, 2027 को किया जाएगा।

खो-खो (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- आर.सी.एस. कॉलेज, मंझौल (केंद्रीय स्थल : ओल्ड्स ब्वॉयज हॉस्टल, बाघा गुमटी, बेगूसराय) में दिनांक 30 और 31 जनवरी 2027 को आयोजित की जाएगी।कुश्ती (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- एस.के. महिला कॉलेज, बेगूसराय (केंद्रीय स्थल : ओल्ड्स ब्वॉयज हॉस्टल, बाघा गुमटी, बेगूसराय) में दिनांक 02 और 03 फरवरी, 2027 को होगी।

योग (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- निदेशालय, खेल एवं शारीरिक शिक्षा, एल.एन.एम.यू. में दिनांक 02 और 03 फरवरी, 2027 को आयोजित की जाएगी।

चयन ट्रायल कार्यक्रम

कायाकिंग एवं कैनोइंग (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता के चयन ट्रायल का आयोजन- आर.के. कॉलेज, मधुबनी में दिनांक 12 और 13 अक्टूबर, 2026 को किया जाएगा।रोइंग (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता के चयन ट्रायल का आयोजन- आर.के. कॉलेज, मधुबनी में दिनांक 19 और 20 फरवरी, 2027 को होगा।

पत्नी ने नशेड़ी पति को भेजवाया जेल

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कलिगांव में एक नशेडी नशे की हालत मे अपने घर मे हंगामा कर रहा था। पत्नी के समझाने पर भी जब वह नही माना तो पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सिंहवाड़ा थाना की पुलिस ने महिला के पति मुकेश साह को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पत्नी माला देवी के आवेदन पर पति मुकेश साह के खिलाफ सिंहवाड़ा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। माला देवी ने बताया है कि शाम के समय उसके पति शराब के नशे में चूर होकर घर पहुंचे। घर पर हंगामा एवं बदसलूकी करने लगे। लाख समझाने बुझाने पर जब मामला शांत नहीं हुआ तो उसने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची सिंहवाड़ा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। नशा में होने की पुष्टि होते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि नशेड़ी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

मामले का किया गया निष्पादन

मधुबनी (एनएसबी)। आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा के आदेशानुसार लंबित नीलाम पत्र वादों एवं निर्गत डीडब्लू, बीडब्लू, के बीडब्लू निष्पादन हेतु जिला परिवहन कार्यालय, मधुबनी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत विशेष अभियान का आयोजन किया गया। आम जनता की सुविधा के लिए विभिन्न काउंटर स्थापित कर मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

9 वीं राष्ट्रीय पोषण माह 2026 को लेकर दिए गए कई दिशा निर्देश

बिस्फी (एनएसबी)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केदो पर 9 वॉ राष्ट्रीय पोषण माह 2026 आयोजित किए जाएंगे. यह विशेष अभियान 8 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा. सफल आयोजन को लेकर सीडीपीओ अहमद रजा खॉ की अध्यक्षता में सभी पर्यवेक्षकों की बैठक बाल विकास भवन के सभागार में आयोजित किया गया.सीडीपीओ खॉ ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम हमारी आंगनबाड़ी हमारी जिम्मेदारी तय की गई है. अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना तथा कुपोषण के प्रति लोगों को जागरूक करना है. इसके लिए 9 अक्टूबर तक राष्ट्रीय आयोजन किया जा रहा है. इस अभियान के तहत कैलेंडर जारी कर गतिविधि निर्धारित की गई है. जिसमें विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं समुदाय के स्वास्थ्य सुधार के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाना है. इसके अंतर्गत आहार विधिवत एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनबाड़ी केदो पर ताजा एवं गर्म भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बल विकास के लिए पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना तथा मातृ स्वास्थ्य के लिए नगद अंतरण के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना है. गर्भवती महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार ग्रहण कर ही बेहतर पोषण किया जा सकता है.!

विशेष अभियान चलाकर कुल 43 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

मधुबनी (एनएसबी)। पुलिस महानिदेशक बिहार, पटना के आदेशानुसार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निर्देशन के आलोक में दिनांक-11.09.2026 को गंभीर शीर्ष के कांडो हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, पुलिस पर हमला इत्यादी के कांडो मे प्राथमिकता के आधार पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई करने को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में 43 वारंट, 03 इश्तेहार एवं 141 सम्मन एवं 01 कुर्की का किया गया निष्पादन। साथ हीं साथ कुल-43 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-15, के कांड में-02, महिला अपहरण के कांड में गिरफ्तारी -02 , पॉस्को अधि० के कांड में गिरफ्तारी-01, हत्या के प्रयास के कांड में-01, वारंट में- 20 एवं अन्य कांड में-02 अभियुक्त शामिल हैं।साथ हीं साथ जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-73 वाहनों से- 1,22,000/- रुपया जुमार्ना वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी/विदेशी शराब-1030 लीटर, 130 ग्राम ब्राउन शुगर, 01 टेम्पो, 15 मोटरसाईकिल एवं 02 मोबाईल बरामद ।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र झा के माता का निधन

बिस्फी(एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी के सिमरी मंडल अध्यक्ष सह बिस्फी बीस सूत्री सदस्य सुभाष चंद्र झा की माता जयंती देवी का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार व क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। सुभाष चंद्र झा ने अपनी माता को मुखाग्नि दी। 99 वर्षीय जयंती देवी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी।अंतिम संस्कार के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों व कार्यकताओं ने पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।शोक व्यक्त करने वालों में स्थानीय सांसद डॉ अशोक कुमार यादव, बिहार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक बिस्फी हरी भूषण ठाकुर बचौल,विधान परिषद सदस्य घनश्याम ठाकुर,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा, जिला महामंत्री सुबोध चौधरी,उपाध्यक्ष रामसकल यादव, युवा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर यादव पूर्व सिमरी मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य अभिजीत पासवान, मंडल महामंत्री श्रवण यादव,सुधीर राय, डॉ रामा शंकर मेहता, वरिष्ठ नेता कुशेश्वर प्रसाद कुशवाहा,बिस्फी मंडल अध्यक्ष चंद्रजीत यादव,कन्हाई चंद्र झा, सुजीत यादव, सियाराम महतो , शंभू ठाकुर,राजा यादव, मंटू झा, सत्यनारायण यादव, डॉ सुरेश चौधरी,रंजीत यादव,दीपक झा,विकास झा,सिद्धार्थ झा,स्वाति ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

चोरी मामले में अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

कल्याणपुर एनएसबी। चकमेहसी थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के बोचहा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौमुख गांव निवासी उमेश ठाकुर, पिता चतुर्भुज ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उमेश ठाकुर चोरी से संबंधित कांड संख्या 60/22 में अभियुक्त है। मामले में पुलिस को उसकी तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चकमेहसी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि चोरी के मामले में पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत तीन घायल, अस्पताल में इलाज

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया। घायलों में कल्याणपुर गांव निवासी 40 वर्षीय वीरेंद्र कुमार, 25 वर्षीय गुड्डी कुमारी तथा मिल्की गांव निवासी 30 वर्षीय प्रियंका देवी शामिल हैं। अस्पताल पहुंचने के बाद चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि मारपीट की घटनाओं में घायल महिला और पुरुषों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर निगरानी रख रही है। घटना को लेकर संबंधित पक्षों द्वारा स्थानीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल, सदर अस्पताल रेफर

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के मलकौली गांव निवासी 28 वर्षीय मोहम्मद जावेद सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने घायल युवक की स्थिति का जायजा लेकर प्राथमिक उपचार किया। गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक की स्थिति गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा गया।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से मधुबनी में कृषि विकास को मिल रही नई गति

देश के 100 चयनित जिलों में सातवें स्थान पर मधुबनी, संयुक्त सचिव ने डीएम व टीम को दी बधाई

डीएम को पौधा भेट स्वागत करते जिला कृषि पदाधिकारी

मधुबनी (एनएसबी)। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में मधुबनी जिले ने देशभर में सातवां स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। देश के 100 चयनित जिलों में शामिल मधुबनी बिहार के सात जिलों में भी चयनित है। जिले की इस उपलब्धि पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव सह मुख्य नोडल पदाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल ने जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं उनकी पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने योजना के तहत जिले में कृषि विकास को और गति देने पर जोर दिया। वहीं, जिलाधिकारी ने सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग और समीक्षा के माध्यम से मधुबनी को देश में नंबर वन बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

समाहरणालय सभागार में हुई समीक्षा बैठक

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में संयुक्त सचिव संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ हुई। बैठक में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना के जिले में क्रियान्वयन एवं विभिन्न सूचकांकों पर प्रगति की बिंदुवार जानकारी दी। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने विभाग से जुड़ी उपलब्धियों और कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में एफपीओ की संख्या, उत्पादक कंपनियों के विस्तार तथा प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों की बढ़ती भागीदारी ने मधुबनी के प्रदर्शन को मजबूत किया है।

कृषि विकास के लिए प्रमुख बिंदुओं पर जोर

बैठक में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने, टिकाऊ एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, फसल कटाई के बाद भंडारण एवं प्रसंस्करण की व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा किसानों को कृषि ऋण की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने जिले की प्रमुख चुनौतियों के रूप में जलजमाव एवं सीमित सिंचाई की समस्या का उल्लेख किया। वहीं, मखाना की खेती, मत्स्य पालन, मक्का फसल के आच्छादन में वृद्धि एवं फसल विविधीकरण को कृषि क्षेत्र के प्रमुख अवसरों के रूप में रेखांकित किया।

किसानों को उन्नत बीज व आधुनिक तकनीक का मिलेगा लाभ

बैठक में उपस्थित किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा आवश्यक सुझाव एवं फीडबैक दिए। संयुक्त सचिव ने किसानों को उपयुक्त एवं उन्नत प्रभेद के बीज उपलब्ध कराने, एक्सपोजर विजिट आयोजित करने तथा किसान से किसान सीखने की व्यवस्था विकसित करने का निर्देश दिया। किसान पाठशालाओं के माध्यम से आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीक की जानकारी देने पर भी जोर दिया गया।

उन्होंने एनआरसी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों की कमेटी गठित कर किसानों के लिए उपयोगी नवीन तकनीकों की व्यावहारिकता की जांच करने को कहा। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा नवीन तकनीकों के प्रदर्शन एवं वैलिडेशन को प्रमाणित किए जाने की बात भी कही गई। जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए बैंकों को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया।

प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की संख्या बढ़ी

बैठक में बताया गया कि किसानों को उर्वरक का संतुलित उपयोग करने एवं प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की संख्या 1875 से बढ़कर 2375 हो गई है। उर्वरक ऐप के उपयोग को लेकर किसानों एवं थोक-खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिले में स्थापित सभी 23 एफपीओ को उत्कृष्ट कार्य करने तथा किसानों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया गया। साथ ही, अच्छी प्रभेद के बीज एवं बाजार आधारित उत्पादों की खेती के माध्यम से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। आत्मा को सफल एवं प्रगतिशील किसानों के खेतों में प्रशिक्षण और भ्रमण आयोजित कराने का निर्देश दिया गया। आम आदि के बगीचों में ओल एवं हल्दी की खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला उद्यान पदाधिकारी को मार्गदर्शन देने को कहा गया।

मखाना, मत्स्य पालन एवं जलजमाव पर विशेष ध्यान

बैठक में रबी 2026 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू होने से पूर्व किसानों का पंचायतवार सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया गया। अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने के लिए बैंकों के साथ बेहतर समन्वय करने को कहा गया। अगले दो माह में विशेष कैंप लगाकर केसीसी की संख्या में वृद्धि करने का निर्देश भी दिया गया।

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना के तहत अरहर किसानों का पंजीकरण कराने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि 11 चौर क्षेत्रों में कुल 427.5 एकड़ रकबा विकसित किया गया है। मखाना एवं मछली की खेती का सर्वेक्षण कर आंकड़े उपलब्ध कराने तथा कार्यप्रणाली का अध्ययन कर प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया गया। जलजमाव वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर जलकुंभी से बायो कम्पोस्ट तैयार करने की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए त्रिस्तरीय दल गठित करने को कहा गया। कृषि विज्ञान केंद्र, सुखैत के वरीय वैज्ञानिक ने बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में जलकुंभी से बायो कम्पोस्ट तैयार करने पर अनुसंधान चल रहा है। संयुक्त सचिव ने कम्पोस्ट का प्रमाणीकरण कराने तथा बड़े स्तर पर कार्य शुरू करने से पूर्व जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक रसायन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक की टीम से अध्ययन प्रतिवेदन प्रस्तुत कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण सह नोडल पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

141.795 लीटर नेपाली एवं अंग्रेजी शराब बरामद; दो तस्कर गिरफ्तार

गिरफ्तार तस्कर

जयनगर (एनएसबी)। भारत-नेपाल सीमा पर अवैध शराब की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर की ह्यत्रह्न कंपनी कंपनी मुख्यालय कमला के जवानों ने ड्रोन निगरानी एवं आसूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 141.795 लीटर नेपाली एवं अंग्रेजी शराब, दो मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए। कार्रवाई के दौरान दो भारतीय व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।दिनांक 11 सितंबर 2026 को लगभग 1310 बजे, ड्रोन कैमरे से प्राप्त निगरानी सूचना के आधार पर सीमा स्तम्भ संख्या 270/15 से लगभग 30 मीटर भारतीय क्षेत्र में, तालाब के पास विशेष गश्ती दल द्वारा निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान नेपाल की ओर से दो व्यक्ति मोटरसाइकिलों पर बोरियां लादकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते दिखाई दिए।विशेष गश्ती दल को देखते ही दोनों व्यक्ति घबरा गए और मोटरसाइकिल छोड़कर अलग-अलग दिशाओं में भागने का प्रयास करने लगे। स्ड्ड टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों व्यक्तियों को चारों ओर से घेरकर पकड़ लिया।मोटरसाइकिलों की तलाशी के दौरान एक मोटरसाइकिल पर रखी 05 बोरियों से 135 लीटर नेपाली देशी शराब तथा दूसरी मोटरसाइकिल की सीट के नीचे से 6.795 लीटर विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

माध्यमिक विद्यालय तीसी नरसाम दक्षिणी में किया गया युथ एव इको क्लब का गठन

उपस्थित यूथ क्लब के सदस्य

बिस्फी (एनएसबी)। एक पेड़ मां के नाम के तहत माध्यमिक विद्यालय तीसी नरसाम दक्षिणी में युको कल्ब का गठन किया गया. विद्यालय के सभागार मे प्रधानाध्यापिका कमर सुल्ताना बेगम की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे अकसद आबिद,माया कुमारी, सना परवीन, सुमैया साबरीन, रुक्मणी कुमारी, विक्रम कुमार, शिवम कुमार ,अलसबा अजीज, नूरजहां, तनुष्का कुमारी, साजिया परवीन, रहमत खातून, फरहीन खातून को शामिल किया गया.वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए सनोज कुमार,राहुल कुमार, साजन कुमार का चयन किया गया. प्रधानाध्यापिका सुल्ताना बेगम ने बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया. इस मौके पर शिक्षक रिजवान अहमद, कपिल सदा, मनीष कुमार भारती उपस्थित थे.

जनभागीदारी के बिना जलस्रोतों का स्थायी संरक्षण संभव नहीं : डीपीओ आनंद अंकित

तालाब की सफाई करते

मधुबनी (एनएसबी)। जलस्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण एवं उनके प्रति आमजन में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिला गंगा समिति, मधुबनी द्वारा संचालित ह्यएक दिन जलस्रोतों के स्वच्छता के नामह्न अभियान के तहत शनिवार को नगर निगम, मधुबनी द्वारा आम लोगों में जागरूकता फैलाने हेतु नगर निगम तालाब में प्रतीकात्मक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान तालाब में जमा कचरे और गंदगी को हटाकर साफ-सफाई की गई। अभियान का उद्देश्य जिले के नदी, तालाब सहित अन्य जलस्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त रखने के साथ-साथ लोगों को इनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

डीपीओ, जिला गंगा समिति (नमामि गंगे), मधुबनी आनंद अंकित ने कहा कि तालाब, नदी एवं अन्य जलस्रोत हमारे पर्यावरण और सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इनके संरक्षण एवं स्वच्छता के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। जिला गंगा समिति द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान लोगों को अपने आसपास के जलस्रोतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जलस्रोतों में कूड़ा-कचरा नहीं डालें और अपने आसपास स्थित तालाबों एवं अन्य जलस्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। जनभागीदारी के माध्यम से ही जलस्रोतों को लंबे समय तक स्वच्छ और सुरक्षित रखा जा सकता है।इस अवसर पर स्वच्छता पदाधिकारी अमिताभ गुंजन ने कहा कि जलस्रोतों की नियमित साफ-सफाई के साथ-साथ लोगों में स्वच्छता के प्रति व्यवहारगत बदलाव जरूरी है। उन्होंने आमजन से तालाब एवं उसके आसपास गंदगी नहीं फैलाने तथा जलस्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। सफाई अभियान में स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित महेंद्र राम, मोहम्मद, महादेव राम, संतोष राम एवं भोला राम सहित नगर निगम, मधुबनी के स्वच्छताकर्मी मौजूद रहे।

तीन महिला इंफ्लूएंसर के आरोपों के बाद एसएसबी दारोगा सस्पेंड

एसएसबी द्वारा गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम ने शुरू की एएसआई विकास कुमार के खिलाफ मामले की जांच

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। दिल्ली और लखनऊ की तीन महिला इन्फ्लुएंसर्स की ओर से दुष्कर्म, ठगी और अश्लील हरकतों के लगाए गए गंभीर आरोपों के बीच एसएसबी के एएसआई विकास कुमार को निलंबित कर दिया गया है। एसएसबी सेक्टर मुख्यालय ने आरोप लगाने वाली महिलाओं के बयान दर्ज करने के बाद यह प्रशासनिक कार्रवाई की है। हालांकि, मामले की जांच अभी जारी है और जांच टीम को तीनों महिलाओं के अलग-अलग बयानों में कुछ बिंदुओं पर विरोधाभास भी मिला है।

निलंबन की अवधि में एएसआई विकास कुमार को एसएसबी सेक्टर मुख्यालय में ही रहने का निर्देश दिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, उन्हें 24 घंटे सक्षम अधिकारियों की निगरानी में रखा जाएगा और जांच पूरी होने तक निजी आवास पर जाने की अनुमति नहीं होगी। जांच को प्रभावित होने से रोकने तथा डिजिटल साक्ष्यों या गवाहों से छेड़छाड़ की आशंका को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

आरोपों की जांच के लिए एसएसबी की ओर से तीन सदस्यीय विशेष जांच कमेटी गठित की गई है। गुरुवार को दिल्ली और लखनऊ से पहुंचीं तीन महिला ब्लॉगर्स ने कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज कराए और उपलब्ध डिजिटल दस्तावेज भी सौंपे। जांच के दौरान तीनों महिलाओं

घटना से संबंधित प्रतिकात्मक फोटो।

के बयानों में कई बिंदुओं पर अंतर सामने आने की बात कही जा रही है। एसएसबी की टीम सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इधर, लखनऊ की एक महिला ने अहियापुर थाने में सनहा दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है। इसके आधार पर

जांच को प्रभावित होने से रोकने तथा डिजिटल साक्ष्यों या गवाहों से छेड़छाड़ की आशंका पर कार्रवाई

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, दिल्ली की महिला ब्लॉगर ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए नगर थाने में ऑनलाइन आवेदन देने की बात कही थी। लेकिन नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार देर शाम तक नगर थाने को ऐसा कोई आवेदन प्राप्त नहीं होने की बात कही है। पुलिस के अनुसार, संबंधित वेबसाइट और पोर्टल की जांच की गई, लेकिन फिलहाल आवेदन नहीं मिला है। वही दिल्ली की महिला द्वारा स्टेशन रोड स्थित एक होटल में दुष्कर्म के लगाए गए आरोपों की जांच के लिए शुक्रवार को एसएसबी की टीम होटल भी पहुंची।

टीम ने वहां पहुंचकर घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की। दूसरी ओर, एएसआई विकास कुमार ने भी महिलाओं के खिलाफ साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसएसबी के सेकेंड इन कमान रजनीश कुमार मोलर ने बताया कि एएसआई का बयान दर्ज किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच जारी रहने तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। एसएसबी की विशेष जांच कमेटी और पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

तुर्की थाना क्षेत्र में युवती की हत्या का आरोप, शव गायब होने से मचा हड़कंप

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। तुर्की थाना क्षेत्र के वार्ड-4 स्थित मोहनपुर में एक युवती की हत्या कर शव गायब किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि पुरानी गुदरी अम्बेडकर नगर निवासी सूर्य प्रकाश राम की पुत्री की हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद से लड़का पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। युवती का शव भी बरामद नहीं हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद लड़की पक्ष के परिजन तुर्की थाना पहुंचे हैं और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी है। परिजनों ने युवती की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

संक्षिप्त खबरें

मां की चौथी पुण्यतिथि पर पर्यटन मंत्री ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मां को दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। कुढ़नी विधायक सह राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने अपनी पूजनीय माता स्वर्गीय शारदा कुँवर की चौथी पुण्यतिथि पर शनिवार को अपने आवासीय परिसर डुमरी गोबरसही में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि

अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान मंत्री श्री गुप्ता अपनी मां को याद कर भावुक दिखे। मौके पर उन्होंने कहा कि मां आखिर मां होती है, जिसकी याद कभी नहीं भुलाई जा सकती। उन्होंने कहा कि मां के आशीर्वाद से ही वे इस मुकाम तक आए है। इस धरती पर हर मां का स्थान सबसे ऊंचा है। मौके पर कानू हलवाई विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, किरिशन मुरारी उर्फ मुरली गुप्ता, संजय गुप्ता समेत अन्य उपस्थित लोगों ने भी स्वर्गीय शारदा कुँवर की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अर्धवार्षिक मूल्यांकन के दौरान शिक्षकों की छुट्टी पर रोक, बीईओ ने जारी किया कार्यालय आदेश

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। आगामी अर्धवार्षिक मूल्यांकन-2026 को देखते हुए बंदरा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड क्षेत्र के सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित संचालन तथा छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। परीक्षा अवधि में विद्यालय में कार्यरत सभी संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। आदेश में शिक्षकों को परीक्षा संचालन से संबंधित अपने निर्धारित दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि अत्यंत विशेष एवं अपरिहार्य परिस्थिति में ही पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने के बाद अवकाश देय या मान्य होगा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, बंदरा की ओर से जारी आदेश में इसे अति आवश्यक समझते हुए अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यालय आदेश का ज्ञापांक 171 है और यह 12 सितंबर 2026 को जारी किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

एआईएलयू के छठे बिहार राज्य सम्मेलन में भाग लेने मुजफ्फरपुर से 30 अधिवक्ता मोतिहारी रवाना

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। लिए ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन (AILU) के छठे बिहार राज्य सम्मेलन में भाग लेने के लिए शनिवार को मुजफ्फरपुर से लगभग 30 अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल से मोतिहारी

के लिए रवाना हुआ। यह दो दिवसीय राज्य सम्मेलन 12 एवं 13 सितम्बर 2026 को मोतिहारी स्थित उमाकांत शुक्ला नगर, वाई.एस. वाटिका में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 200 निर्वाचित प्रतिनिधियों के शामिल होने की बात आयोजकों द्वारा बताई गई है। सम्मेलन का प्रमुख विषय न्यायिक जवाबदेही, असहमति एवं विरोध के अधिकार तथा संवैधानिक सुरक्षा है। मुजफ्फरपुर से रवाना हुए अधिवक्ताओं का नेतृत्व कर रहे महेंद्र राय ने कहा कि संविधान की रक्षा, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, कानून के शासन और लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूती के लिए अधिवक्ता समुदाय को अपनी जिम्मेदारी और अधिक मजबूती से निभानी होगी। बताया गया कि सम्मेलन को वरिष्ठ अधिवक्ता विकास रंजन भट्टाचार्य, पी.वी. सुरेंद्र नाथ एवं अनिल कुमार चौहान भी संबोधित करेंगे। राज्य सम्मेलन के माध्यम से बिहार में न्याय एवं लोकतंत्र से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों पर अधिवक्ताओं के बीच संवाद और संगठनात्मक एकजुटता को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। सम्मेलन मे शामिल होने गए शिष्टमंडल मे प्रमोद दिलावरी, मनोज कुमार मिश्र, मो. नौशाद, विजय कुमार सिंह, विकास कुमार, एम. एन. अंसारी आजाद, बी. के. निराला, सुप्रभात कुमार, रवि रंजन, संतोष कुमार, काजिम मुल्लाह, शशिशेखर कुमार, आर. के. मेहता, विनोद कुमार, कमलेश्वर महतो, संदीप कुमार सिंह शामिल है.

भाजपा पताही मंडल के अध्यक्ष बने सुनील गुप्ता

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। भाजपा पूर्वी मुजफ्फरपुर के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार गुप्ता को पताही नगर मंडल के अध्यक्ष पद पर मनोनयन की घोषणा की। मनोनयन की घोषणा के साथ हीं पत्र



जारी कर उन्हें पताही मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। मनोनयन पर सुनील गुप्ता ने कहा कि जिला नेतृत्व ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें जिम्मेदारी दी है, वे पार्टी हित में उम्मीद से बेहतर काम करेंगे। ज्ञात हो कि सुनील कुमार गुप्ता मझौली खेतल पंचायत के पूर्व उपमुखिया रह चुके हैं एवं मझौली खेतल विकास मंच के अध्यक्ष के तौर पर विगत 16 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सुनील के मनोनयन पर मुखिया पति संजय पासवान, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष कुंदन कुमार पिंकू, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिवाकर शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सैयद अफरीदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव सिंह, भाजपा नेता हरे राम मिश्रा, जेपी त्रिवेदी, बद्री ठाकुर, मनोरमा पासवान, वार्ड सदस्य राजेश नारायण तिवारी, विरंजन कुमार, राजेंद्र राम, राजकुमार पासवान, राहुल सोनी, संजय दुबे, रामप्रवेश कुमार, सनी गौतम आदि ने खुशी जताते हुए बधाई दी है।

फहद जमा समेत 17 लोग कांग्रेस में शामिल

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी ने दिलाई सदस्यता

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, ठखकके राष्ट्रीय प्रभारी डॉ कन्हैया कुमार, कांग्रेस प्रदेश महासचिव राशिद हुसैन चौधरी, कांग्रेस राज्य सचिव दीनबंधु क्रांतिकारी की उपस्थिति में मुजफ्फरपुर के चर्चित सामाजिक - राजनितिक कार्यकर्ता सह इंसाफ अधिकार मंच के राज्य कोषाध्यक्ष और आई. टी. सेल के प्रभारी फहद जमा के नेतृत्व में 17 लोगों ने कांग्रेस की सदस्ता ग्रहण की।

कांग्रेस की सदस्ता ग्रहण करने वाले मुख्य लोगों मे नसीम अख्तर, सफी अहमद, रिजवान सिद्धिकि, मोहम्मद निजामुद्दीन आदि शामिल है।

फहद जमा को कांग्रेस की सदस्ता दिलाते हुए बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा की 2014 से इस देश को नफरत की आग में झोक दिया गया है समाज के ताने -बाने को भाजपा संघ परिवार ने अपनी राजनीति के लिये तोड़ दिया है। लेकिन गत दिनों हुए देश स्तर के छात्र आंदोलन ने इस देश के लोगों को आशा की एक उम्मीद जगाई है। इसी क्रम में मुजफ्फरपुर के सड़को पर आंदोलन करने वाले फहद जमा अपने साथियों के साथ कांग्रेस में

फहद जमाँ को पार्टी की सदस्यता दिलाते कांग्रेस के नेतागण।

शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि इनके आने से मुजफ्फरपुर में कांग्रेस मजबूत होंगी और जनता के सवालों पर आंदोलन करती हुई दिखेगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कांग्रेस इस देश के लोगों की उम्मीद है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा की ये देश नौजवानों का देश है और आज मुझे फहद जमा और उनके साथियों को सदस्ता दिलाते हुए खुशी हो रही की इनके साथ कांग्रेस में आने वाले सभी साथी नौजवान है।

उन्होंने कहा कि नौजवान हीं कांग्रेस का भविष्य है और आने वाले दिनों में इन्ही नौजवानों के मजबूत कंधो पर कांग्रेस की बागडोर होंगी। मिलन समारोह के मुख्य अतिथि एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ कन्हैया कुमार ने कहा की फहद जमा बिहार के अंदर मुस्लिम सवालों पर इंसाफ अधिकार मंच बनाकर आतंकवाद के नाम पर बिहार से गिरफ्तार किये जा रहे मुस्लिम नौजवानों को बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। भाजपा के द्वारा लाये जा रहे कई काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन खड़े किए। कन्हैया कुमार ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के सवालों पर इनकी समझदारी काफी गहरी है, ऐसे साथी आज कांग्रेस में आ रहे है तो निश्चित रूप से बिहार मे कांग्रेस मजबूत होंगी।

मूक-बधिर नाबालिग से दुष्कर्म, ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के कांटी थाना क्षेत्र में एक मूक-बधिर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि रिश्ते के बहनोई ने शुक्रवार की रात नाबालिग को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक जो पीड़िता का रिश्ते में बहनोई लगता है उसने नाबालिग को अकेला पाकर कथित तौर पर जबरन एक घर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के दौरान पीड़िता ने विरोध किया और शोर मचाने का प्रयास किया। उसकी आवाज और हलचल सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने

आरोपी को मौके पर हीं पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों के कब्जे से आरोपी को अपने हिरासत में लिया और उसे कांटी थाने ले गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मौके पर किसी तरह की हिंसक स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।

इस मामले में एसडीपीओ पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि कांटी थाना क्षेत्र के एक गांव में मूक-बधिर नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना की सूचना मिली थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजू सहनी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं

घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल की टीम को घटनास्थल पर बुलाया। टीम ने मौके से आवश्यक नमूने और तकनीकी साक्ष्य जुटाए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि पीड़िता का नियमानुसार मेडिकल कराया गया है। साथ ही, मूक-बधिर विशेषज्ञों की सहायता से उसका बयान भी दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

जेल में फांसी लगाने की कोशिश साथी की सतर्कता से बची जान

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में गुरुवार की देर रात एक विचाराधीन बंदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जमानत याचिका खारिज होने की जानकारी मिलने के बाद मानसिक तनाव में आए बंदी मो. सिराज ने जेल कक्ष के शौचालय में गमछे का फंदा बनाकर गले में डाल लिया। हालांकि, समय रहते साथी बंदी की नजर पड़ जाने और जेल प्रशासन की तत्परता से उसकी जान बचा ली गई। जानकारी के अनुसार, मो. सिराज के परिजनों ने गुरुवार को ई-मुलाकाती पोर्टल के माध्यम से उससे मुलाकात की थी। इसी दौरान परिजनों ने उसे कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने की जानकारी दी। जमानत नहीं मिलने की बात सुनकर वह काफी तनाव में आ गया था। देर रात उसने आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया।

बताया गया कि जेल कक्ष संख्या 3/4 में बंद सिराज रात करीब 12:25 से 12:35 बजे के बीच शौचालय में गया और गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाने की कोशिश की। इसी दौरान कक्ष में बंद दूसरे

जमानत खारिज होने की खबर से तनाव में आया बंदी

बंदी रंजन कुमार शौच के लिए उठे। उनकी नजर फंदे से लटके सिराज पर पड़ी। उन्होंने तत्काल सिपाहियों को सूचना दी। इसके बाद कक्षपाल को अलर्ट किया गया और दरवाजा खोलकर सिराज को नीचे उतारा गया। जेल प्रशासन ने उसे तत्काल कारा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। फिलहाल बीएसएपी की कड़ी सुरक्षा के बीच एसकेएमसीएच में उसका इलाज चल रहा है। मो सिराज पियर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर छपरा में 30 अप्रैल को चिकन शॉप संचालक मो. नौशाद की हत्या के मामले में जेल में बंद है। पुलिस जांच के अनुसार, सिराज पर अपनी पत्नी के प्रेमी की हत्या करने का आरोप है। इस मामले में उसे गिरफ्तार कर छह मई को शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा भेजा गया था। घटना के संबंध में जेल प्रशासन ने मिठनपुरा थाने में प्राथमिकी करने के लिए आवेदन दिया है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 953 वाहनों के 3113 लंबित ट्रैफिक चालान का निपटारा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। शहर के सिकंदरपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित ट्रैफिक चालान का निपटारा कराने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। खासकर लंबे समय से लंबित ई-चालान और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों के निपटारे को लेकर वाहन मालिकों में खासा उत्साह दिखा। सुबह से ही स्टेडियम परिसर में चालान जमा करने और मामलों के निष्पादन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं।

राष्ट्रीय लोक अदालत में त्वरित निष्पादन की प्रक्रिया के तहत अब तक 953 वाहनों के कुल 3113 लंबित चालानों का निपटारा किया जा चुका है। इससे करीब 25 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई है। अधिकारियों के अनुसार, शाम तक चालान के निपटारे और राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।

वाहन मालिकों की सुविधा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्टेडियम परिसर में विशेष काउंटर और स्पेशल बेंच बनाए गए हैं। इन काउंटरों के माध्यम से लोगों को अपने लंबित चालानों से संबंधित प्रक्रिया पूरी करने और मामलों का त्वरित निपटारा कराने में सुविधा मिल रही है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति और नियमानुसार मिलने वाली छूट का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में वाहन मालिक अपने पुराने चालानों का निपटारा करा रहे हैं। इससे लोगों को लंबित मामलों से राहत मिल रही है। डीटीओ प्रियंका सिन्हा ने बताया कि चालानों का पहले से सत्यापन किए जाने के कारण उनके निष्पादन में काफी आसानी हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया को सरल और तेज रखने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, दिन समाप्त होने तक निपटाए गए चालानों और प्राप्त राजस्व की संख्या में और वृद्धि हो सकती है।

गायघाट सामाजिक मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बने सुखदेव प्रसाद सिंह

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। गायघाट सामाजिक मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को भूसुरा स्थित प्रधान कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से रामनगर निवासी सुखदेव प्रसाद सिंह को मंच का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुख्यालय प्रभारी रंजन कुमार ने कार्यकारी अध्यक्ष के पद के लिए सुखदेव प्रसाद सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा। मंच के महासचिव रामनरेश प्रसाद सिंह ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया। इसके बाद मौजूद सदस्यों ने तालियों के साथ ध्वनि मत से प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई। बैठक में तय किया गया कि 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिला शिक्षा पदाधिकारी से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल की ओर से शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर मांग पत्र सौंपा जाएगा। बैठक में सुबोध कुमार सिंह, सुखदेव प्रसाद सिंह, रंजन कुमार, संजीव कुमार संजू, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, रामनरेश प्रसाद सिंह, जयदेव प्रसाद सिंह, अभिनाश उर्फ राजा, हीरा कुमार, उपेंद्र कुंवर, लक्षण सिंह समेत अन्य ने भाग लिया।

सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य पर पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया फोकस

एक माह का 'सेवा संकल्प' अभियान समाज के सभी वर्गों को सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ने का एक प्रयास : राधामोहन सिंह

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

अभियान की जानकारी सांसद राधा मोहन सिंह ने आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से शुरू होने वाला यह एक माह का अभियान समाज के सभी वर्गों को सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ने का प्रयास है। राधा मोहन सिंह ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक के सफर में नरेंद्र मोदी ने सत्ता को हमेशा जनसेवा का माध्यम माना है। उनके नेतृत्व में गरीब, किसान, युवा,

प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह।

महिला और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ देश के विभिन्न वर्गों तक पहुंचा है और भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान देशभर में विभिन्न रचनात्मक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हर बूथ पर 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित किया जाएगा। स्कूलों में सेवा चित्र के तहत ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिताएं तथा 'सेवा के रंग' के तहत रंगोली कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा 'सेवा स्मरण' संगीत-नाट्य प्रस्तुति और आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

अभियान के तहत 'कहानी बदलाव की' कार्यक्रम के माध्यम से विकास और बदलाव की कहानियों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। वहीं पवित्र जल के साथ 'वडनगर-वाराणसी यात्रा' भी प्रस्तावित है। भाजपा नेताओं के अनुसार, अभियान के दौरान पार्टी कार्यकर्ता आम लोगों के बीच जाकर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे और सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में भागीदारी करेंगे। अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को विकास और जनसेवा की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसे लेकर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह है। इस दौरान उन्होंने एक माह तक चलने वाले इस अभियान के आयोजित होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा मुजफ्फरपुर पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित इस प्रेस वार्ता मे बीस सूत्री बिहार सरकार सदस्य राजेश वर्मा, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, जिला महामंत्री मनोज तिवारी, मीडीया टीम प्रभारी सह कोषाध्यक्ष डॉ साकेत शुभम ठाकुर, सम्राट गुप्ता, जिला प्रवक्ता जुनैद खान, मिडीया प्रभारी रंजन ओझा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

भारत-नेपाल सीमा से जुड़े विभिन्न विषयों की सीतामढ़ी जिलाधिकारी ने की समीक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में भारत-नेपाल सीमा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीमा क्षेत्र की सुरक्षा, तस्करी की रोकथाम, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में एसएसबी की 20वीं एवं 51वीं बटालियन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। एसएसबी द्वारा वॉच टावर निर्माण एवं अन्य कार्यों के क्रियान्वयन से संबंधित विषयों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एनआईसी कक्ष में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया व अन्य।

भारत-नेपाल सीमा पर घोषित नो-मैन्स लैंड में शेष बचे अतिक्रमण को हटाने, जाली भारतीय मुद्रा के प्रचलन पर रोक लगाने, साइबर फ्रॉड एवं अवैध दूरसंचार से जुड़े मामलों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सीमा क्षेत्र में ट्रकों के नियमित आवागमन की जांच, वाहन चालकों के निर्गत अनुज्ञप्तियों का सत्यापन, आधार कार्ड की जांच तथा जीएसटी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

सीमावर्ती प्रखंडों की सुरक्षा व्यवस्था, तस्करी की रोकथाम तथा अन्य अवैध गतिविधियों की स्थिति का किया गया विस्तृत आकलन

जिलाधिकारी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में दवा दुकानों, पीडीएस दुकानों एवं लाभुकों, उर्वरक के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं तथा बैंकों में स्थापित सीएमडी मशीनों आदि की जांच नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में म्यूल बैंक खातों के माध्यम से होने वाले वित्तीय अपराधों तथा फर्जी कंपनियों के संचालन से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने ऐसे मामलों की गहन जांच कर दोषी तत्वों की पहचान करते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाने पर जोर दिया।

सीमावर्ती जिले में चिन्हित वाइब्रेंट विलेज में केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दिशा में भी जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में विकास कार्यों के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को भी प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में सीमावर्ती प्रखंडों की सुरक्षा व्यवस्था, तस्करी की रोकथाम, मानव तस्करी, पशु तस्करी तथा अन्य अवैध गतिविधियों की स्थिति का विस्तृत आकलन किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सीमा क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता बरतें। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को नियमित गश्ती बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा आवश्यकता के अनुरूप त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयास से ही सीमा क्षेत्र में सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं विकास को प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता एवं तत्परता के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया।

बैठक में एसएसबी के पदाधिकारियों के अलावा पुलिस, प्रशासन एवं संबंधित विभागों के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ने की हत्या की घटना की निंदा, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार ने जिला पार्षद पति बैद्यनाथ महतो की हत्या की घटना की तीव्र निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना पूरी तरह दुर्भाग्यपूर्ण है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि इससे पूर्व भी क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। बावजूद इसके पुलिस द्वारा शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व की घटनाओं में भी पुलिस को सूचना देने के बाद अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा है।उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा पीड़ित को राज्य सरकार मुआवजा देने की मांग की है।

पूर्व लोक अभियोजक ने की हत्याकांड में एसआईटी गठन कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। डुमरा प्रखंड के जिला परिषद प्रतिनिधि बैद्यनाथ महतो की निर्मम हत्या पर पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला ने गहरी निंदा करते हुए अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि महतो लगातार अपराधियों के खिलाफ आवाज उठाते रहे थे, जिसके कारण उनकी हत्या की आशंका है। शुक्ला ने 24 घंटे के भीतर विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर हत्याकांड की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में शराब और भू-माफिया द्वारा अशांति फैलाने की साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने पुलिस महानिदेशक, डीआईजी और पुलिस अधीक्षक से पूर्व की तरह सख्त कार्रवाई कर अपराधियों का पदार्फाश करने की मांग की।

भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह का पहली बार मुजफ्फरपुर आगमन पर हुआ स्वागत

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के पहली बार मुजफ्फरपुर आगमन पर शनिवार को जिला भाजयुमो के द्वारा नगर के कच्ची पक्की चौक स्थित प्रांगण में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिवाकर शर्मा एवं साहेब कुमार साह के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के पहली बार नगर मे प्रवेश करते हीं कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों और गगनभेदी नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण परिसर कार्यकताओं के भारी उत्साह से सराबोर रहा और सभी ने संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। समारोह में संगठन के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और दर्जनों कार्यकताओं के साथ साथ भाजपा के प्रदेशस्तरीय नेता डॉ. राजेश वर्मा, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, पश्चिमी जिला अध्यक्ष हरिमोहन चौधरी, पूर्व सांसद अजय निषाद, अशोक झा, अरविंद कुमार सिंह, रंजन कुमार ओझा, भाजयुमो महामंत्री अमरीश कुमार सूरज, विशाल कुमार, उपाध्यक्ष जयेश सिन्हा, मुकुल सिंह, पंकज सोनी, रवि भूषण कुशवाहा, मंत्री देवकांत झा, यशवर्धन, मिमशाद आलम, जिला प्रवक्ता मनीष कुमार, अभिषेक चौधरी, उमंग कुमार, अखिलेश राज सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन करते युवा मोर्चा के स्थानीय सदस्य।

जिले में 07 से 26 सितंबर तक चलेगा विशेष परिवार नियोजन अभियान, आशा एवं प्रखंड स्तर पर निर्धारित लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मिशन परिवार विकास अभियान के तहत शनिवार को जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ परिवार नियोजन कार्यशाला-सह-समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्घाटन सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव डॉ सुधीर कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो सलीम जावेद द्वारा किया गया। यह अभियान 07 सितंबर से 26 सितंबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है। बैठक में परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए आशा कार्यकताओं के लिए निर्धारित अपेक्षित उपलब्धि पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक आशा को 50 कंडोम, 20 माला-एन, 20 छाया, तथा 10 ई-पिल्स

परिवार नियोजन अभियान को लेकर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला सह समीक्षात्मक बैठक मे शामिल विभागीय अधिकारी।

वितरित करने का लक्ष्य दिया गया। वहीं, प्रखंड स्तर पर 80 महिला नसबंदी, 5 पुरुष नसबंदी, 50 आईयूसीडी तथा 50 अंतरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों ने अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बेहतर समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उद्घाटन समारोह में डॉ सी.के.दास (यक्ष्मा पदाधिकारी), डॉ. संजीव कुमार पाण्डेय (जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी), बिनोद कुमार (जिला लेखा प्रबंधक), राजेश कुमार (जिला डीएमईओ), डॉ. प्रशांत कुमार (प्रभारी जिला सामुदायिक उत्प्रेरक), राजकिरण कुमार (जिला डाटा सहायक), आशा प्रोग्राम से जुड़े पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि, मो. मंजरूर हक, राजीव कुमार सहित पिरामल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा

स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना की प्रगति पर विमर्श

नवसंदेश ब्यूरो

सीतामढ़ी। संयुक्त सचिव-सह-केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल, भाप्रसे की अध्यक्षता में सीतामढ़ी जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम) एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम (एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम) की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिले के संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में जिले की प्रगति की समीक्षा की गई। नीति आयोग के चैंपियंस ऑफ चेंज पोर्टल के मार्च 2026 के आंकड़ों के अनुसार सीतामढ़ी ने 52.9834 से बढ़कर 61.9056 का स्कोर प्राप्त किया तथा 8.922 अंकों का सुधार दर्ज किया। राज्य के आकांक्षी जिलों में सीतामढ़ी तीसरे स्थान पर रहा।

शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति : शिक्षा क्षेत्र की समीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के संक्रमण (ट्रांजीशन), ड्रॉपआउट की रोकथाम, विद्यालय ट्रैकिंग तथा छात्रवृत्ति से संबंधित गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जिले में स्कूल ट्रैकिंग रजिस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को ट्रैक किया जा रहा है, ताकि संक्रमण के दौरान संभावित ड्रॉपआउट को रोका जा सके। प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर संक्रमण दर 86.40 प्रतिशत तथा उच्च प्राथमिक से माध्यमिक स्तर पर 81.78 प्रतिशत दर्ज की गई है।

विद्यालयों में बालिकाओं के लिए कार्यशील शौचालय, पेयजल एवं विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता 100 प्रतिशत दर्ज की गई है। साथ ही ड्रॉपआउट एवं छात्रवृत्ति के संबंध में शिक्षकों की क्षमता वृद्धि तथा विद्यार्थियों एवं आमजन में जागरूकता के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष जोर : स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में

समीक्षात्मक बैठक को सम्बोधित करते संयुक्त सचिव-सह-केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल व उपस्थित अन्य अधिकारी।

गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, एनीमिया प्रबंधन, टीकाकरण तथा कुपोषण की स्थिति की समीक्षा की गई। अगस्त 2026 में चार या अधिक एएनसी जांच प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का अनुपात 97.11 प्रतिशत रहा। गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के उपचार का कवरेज 100 प्रतिशत दर्ज किया गया।

जिले के सभी 3,788 आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रत्येक माह वीएचएसएनडी आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई। वहीं 505 में से 502 स्वास्थ्य संस्थानों को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के रूप में परिवर्तित किया जा चुका है।

आकांक्षी प्रखंड बैरगनिया की समीक्षा : बैठक में जिले के आकांक्षी प्रखंड बैरगनिया की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मार्च 2026 में बैरगनिया का आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में ओवरआल रैंक 108 दर्ज किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में जुलाई 2026 के आंकड़ों के अनुसार उच्च प्राथमिक से माध्यमिक स्तर पर लड़कों की संक्रमण दर 90.71 प्रतिशत तथा लड़कियों की 90.65 प्रतिशत रही। माध्यमिक से उच्च माध्यमिक स्तर पर लड़कों की संक्रमण दर 90.12 प्रतिशत तथा लड़कियों की 90.92 प्रतिशत दर्ज की गई।

समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सामाजिक विकास, कृषि एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विभिन्न संकेतकों में प्रगति और सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी प्रस्तुत किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले एवं आकांक्षी प्रखंड में विभिन्न विकास संकेतकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष अंतराल को कम करना तथा लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभागीय समन्वय को और मजबूत करना रहा।

बाबा गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव के दूसरे दिन दर्शन पूजन को उमड़े श्रद्धालु

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बाबा गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव का तीन दिवसीय समारोह के दूसरे दिन शनिवार को मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर रहा। स्थानीय सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन पूजन को पहुंचे।

जन्मोत्सव का मुख्य धार्मिक आयोजन 12 सितंबर 2026 को प्रातः करीब 4 बजे से शुरू हुआ। सबसे पहले मुख्य यजमान अमरेन्द्र कुमार बाबा गणिनाथ गोविन्द की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद अन्य श्रद्धालु एवं भक्तजनों के द्वारा पूजा-अर्चना का सिलसिला रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बाहर से आने वाले लोगों के लिए तीन धर्मशालाओं में ठहरने एवं विश्राम, भंडारा एवं महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। बाबा गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव समारोह का समापन 13 सितंबर 2026 को बेत पूजन के साथ होगा। समारोह को सफल बनाने में आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

तीन दिवसीय जन्मोत्सव का बेत पूजन के साथ आज समापन

कार्यक्रम की देखरेख अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, सचिव शशि कुमार, महामंत्री सुरेश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष छोटू कुमार कर रहे हैं। इसके अलावा समिति के सदस्य प्रेम साह, कैलाश साह, विश्वनाथ साह, विनय कुमार, पारस कुमार, विशाल कुमार, बिट्टू, लाल बाबू शाह, अरुण शाह, किरण गुप्ता, जादू, दीनानाथ शाह एवं रमाशंकर शाह सहित अन्य सदस्यों द्वारा सक्रिय सहयोग किया जा रहा है। पूजा एवं धार्मिक कार्यक्रमों में पुजारी असरफी साह एवं भुनेश्वर भगत, कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार एवं मीडिया व्यवस्था की जिम्मेदारी मीडिया प्रभारी दीपक कुमार एवं सह-मीडिया प्रभारी पवन साह संभाल रहे हैं। जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

फरक्का जल संधि का नवीनीकरण नहीं हो, बिहार की हो रही हकमारी : सत्येंद्र

सीतामढ़ी (एनएसबी)। फरक्का (गंगा) जल संधि के कारण बिहार के हितों को हो रहे नुकसान के प्रति जन-जागरूकता के उद्देश्य से जदयू की ओर से शनिवार को जिला मुख्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें पार्टी के फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि 1996 में भारत-बांग्लादेश के बीच हुई फरक्का जल संधि बिहार के हित में नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने संसद के मानसून सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए संधि का नवीनीकरण नहीं करने तथा किसी भी नई व्यवस्था में वर्ष 2050 तक बिहार की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि संधि के कारण बिहार के किसानों की सिंचाई, पेयजल, उद्योग और लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। रून्नीसैदपुर विधायक पंकज कुमार मिश्रा ने कहा कि फरक्का बराज से गंगा में गाद जमा होने के कारण नदी का तल ऊंचा हुआ है, जिससे उत्तर बिहार में बाढ़ की समस्या बढ़ी है। वहीं, शुष्क मौसम में पानी के बंटवारे से राज्य के कई हिस्सों में जल संकट उत्पन्न होता है।

प्रेसवार्ता करते जदयू जिलाध्यक्ष व पार्टी के विधायक।

उन्होंने कहा कि संधि का 73 प्रतिशत बोझ बिहार उठा रहा है।

सुरसंड विधायक प्रो. नागेंद्र राउत ने कहा कि यह अभियान राजनीतिक नहीं, बल्कि बिहार के हक और जनसरोकार का विषय है। अभियान के तहत गंगा किनारे बसे 12 जिलों में संवाद किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 5 सितंबर को बक्सर से हुआ और समापन कटिहार में होगा। पार्टी का उद्देश्य बिहार की आवाज केंद्र तक पहुंचाकर फरक्का जल संधि पर पुनर्विचार की मांग को मजबूती देना है।

बैरगनिया रेल क्षेत्र से मिले अज्ञात युवक के शव की हुई पहचान

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। पूर्व मध्य रेलवे के बैरगनिया रेल क्षेत्र के जलकुंभी से शुक्रवार को मिले युवक के शव की पहचान साजन पासवान उर्फ कछुआ-18 के रूप में हो गयी है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी ने बताया कि मृतक नगर परिषद, बैरगनिया के वार्ड-12 गांधीनगर निवासी स्व. विजय पासवान के पुत्र है। शव की पहचान होते ही पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। शव घर पहुँचते ही परिजनों में मातम का छा गया और रोने विलखने लगे। इधर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता लगाने के लिए पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट रूप में मौत के कारणों का खुलासा होने की बात कही है। जलकुंभी से जब शव निकाला गया था तब वह काफी फूल चुका था जिससे उसके उम्र का सही आकलन नहीं हुआ था जबकि परिजनों ने उसकी उम्र महज 18 बर्ष बताई है। थानाध्यक्ष श्री गिरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सतपुरवा के समीपवर्ती बगीचा से पिछले दिनों एक 25 बर्षीय अज्ञात युवती का शव पेड़ से लटके हुए अवस्था मे बरामद किया गया था उसकी भी पहचान परसौनी गांव निवासी विनोद चौधरी के पुत्री कुमारी काजल भारती-25 के रूप में की गई है, मृतिका के पास से एक सुसाइट नोट भी बरामद किया गया था।

छात्रों से जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब गीवर बनने की अपील

सीतामढ़ी में 'तेजस' कार्यशाला

सीतामढी (एनएसबी)। एसआईटी, सीतामढी में शनिवार को तेजस (ट्रांसफार्मिंग एंट्रेंपरेनेरियल जर्नीज एक्रॉस स्टेट्स एंड डिस्ट्रिक्टस) कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा नवाचार एवं उद्यमिता के विकास हेतु चलाई जा रही मुहीम तेजस (ट्रांसफार्मिंग एंट्रेंपरेनेरियल जर्नीज एक्रॉस स्टेट्स एंड डिस्ट्रिक्स) के वर्कशॉप का आयोजन अपराह्न 12:00 बजे सीतामढ़ी अभियंत्रण महाविद्यालय, सीतामढ़ी में किया गया। कार्यक्रम में सीतामढ़ी अभियंत्रण महाविद्यालय, सीतामढ़ी के प्रार्चाय सुनील कुमार, जिला उद्योग केन्द्र, सीतामढ़ी के महाप्रबंधक सुश्री प्रिया भारती, परियोजना प्रबंधक राकेश कुमार, सभी उद्योग विस्तार पदाधिकारी, स्टार्ट अप सेल के समन्वयक निशांत कुमार, बीकेपीआई पुपरी के व्याख्याता, मो. शमशाद आलम एवं अन्य की उपस्थिति में एसआईटी सीतामढ़ी के प्रांगण में वृक्षारोपण व दीप प्रज्जवलित करते हुए कार्यकम की शुरूआत की गई। इसके पश्चात महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सीतामढ़ी के द्वारा स्वागत संबोधन

एसआईटी सीतामढ़ी में आयोजित 'तेजस' कार्यशाला में शामिल अधिकारी व अन्य।

किया गया तथा उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही स्टार्ट-अप की परिभाषा, इसकी आवश्यकता के बारे में महत्वपूर्ण विचार साझा किया किए गए। उद्योग विभाग, बिहार सरकार, पटना द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं सभी छात्रो से जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब गीवर बनने की अपील की गई, ताकि जिला में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके।

तत्पश्चात रोहन सचदेव, डीपीआईआईटी, भारत सरकार के पदाधिकारी द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को तेजस प्रोग्राम, स्टार्ट-अप इंडिया की यात्रा उद्देश्य, उपलब्धि, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत स्टार्टअप की संख्या, स्टार्टअप के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ देश भर में सफल स्टार्ट अप की जानकारी प्रदान की गई। तदोपरांत सुनील कुमार, प्रार्चाय एसआईटी, सीतामढ़ी द्वारा कहा गया कि तेजस के वर्कशॉप का आयोजन बार-बार सरकार द्वारा आयोजित किया जाना चाहिए। जिससे छात्रों तथा युवाओं में नवउद्यमिता के प्रति जागरूक हो और स्टार्टअप इंडिया के योजनाओं को सफल बनाया जा सके। कार्यशाला में उपस्थित बीकेपीआई पुपरी के व्याख्याता, मो. शमशाद आलम के द्वारा छात्र-छात्राओं को उद्यम के क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। स्टार्टअप सेल के कॉडिनेटर निशांत कुमार के द्वारा स्टार्टअप से संबंधित छात्र-छात्राओं के साथ विस्तृत जानकारी साझा किया गया।

इसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने स्टार्टअप, ऋण, सरकारी योजनाओं एवं उद्यम स्थापना से संबंधित प्रश्न पूछे तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों के द्वारा प्रश्न से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्टार्टअप बिहार योजना से लाभान्वित उद्यमियों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के दौरान उद्यमियों से वातार्लाप किया गया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना प्रबंधक राकेश कुमार, जिला उद्योग केन्द्र, सीतामढ़ी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं समापन किया गया। मंच का संचालन एसआईटी, सीतामढ़ी की छात्रा सुश्री कुमारी खुशी सिन्हा एवं छात्र नवीन कुमार के द्वारा किया गया।

सम्पादकीय

नई रेल पटरियां, नई रफ्तार

भारत के विकास की रफ्तार को तेज करने में रेल नेटवर्क की भूमिका हमेशा से निर्णायक रही है। देश में सड़क और हवाई परिवहन के विस्तार के साथ-साथ रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि भारतीय रेल केवल यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का माध्यम नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग, व्यापार, रोजगार और सामाजिक जुड़ाव की जीवनरेखा है। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से पांच राज्यों में तीन बड़ी रेल परियोजनाओं को मंजूरी दिया जाना व्यापक आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क के विस्तार से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 10,783 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है और इन्हें वर्ष 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजनाओं के पूरा होने के बाद मौजूदा रेल नेटवर्क में लगभग 656 किलोमीटर अतिरिक्तरेल लाइन जुड़ेगी। इसका सीधा और अप्रत्यक्ष लाभ पांच राज्यों के 14 जिलों, करीब 4,790 गांवों और लगभग 56 लाख लोगों को मिलने की उम्मीद है।

दरअसल, बढ़ती आबादी, औद्योगिक गतिविधियों और यात्रियों की संख्या के साथ देश के कई महत्वपूर्ण रेल मार्गो पर ट्रेनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में नई रेल लाइनें केवल पटरियों की संख्या बढ़ाने की परियोजना नहीं हैं, बल्कि वे पूरे परिवहन तंत्र की क्षमता बढ़ाने वाली आधारभूत संरचना हैं। जहां एक ही रेल लाइन पर यात्री और मालगाड़ियों के संचालन के कारण दबाव रहता है, वहां अतिरिक्तलाइनें ट्रेनों के संचालन को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

इन परियोजनाओं में खड़गपुर-झारसुगुड़ा (बागदेही) चौथी लाइन, कटनी-पेंड्रा रोड चौथी लाइन और बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड तीसरी लाइन शामिल हैं। इन रेल मार्गो का महत्व केवल यात्री परिवहन तक सीमित नहीं है। ये क्षेत्र देश के खनिज, ऊर्जा और औद्योगिक उत्पादन के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कोयला, सीमेंट, लौह अयस्क, लोहा और इस्पात जैसी वस्तुओं की बड़े पैमाने पर ढुलाई इन्हीं रेल गलियारों पर निर्भर करती है। इसलिए इन मार्गो की क्षमता बढ़ने का सीधा प्रभाव औद्योगिक उत्पादन और माल परिवहन की लागत पर भी पड़ सकता है।

परियोजनाओं के पूरा होने के बाद रेलवे की माल ढुलाई क्षमता में सालाना करीब 27 करोड़ टन की वृद्धि होने का अनुमान है। यह आंकड़ा केवल रेलवे की उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। माल की तेज और कम लागत वाली आवाजाही उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाती है। कोयला, सीमेंट, लोहा और इस्पात जैसे भारी माल को लंबी दूरी तक सड़क के बजाय रेल से ले जाना अधिक व्यावहारिक और आर्थिक होता है। रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ने से मालगाड़ियों के संचालन में सुगमता आएगी और औद्योगिक इकाइयों तक कच्चे माल की आपूर्ति तथा तैयार माल की बाजार तक पहुंच को गति मिल सकती है। इसका प्रभाव उत्पादन, निवेश और रोजगार के अवसरों पर भी पड़ना स्वाभाविक है। इन परियोजनाओं का सबसे प्रत्यक्ष लाभ यात्रियों को मिल सकता है। अतिरिक्तरेल लाइनें बनने से व्यस्त मार्गो पर ट्रेनों के संचालन के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे। इससे ट्रेनों को रास्ता देने में होने वाली कठिनाइयां कम हो सकती हैं और यात्री ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार की संभावना बढ़ेगी।

रेल यात्रा की विश्वसनीयता केवल समय पर ट्रेन पहुंचने तक सीमित नहीं है। किसी यात्री के लिए समय पर ट्रेन मिलना, कम विलंब होना, बेहतर कनेक्टिविटी और प्रमुख शहरों तथा कस्बों से सुगम संपर्क उसकी पूरी यात्रा को प्रभावित करता है। इसलिए रेल अवसंरचना का विस्तार आम नागरिक के जीवन को सीधे प्रभावित करने वाला विकास कार्य है। इन परियोजनाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ा है। करीब 4,790 गांवों तक रेल संपर्क में सुधार का अर्थ केवल यात्रा आसान होना नहीं है। बेहतर परिवहन व्यवस्था गांवों के लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बाजार और प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच को भी आसान बनाती है। रेल संपर्क बढ़ने से छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए रोजगार की तलाश में बड़े शहरों तक पहुंच आसान हो सकती है। किसान अपने उत्पादों को व्यापक बाजारों तक पहुंचा सकते हैं।

फरक्का संधि क्या है और क्यों उबल रहा है बिहार

प्रभात कुमार

बिहार में एक नई राजनीतिक यात्रा शुरू हुई है - नीतीश संवाद। मुद्दा है फरक्का जल संधि। जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा इस मुद्दे पर सबसे आक्रामक हैं। सवाल है - फरक्का संधि है क्या विवाद क्यों और जदयू इसे अभी क्यों उठा रहा है

इस पूरे विमर्श को समझने के लिए इतिहास, भूगोल और राजनीति - तीनों को समझना होगा।

फरक्का संधि है क्या : फरक्का बराज पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में गंगा नदी पर बना है, बांग्लादेश सीमा से सिर्फ 18 किलोमीटर पहले। इसे अंग्रेजों ने 1853 में कोलकाता पोर्ट में जमी गाद को साफ करने के लिए सोचा था। 1961 में काम शुरू हुआ और 1975 में इंदिरा गांधी के काल में इसे चालू किया गया। मकसद था - गंगा का 40,000 क्यूसेक पानी फीडर कैनाल से हुगली नदी में डालना ताकि कोलकाता पोर्ट चलता रहे।

लेकिन इसके बनते ही बांग्लादेश - तब पूर्वी पाकिस्तान - में हाहाकार मच गया। गंगा का पानी घट गया, खेतों में खारापन बढ़ गया। 1976 में मौलाना भासानी ने फरक्का के खिलाफ लांग मार्च किया। फिर कई अस्थायी समझौते हुए - 1977, 1982, 1985, पर कोई स्थायी समाधान नहीं निकला।

आखिर 12 दिसंबर 1996 को भारत के प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 30 साल की संधि पर हस्ताक्षर किए। यही गंगा जल बंटवारा संधि है। यह दिसंबर 2026 में खत्म हो रही है।

संधि का फार्मूला क्या है : यह बंटवारा फरक्का पर पानी की उपलब्धता पर तय होता है, जनवरी से मई के सूखे मौसम में -

- अगर फरक्का पर 70,000 क्यूसेक या उससे कम पानी है तो 50-50 बंटवारा।
- 70,000 से 75,000 क्यूसेक के बीच है तो बांग्लादेश को 35,000 क्यूसेक और बाकी भारत को।
- 75,000 से अधिक है तो भारत को 40,000 क्यूसेक और बाकी बांग्लादेश को।

11 मार्च से 10 मई के बीच दोनों देशों को बारी-बारी से 35,000 क्यूसेक की गारंटी दी गई है। अगर पानी 50,000 क्यूसेक से नीचे चला जाए तो तुरंत बैठक का प्रावधान है।

बिहार का विवाद क्या है बिहार तो संधि में पक्ष ही नहीं

यही पेंच है। संधि भारत और बांग्लादेश के बीच है। बिहार इसमें हस्ताक्षरकर्ता नहीं है, बिहार को इसमें कोई हिस्सा नहीं मिला। लेकिन खामियाजा बिहार भुगत रहा है।

बिहार सरकार और जदयू का तर्क तीन है -

1. गाद और बाढ़ का सिद्धांत : फरक्का बराज बनने के 50 साल में गंगा के तल में भारी गाद जमा हो गई है। बराज ने पानी की गति रोक दी, गाद वहीं बैठ गई। इससे गंगा की गहराई और पानी ले जाने की क्षमता घट गई। नतीजा - हर मानसून में गंगा उफनती है, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, पटना में कटाव और बाढ़। उपमुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने खुद कहा है कि फरक्का के कारण गंगा का तल उंचा हो गया है और बाढ़-कटाव वार्षिक घटना बन गई है। इस साल भागलपुर के खरीक में तटबंध का कटाव इसी का उदाहरण है।

2. 1500 क्यूसेक का हिसाब : संजय झा का सबसे चर्चित आंकड़ा है। झा कहते हैं कि संधि की शर्त पूरी करने के लिए बिहार को सूखे मौसम में 1500 क्यूसेक पानी फरक्का के लिए छोड़ना पड़ता है, जबकि उत्तर प्रदेश के बक्सर से बिहार में सिर्फ 400 क्यूसेक पानी ही आता है। यानी बिहार की अपनी नदियां - सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी - जो पानी लाती हैं, उसका 73 प्रतिशत हिस्सा बांग्लादेश चला जाता है। नीतीश कुमार ने भी 2016 में यही तर्क दिया था।

3. बिहार की अनदेखी : 1996 में जब देवगौड़ा सरकार ने संधि की तो बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने बिहार के हितों की रक्षा नहीं की। बिहार को बातचीत में शामिल ही नहीं किया गया। नतीजा बिहार 30 साल से भुगत रहा है। जदयू कह रही है - पिछले 30 साल का डेटा देखिए, बिहार ने क्या खोया और क्या पाया, कितना बड़ा अन्याय हुआ है।

> **30 साल पुरानी संधि का नवीनीकरण दिसंबर 2026 में, बिहार कह रहा - हमारे हक का पानी बांग्लादेश बह रहा है**
>
> यह विवाद सिर्फ पानी का नहीं, संघीय राजनीति का है। भारत-बांग्लादेश संबंध आज नाजुक दौर में हैं, शेख हसीना सरकार के बाद ढाका में भारत विरोधी भावना बढ़ी है। ऐसे में दिल्ली नहीं चाहती कि फरक्का पर विवाद से रिश्ते और खराब हों। लेकिन बिहार कह रहा है - देश की विदेश नीति हमारे खेत डुबोकर नहीं चलेगी। अंत में फरक्का संधि का सच यह है - यह बराज कोलकाता पोर्ट को बचाने के लिए बना था, पर पोर्ट आज भी गाद से जूझ रहा है, बांग्लादेश आज भी पानी कम मिलने का आरोप लगाता है और बिहार हर साल बाढ़ में डूबता है। यानी फरक्का से किसी का भला नहीं हुआ।जदयू ने इसी त्रासदी को अपनी सियासत का हथियार बना लिया है।

विवाद अभी क्यों उठा इसके पीछे राजनीति क्या है

संधि 30 साल बाद दिसंबर 2026 में खत्म हो रही है, अब नवीनीकरण की बारी है। केंद्र सरकार ने इसके लिए जल शक्ति मंत्रालय में बैठकें शुरू की हैं - 22 अगस्त 2023, 30 अक्टूबर 2023, 15 मार्च 2024 और 31 मई 2024 को बिहार सरकार के प्रतिनिधि को बुलाया भी गया है।

जदयू ने इसी को अवसर बनाया है। इसके पीछे चार स्तरीय रणनीति है -

पहली रणनीति - भाजपा पर दबाव : केंद्र में मंत्रिमंडल फेरबदल की चर्चा है। जदयू को एक और मंत्री पद चाहिए। बिहार में विधान परिषद सभापति का पद भाजपा के पास है, जदयू उसे लेना चाहती है। फरक्का जैसा भावनात्मक मुद्दा उठाकर जदयू भाजपा को धर्मसंकट में डाल रही है - अगर भाजपा बिहार के हित की बात नहीं मानेगी तो वह बिहार विरोधी कहलाएगी।

दूसरी रणनीति - नीतीश के बाद जदयू की प्रासंगिकता : नीतीश कुमार के सक्रिय राजनीति से हटने के बाद जदयू के पास कोई बड़ा मुद्दा नहीं बचा। जातीय जनगणना, विशेष राज्य का दर्जा सब ठंडे पड़ गए। फरक्का एक ऐसा मुद्दा है जिस पर भाजपा भी बिहार के खिलाफ नहीं बोल सकती और जदयू को बिहार की पार्टी होने का सर्टिफिकेट मिल जाता है।

तीसरी रणनीति - संजय झा का अपना कद : संजय झा सबसे अधिक समय तक जल संसाधन मंत्री रहे हैं। वह खुद को नीतीश के विकास मॉडल का उत्तराधिकारी दिखाना चाहते हैं। फरक्का पर आक्रामक होना उन्हें दो लाभ देता है - एक, वह नीतीश से भी बड़े बिहार के हितैषी दिखते हैं, दूसरा, दिल्ली में विदेश मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय से सीधी बातचीत का मौका मिलता है। यह उन्हें ललन सिंह के बराबर राष्ट्रीय नेता बनाता है।

चौथी रणनीति - कोसी-गंगा बेल्ट में वोट : जदयू का कोर वोटर अति पिछड़ा और महादलित है, जो गंगा-कोसी के किनारे रहता है। हर साल बाढ़ में वही डूबता है। फरक्का को बाढ़ का कारण बताकर जदयू कह रही है - देखो, तुम्हारी बर्बादी का कारण दिल्ली-ढाका की संधि है, हम तुम्हारे लिए लड़ रहे हैं।

इसे नीतीश संवाद क्यों कहा गया यह सबसे चतुर ब्रांडिंग है।

जब पार्टी का नाम नीतीश संवाद दिया जाता है तो दो काम होते हैं। पहला, नीतीश कुमार जो अब हाशिए पर हैं, उनके नाम की सहानुभूति मिलती है। कार्यकर्ता को लगता है यह नीतीश जी की लड़ाई है। दूसरा, अगर यह आंदोलन सफल रहा तो क्रेडिट संजय झा को मिलेगा, असफल रहा तो कहा जाएगा - नीतीश जी के नाम पर किया था।

दरअसल नीतीश संवाद फरक्का पर जनमत बनाने की 12 जिलों की यात्रा है - पटना, भागलपुर, मुंगेर, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, सारण, बेगूसराय, खगड़िया, कटिहार, मुर्शिदाबाद सीमा तक। यह 1996 की संधि की समीक्षा से पहले बिहार का दबाव समूह बनाने की कोशिश है।

सरकार अब मांग कर रही है कि नई संधि में तीन चीजें हों - राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति बने, 2050 तक बिहार की पीने, सिंचाई और उद्योग की जरूरत को प्राथमिकता दी जाए और बिहार को औपचारिक पक्ष बनाया जाए।

निहितार्थ क्या है

यह विवाद सिर्फ पानी का नहीं, संघीय राजनीति का है। भारत-बांग्लादेश संबंध आज नाजुक दौर में हैं, शेख हसीना सरकार के बाद ढाका में भारत विरोधी भावना बढ़ी है। ऐसे में दिल्ली नहीं चाहती कि फरक्का पर विवाद से रिश्ते और खराब हों। लेकिन बिहार कह रहा है - देश की विदेश नीति हमारे खेत डुबोकर नहीं चलेगी।

अंत में फरक्का संधि का सच यह है - यह बराज कोलकाता पोर्ट को बचाने के लिए बना था, पर पोर्ट आज भी गाद से जूझ रहा है, बांग्लादेश आज भी पानी कम मिलने का आरोप लगाता है और बिहार हर साल बाढ़ में डूबता है। यानी फरक्का से किसी का भला नहीं हुआ।

जदयू ने इसी त्रासदी को अपनी सियासत का हथियार बना लिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अभाव-ग्रस्त लोगों को प्रेरणा देती है न्यायमूर्ति मान्धाता सिंह की आत्म-कथा

अभाव, संघर्ष और श्रम की भट्ठी में तपकर निकले हुए व्यक्तियों का जीवन सुवर्ण सा चमकता हुआ दिखायी देता है। ऐसे ही व्यक्तियों की जीवनी प्रेरणा दायी होती है। पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश और मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष रहे न्यायमूर्त्ति मान्धता सिंह का जीवन, ऐसी ही संघर्षपूर्ण और श्रमसाध्य उपलब्धियों से भरा है। शून्य से शिखर तक की उनकी जीवन-यात्रा, जीवनानुभूतियाँ और विचार अवश्य ही समाज के लिए प्रेरणास्पद है।

साहित्य सम्मेलन में पुस्तक मेरा जीवन, अनुभूतियाँ और विचार का हुआ लोकार्पण, हुई काव्य-प्रतियोगिता।

यह बातें शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, सम्मेलन द्वारा प्रकाशित श्री सिंह की पुस्तक मेरा जीवन, अनुभूतियाँ और विचार का लोकार्पण करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही।

उन्होंने कहा कि गंगा के कटाव वाले एक सुदूर ग्राम में एक सीमांत किसान के पुत्र के रूप में जन्म लेने वाले लेखक ने खेतों में काम करते हुए अपनी पढ़ाई पूरी की। अपने गाँव के प्रथम स्नातक, अधिवक्ता और जिला न्यायालय से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में, अपने कुल का गौरव बढ़ाया।

रामचरित मानस से अनुप्राणित लेखक ने अपनी इस आत्मकथा में मानस के मर्म को भी समझने तथा समझाने की चेष्टा की है। यह पुस्तक पठनीय और अनुकरणीय है।

समारोह के मुख्य अतिथि और संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने पुस्तक के लिए लेखक को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी ही पुस्तकें छात्र-छात्राओं को जीवन के संघर्षो से उबरने की शक्ति प्रदान करती हैं।

सुप्रसिद्ध लेखिका किरण सिंह ने कहा कि लेखक जो हमारे परिवार के सदस्य की तरह हैं, अपनी पुस्तक में अपने कठिन-काल के अनुभवों को एक न्यायाधीश की भाँति ही सत्य और निष्ठा से लिखा है। सत्यता और सरलता ही इस पुस्तक की विशेषता है।

वरिष्ठ साहित्यकार डा रत्नेश्वर सिंह, अवकाश प्राप्त अभियन्ता भोला सिंह, लेखक की धर्मपत्नी देवंती सिंह, कवयित्री आराधना प्रसाद तथा ई अशोक कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

इस अवसर पर लेखक के जिला-जज पुत्र माधवेंद्र सिंह, अधिवक्ता पुत्र राघवेंद्र सिंह तथा व्याख्याता पुत्र यादवेंद्र सिंह, पुत्र वधुएँ प्रियंका सिंह, शिल्पी कुमारी तथा डा ज्योति जी, आचार्य विजय गुंजन, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, लेखिका डा पुष्पा जमुआर, पं उमेश मिश्र, विभा रानी श्रीवास्तव, सिद्धेश्वर, चंदा मिश्र, डा मनोज गोवर्धनपुरी, शमा कौसर शमा, नम्रता कुमारी, सुजाता मिश्र, डा करुणा पीटर, डा. नागेश्वर प्रसाद यादव, बाँके बिहारी साव, इन्दु भूषण सहाय, हरेंद्र कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में सुधीजन की उपस्थिति थी।

आज विद्यार्थियों के लिए काव्य-पाठ-प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें डॉन बास्को अकादमी, दीघा, शिवम् कौवेंट, न्यू बाइपास, पटना, किलकारी बिहार बाल भवन, सैदपुर, पटना, इंफैंट जीसस स्कूल, पटना सिटी, संत जौंस पब्लिक हाई स्कूल, पार्करोड, कदमकुआँ, पटना,गोकुल जगत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तरियानी, शिवहर, गंगस्थली, दीघा के से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता दी।

आस्था

हरतालिका व्रत : आस्था, प्रेम और संकल्प का अनुपम पर्व

प्रमोद कुमार सिंह

हरतालिका व्रत केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, प्रेम, समर्पण, त्याग और अटूट विश्वास की जीवंत अभिव्यक्ति है।

भारतीय संस्कृति में पर्व-त्योहार केवल कैलेंडर की तारीखें नहीं होते, वे हमारी सामाजिक और पारिवारिक चेतना को जोड़ने वाले भावनात्मक सूत्र होते हैं। हरतालिका तीज भी ऐसा ही पर्व है, जिसमें स्त्री की श्रद्धा, संकल्प और परिवार के प्रति उसकी मंगलकामना एक साथ दिखाई देती है।

भाद्रपद शुक्ल तृतीया को मनाया जाने वाला हरतालिका व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के पवित्र दांपत्य प्रेम और तपस्या की स्मृति से जुड़ा है।

मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। उनकी इसी अटूट साधना और संकल्प की स्मृति में महिलाएं श्रद्धापूर्वक हरतालिका व्रत करती हैं। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि सच्ची श्रद्धा केवल मांगने का नाम नहीं, बल्कि विश्वास के साथ अपने संकल्प पर अडिग रहने का नाम है।

हरतालिका व्रत की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भावनात्मक गहराई है। व्रत रखने वाली महिलाएं केवल अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना नहीं करतीं, बल्कि इस अवसर पर वे अपने परिवार, रिश्तों और जीवन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी नए सिरे से महसूस करती हैं। निर्जला व्रत की कठिन साधना उनके आत्मबल, धैर्य और संकल्प की परीक्षा भी होती है।

लेकिन बदलते समय में इस पर्व के मूल भाव को समझना और भी जरूरी हो गया है। व्रत का मूल्य केवल भूखे रहने में नहीं, बल्कि मन में प्रेम, व्यवहार में करुणा और रिश्तों में सम्मान बनाए रखने में है। यदि पूजा के बाद भी हमारे व्यवहार में कटुता, अहंकार और भेदभाव बना रहे, तो किसी भी धार्मिक अनुष्ठान की आत्मा अधूरी रह जाती है।

हरतालिका हमें माता पार्वती के चरित्र से एक महत्वपूर्ण प्रेरणा देती है अपने जीवन के निर्णयों और संकल्पों के प्रति दृढ़ रहना। परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, सच्चा विश्वास व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाता है। यही कारण है कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि नारी के आत्मबल और इच्छाशक्ति का भी प्रतीक माना जा सकता है।

आज जब आधुनिक जीवन की भागदौड़ में रिश्तों के लिए समय कम होता जा रहा है, हरतालिका जैसे पर्व हमें ठहरकर अपने संबंधों को देखने का अवसर देते हैं। पति-पत्नी का रिश्ता केवल सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि समानता, विश्वास, सम्मान, संवाद और सहयोग की साझेदारी है। जीवन की कठिन राहों पर दोनों एक-दूसरे का हाथ थामकर चलें, यही किसी भी दांपत्य जीवन की वास्तविक सुंदरता है।

इस पर्व का संदेश केवल महिलाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए। जिस तरह पत्नी परिवार की खुशहाली और पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती है, उसी तरह पति का भी दायित्व है कि वह पत्नी के त्याग, भावनाओं और अस्तित्व का सम्मान करे। रिश्ता तभी मजबूत होता है, जब त्याग एकतरफा न होकर पारस्परिक सम्मान और सहयोग में बदल जाए।

हरतालिका की पूजा में मिट्टी से शिव-पार्वती की प्रतिमा बनाना भी अपने आप में गहरा सांस्कृतिक संदेश देता है। मिट्टी हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है। यह याद दिलाती है कि जीवन की सारी भौतिक उपलब्धियों के बावजूद मनुष्य अंततः प्रति और अपनी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। पूजा-पद्धति में प्रति के प्रति सम्मान, सादगी और लोक परंपराओं की सुंदर छाप दिखाई देती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम त्योहारों को केवल दिखावे का माध्यम न बनने दें। महंगे वस्त्र, आभूषण और सजावट पर्व की सुंदरता बढ़ा सकते हैं, लेकिन उसकी आत्मा नहीं। पर्व की असली सुंदरता तब है, जब घर में प्रेम बढ़े, रिश्तों में मिठास आए, बुजुर्गो को सम्मान मिले, बेटियों को बराबरी मिले और परिवार में खुशियों का वातावरण बने।

हरतालिका का संदेश यह भी है कि नारी को केवल त्याग की प्रतिमूर्ति मानकर उसके अधिकारों और इच्छाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय परंपरा में माता पार्वती स्वयं शक्ति का प्रतीक हैं। वे केवल पत्नी नहीं, आदिशक्ति हैं। इसलिए हरतालिका का पर्व नारी के सम्मान, आत्मविश्वास और गरिमा का उत्सव भी बन सकता है।

हाइड्रा ऑडियो बनी फ्लिपकार्ट गियर अप की आधिकारिक ध्वनि साझेदार

6 सितंबर 2026 को चमारा वज्र, बेंगलुरु में आयोजित फ्लिपकार्ट गियर अप कार्यक्रम में हाइड्रा ऑडियो ने आधिकारिक ध्वनि साझेदार के रूप में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध व्यक्तित्वों की मौजूदगी, हास्य प्रस्तुति, जीवंत संगीत और मंचीय संवाद जैसे अलग-अलग मनोरंजन प्रारूप शामिल थे, जहां पेशेवर ध्वनि व्यवस्था पूरे आयोजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही।

हाइड्रा ऑडियो की इस भागीदारी के पीछे एक प्रेरक उद्यमशील यात्रा भी जुड़ी है। ब्रांड के संस्थापक रौशन कुमार का संबंध मुजफ्फरपुर, बिहार से है। एक छोटे शहर से अपनी यात्रा शुरू कर ध्वनि और इलेक्ट्रनिक उत्पादों के क्षेत्र में एक ब्रांड विकसित करना और फिर बेंगलुरु जैसे बड़े महानगर में आयोजित प्रमुख आयोजन के साथ आधिकारिक साझेदारी तक पहुंचना, हाइड्रा ऑडियो की विकास यात्रा को एक अलग पहचान देता है।

फ्लिपकार्ट गियर अप में रणविजय सिंह, जो रोडीज से अपनी पहचान के लिए जाने जाते हैं, पेशेवर हास्य कलाकार अभिजीत गांगुली और जीवंत संगीत दल पाइनएप्पल एक्सप्रेस कार्यक्रम का हिस्सा रहे। अलग-अलग तरह के मंचीय प्रारूपों के कारण ध्वनि व्यवस्था की आवश्यकताएं भी अलग थीं।

प्रसिद्ध व्यक्तित्वों के साथ मंचीय संवाद और बातचीत के दौरान साफ और स्पष्ट आवाज जरूरी होती है, ताकि संदेश पूरे आयोजन स्थल तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। वहीं, हास्य प्रस्तुति में शब्दों की स्पष्टता और समयबद्धता बेहद महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि प्रस्तुति का प्रभाव सीधे सुनने की गुणवत्ता पर निर्भर करता है।

जीवंत संगीत प्रस्तुति के मामले में आवश्यकताएं अलग होती हैं। संगीत के विभिन्न तत्वों को संतुलित रूप से प्रस्तुत करना, पूरे स्थल में एकसमान ध्वनि बनाए रखना और प्रस्तुति की ऊर्जा को बरकरार रखना पेशेवर ध्वनि सहयोग की अहम जिम्मेदारियों में शामिल होता है।

मुजफ्फरपुर के उद्यमी रौशन कुमार की हाइड्रा ऑडियो बनी फ्लिपकार्ट गियर अप की आधिकारिक ध्वनि साझेदार।

ऐसे बहु-प्रारूप कार्यक्रम में हाइड्रा ऑडियो की भूमिका केवल ध्वनि की तीवता तक सीमित नहीं थी, बल्कि स्पष्ट स्वर, संतुलित संगीत प्रस्तुति, मंचीय ध्वनि सहयोग और लगातार भरोसेमंद ध्वनि वितरण जैसे पहलुओं से जुड़ी रही।

यह साझेदारी हाइड्रा ऑडियो के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ब्रांड की बढ़ती पेशेवर मौजदगी को दर्शाती है। जीवंत आयोजनों और मनोरंजन आधारित कार्यक्रमों में ध्वनि की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है, और ऐसे वातावरण में आधिकारिक ध्वनि साझेदार के रूप में जुड़ना ब्रांड की तकनीकी और व्यावसायिक दिशा को भी सामने लाता है।

रौशन कुमार की यात्रा इस कहानी को और खास बनाती है। मुजफ्फरपुर, बिहार से निकलकर एक ध्वनि ब्रांड को विकसित करना और उसे बड़े आयोजनों से जोड़ना भारतीय उद्यमिता की उस कहानी का हिस्सा है, जहां छोटे शहरों से आने वाले व्यवसायी नए बाजारों और बड़े मंचों तक अपनी पहचान बना रहे हैं।

यह ऐसी कहानी है, जिसे सिर्फ देखा ही नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस पर बात भी होनी चाहिए : इमरान हाशमी

जब आप 'हक' की कहानी को देखते हैं, तो आपको क्या लगता है कि दर्शकों को इससे क्या मिलेगा।

आखिरकार, जब आप दो घंटे की फिल्म बना रहे होते हैं, तो कहानी को कुछ खास पहलुओं तक सीमित करना पड़ता है, ताकि उसका ड्रामा और इमोशन दर्शकों तक सही तरह पहुँचे। इस केस के कई पहलू रहे हैं, लेकिन 'हक' में हमने इन दो लोगों के बीच की इंसानी और इमोशनल कहानी पर फोकस किया है। यह एक ऐसी शादी है, जो एक खूबसूरत हनीमून फेज से शुरू होती है, फिर इसमें अच्छे और बुरे दौर आते हैं, रिश्ता मुश्किल दौर से गुजरता है और आखिरकार उस मोड़ पर पहुँचता है, जो हमेशा मुश्किल होता है- तलाक।

मेरे लिए यह फिल्म असल में दो टूटे हुए लोगों की कहानी है। इस निजी कहानी के साथ एक बड़ा टकराव भी है- एक आदमी उस चीज के लिए लड़ रहा है, जिस पर उसका गहरा विश्वास है, वहीं एक महिला अपने गुजारे और सम्मान जैसे बुनियादी हक के लिए लड़ रही है। हमने इन पहलुओं को फिल्म में किस तरह दिखाया है, इसके बारे में मैं ज्यादा कुछ नहीं बताना चाहता। लेकिन, जब आपके पास कहानी कहने के लिए सिर्फ दो घंटे होते हैं, तो आपको उसे एक ऐसी कहानी में समेटना पड़ता है, जो दर्शकों को एक मजबूत इमोशनल अनुभव दे। मेरे लिए 'हक' आखिरकार इसी इमोशनल अनुभव के बारे में है।

ऐसे किरदार को निभाना कैसा रहा, जिसकी सोच और दुनिया को देखने का नजरिया आपसे बिल्कुल अलग है क्या उसके नजरिए को समझने की कोशिश ने आपको भी उसे अलग तरह से समझने में मदद की।

एक एक्टर के तौर पर कुछ सबसे दिलचस्प किरदार वही होते हैं, जो आपकी अपनी सोच और नजरिए से बिल्कुल अलग हों। कभी-कभी आप ऐसे किरदार निभाते हैं, जिनकी सोच आपसे काफी मिलती-जुलती होती है, लेकिन ऐसे इंसान के दिमाग को समझने में एक अलग ही रोमांच होता है, जिसे आप शुरुआत में पूरी तरह समझ नहीं पाते।

जब आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, उसे दोबारा पढ़ते हैं और फिर उन पलों को असल में जीना और उन्हें इमोशन के साथ निभाना शुरू करते हैं, तो धीरे-धीरे समझ आने लगता है कि किरदार ऐसा क्यों सोचता है। आप उसकी अपनी सच्चाई को समझने लगते हैं, भले ही वो आपकी सोच से कितनी भी अलग क्यों न हो।

मुझे लगता है कि एक्टिंग को दिलचस्प बनाने वाली यही बात है। आपको ऐसे नजरियों को समझने का मौका मिलता है, जिन्हें शायद आपने पहले कभी नहीं समझा था। अगर आप अपने जैसे ही किसी किरदार को निभा रहे हैं, तो उसमें एक तरह की पहचान होती है। लेकिन जब आप ऐसे किरदार को निभाते हैं, जिसकी सोच आपकी अपनी समझ को चुनौती देती है, तो असली चुनौती वहीं होती है।

मैं बहुत उत्साहित हूँ कि 20 सितंबर को रात 8 बजे एंड पिक्चर्स के जरिए 'हक' और भी बड़े दर्शक वर्ग तक पहुँचेगी।

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

संक्षिप्त खबरें

अपहृता के साथ अपहरणकर्ता गिरफ्तार

पहाड़पुर(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव से युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पहाड़पुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता को बरामद कर लिया। साथ ही मामले में आरोपित युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया।इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि इंग्लिश निवासी रमेश साह ने दो दिन पूर्व थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी पुत्री के अपहरण की शिकायत की थी। आवेदन प्राप्त होते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की।पुलिस ने आरोपित के घर की घेराबंदी कर अपहृता के साथ आरोपित युवक को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के परसौनी पंचायत अंतर्गत अमवा गांव निवासी सुभान मियां के पुत्र नौसाद आलम के रूप में हुई है।मामले में पहाड़पुर थाना कांड संख्या 496६26 दर्ज कर आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार नौसाद आलम को शनिवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया।वहीं, बरामद अपहृता को न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए भेजा गया है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि न्यायालय में अपहृता का बयान दर्ज होने के बाद उसके आधार पर मामले में अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

जीविका दीदियों का वार्षिक आम सभा

पहाड़पुर(एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय स्थित जीविका भवन परिसर में शनिवार को संगम जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति, इंग्लिश के बैनर तले वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में करीब 250 जीविका दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।इस दौरान जीविका दीदियों को एचआईवी संक्रमण के कारण, संक्रमण के संभावित माध्यम एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित व्यवहार अपनाने और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतने की अपील की गई। गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर भी आवश्यक जानकारी दी गई। पौष्टिक एवं संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने पर जोर दिया गया। बताया गया कि समिति से करीब छह हजार जीविका दीदियों के समूह जुड़े हुए हैं। ऐसे में सभा के माध्यम से दिया गया जागरूकता संदेश बड़ी संख्या में परिवारों तक पहुंचने की उम्मीद है।मौके पर जीविका बीपीएम ईश्वर चंद्र कुशवाहा, एसी उत्तम कुमार, उत्कर्ष कुमार, सीसी संतोष कुमार, स्वास्थ्य एमआरपी ब्रजमोहन लाल समेत कई कर्मी मौजूद थे। सभा का संचालन एमबीके अखिलेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत में दीदियों ने स्वास्थ्य एवं जागरूकता का संदेश परिवार और समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

रक्सौल में ट्रैफिक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की मांग

रक्सौल (एनएसबी)। शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या और चरमराती ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर शिक्षाविद् ड़ स्वयंभू शलभ ने एसडीएम नागमणि कुमार वर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रेलवे क्रसिंग गेट, बाटा चौक, बैंक रोड चौक, पोस्टअफिस चौक, सब्जी बाजार चौक, नहर चौक और कौड़ीहार चौक समेत सात प्रमुख स्थलों पर ट्रैफिक पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की मांग की गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी मोतिहारी को पत्र भेजा है। ज्ञापन में कहा गया है कि नरकटियागंज-सीतामढ़ी रेलखंड पर ट्रेनों के लगातार आवागमन एवं शंटिंग के कारण रेलवे क्रसिंग गेट अधिकांश समय बंद रहता है। इससे मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसका असर स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों, स्कूली बच्चों और मरीजों पर भी पड़ता है। एंबुलेंस के जाम में फंसने से मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में परेशानी होती है। ज्ञापन में रेलवे क्रसिंग के समीप पैदल एवं दोपहिया वाहनों के लिए बने ऊपरगामी पुल पर ई-रिक्शा, टेंपो और टांगा के परिचालन पर रोक लगाने तथा दोनों छोर पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की मांग की गई है। ड़ शलभ ने बताया कि मुख्य सड़क पर बेतरतीब पार्किंग और सवारी चढ़ाने-उतारने से भी यातायात बाधित होता है। जाम के कारण नेपाल के वीरगंज से आने वाले ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने से स्थानीय व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी पुस्तक 'संसति के सोपान' एसडीएम को भेंट की।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 17 करोड़ से अधिक की राशि का समझौता-वसूली

मोतिहारी (एनएसबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में शनिवार को वर्ष 2026 की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिले में गठित 32 पीठों के माध्यम से न्यायालयीन, प्री-लिटिगेशन, ट्रैफिक चालान एवं बैंक से संबंधित हजारों मामलों का निष्पादन किया गया। विभिन्न मामलों में करोड़ों रुपये की राशि का समझौता एवं वसूली हुई।लोक अदालत में 1,739 पोस्ट-लिटिगेशन मामलों का निष्पादन किया गया, जिनमें करीब 20.35 लाख रुपये की राशि का समझौता हुआ। वहीं 1,688 प्री-लिटिगेशन मामलों में 8.27 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का समझौता एवं वसूली की गई। बीएसएनएल से संबंधित 55 मामलों का भी निष्पादन किया गया।ट्रैफिक चालान के मामलों के लिए पांच विशेष पीठें गठित की गई थीं। इनके माध्यम से 2,743 ट्रैफिक चालानों का निपटारा कर करीब 36 लाख रुपये की राशि जमा कराई गई। इसके अलावा विभिन्न बैंकों से संबंधित 2,000 से अधिक ऋण वसूली मामलों में करीब 8.50 करोड़ रुपये की

उद्घाटन करते प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, डीएम व अन्य।

जायजा लेते डीएम व न्यायाधीशगण ।

राशि का समझौता एवं वसूली हुई। इस प्रकार लोक अदालत में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कुल समझौता-वसूली 17 करोड़ रुपये से अधिक रही।राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय इसरार अहमद की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-द्वितीय विद्या प्रसाद, एडीजे चतुर्थ राघवेंद्र नारायण सिंह, जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, डीएलएसए सचिव नितिन त्रिपाठी समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अतिथियों ने कहा कि लोक अदालत त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण न्याय का प्रभावी माध्यम है। आपसी सहमति से मामलों का निपटारा होने से पक्षकारों के समय एवं धन की बचत होती है तथा न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है।डीएलएसए सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ व्यापक निष्पादन जिले में लोक अदालत की प्रभावशीलता को दर्शाता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं, पीएलवी, बैंक अधिकारियों, पुलिस, परिवहन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों तथा पक्षकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

17 सितंबर को बिहार के हर घर में जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का अभियान

मोतिहारी (एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा की ओर से बिहार में 'आशीर्वाद का दीया' अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 17 सितंबर की शाम सात बजे पूरे बिहार में एक साथ सामूहिक दीप प्रज्वलन किया जाएगा। अभियान को लेकर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय, गांधी कम्प्लेक्स में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' केवल दीप जलाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करोड़ों परिवारों की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि अभियान का राष्ट्रीय लक्ष्य 25 करोड़ लोगों तक पहुंचना है, जबकि बिहार में 2 करोड़ 50 लाख लोगों तक अभियान पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, आयुष्मान भारत, जन औषधि केंद्र, मिशन अमृत सरोवर सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ बिहार के लोगों को मिला है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 11 लाख 18 हजार 937 नए आवासों का लक्ष्य निर्धारित किए जाने की जानकारी भी उन्होंने दी।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास कलोनियों, अमृत सरोवर, नवनिर्मित सेतु एवं बांध, जन औषधि केंद्र, आयुष्मान अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, मंदिर, घाट और पंचायत भवनों सहित प्रमुख स्थानों पर सामूहिक दीप प्रज्वलन होगा। प्रत्येक जिले में कम से कम 10 प्रमुख स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। पार्टी के जिला, मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता अभियान को घर-घर तक पहुंचाएंगे। प्रेस वार्ता में उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, जिला प्रवक्ता साजिद राजा, सह मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता एवं आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

मधुबन में चकाचक सड़कों का बिछेगा जाल : राणा रणधीर

मधुबन(एनएसबी)। शनिवार को भाजपा कार्यालय मधुबन में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रेस वार्ता में मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह ने कहा कि सेवा हमारा धर्म है, मधुबन विधानसभा के लोगों की जन आकांक्षाओं के प्रति सजगता मेरा कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि मधुबन की सभी सड़कें चकाचक होंगी तथा जल निकासी के लिए पर्याप्त नालियों का निर्माण शीघ्र किया जाएगास उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के देश सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उनके जन्मदिवस 17 सितंबर से एक माह तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आशीर्वाद दीप प्रज्वलन, राष्ट्रव्यापी भाषण, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, बदलाव की कहानी, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा सेतु अभियान, रंगोली, जन सेवक महाकुंभ, राष्ट्रीय इनोवेशन चौलेंज आदि कार्यक्रम किए जाएंगेस उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और सम्राट चौधरी के शासन में ही यह संभव है कि पदाधिकारी गांव जाकर शिविर लगाकर मामलों का निष्पादन करते हैं। यूरिया की कमी के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यूरिया का पर्याप्त भंडार है। आवागमन के चौनल में परेशानी के कारण किसानों को थोड़ी सी दिक्कत उठानी पड़ रही हैस मौके पर रवीन्द्र तिवारी, रामनिहोरा सिंह, अर्जुन सिंह, सुनील सहनी, शंभू सिंह, वीरेंद्र साह, मोहम्मद बहारुद्दीन सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

श्री बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चकिया(एनएसबी)। रेलवे स्टेशन के निकट स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में श्री महावीर बाबा गणिनाथ सेवा संस्थान के तत्वधान में हो रहे तीन दिवसीय श्री बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की पूजा के दूसरे दिन शनिवार को पूजा देखने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान दूर -दराज से आए कलाकारों ने गोविद जी के भजन व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जिससे श्रद्धालू ओत प्रोत हो गये ।एक से बढ़कर एक प्रस्तुति के कारण श्रोता व दर्शक जमे रहे । कैसे समय बिता किसी को एहसास नही हुआ। साथ ही स्कूल व अन्य संस्थान के बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। वही समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में कई जगह से साधु संत व प्रवचनकर्ता आए हुए है जो अपनी वाणी से लोगो को गोविन्द जी महाराज के बारे में बता रहे है। वही दूरदराज से आए श्रद्धालुओं के ठहरने खाने-पीने आदि के लिए व्यवस्था की गई थी। विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया था, जहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने महा प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में आए सभी आगत अतिथियों का पूजा समिति के द्वारा फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र ओढ़ाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह,नप सभापति पवन सर्राफ, उप सभापति सुभाष कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण गुप्ता एवं लखींद्र गुप्ता ने किया जबकि संचालन संजय कुमार ने की। मौके पर ओमप्रकाश चौधरी,शत्रुघ गुप्ता,हरिशंकर प्रसाद जायसवाल,हरजीत सिंह राजू,संदीप गुप्ता,प्रमोद गुप्ता, लखींद्र गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता,कुणाल गुप्ता,कवीन्द्र यादव,नागेन्द्र प्रसाद गुप्ता,विशाल कुमार,मनोज श्रीवास्तव,प्रदीप गुप्ता, प्रभात जायसवाल सहित बड़ी संख्या श्रद्धालु मौजूद थे।

पूजा के लिए डलिया लेकर लाइन में खड़े श्रद्धालु।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

पीपराकोठी। जीवंत गांव (टटच-प्प) बिजबनी में शनिवार को 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की एफ समवाय अठमोहन की ओर से ग्रामीणों के लिए नि:शुल्क मानव चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था।शिविर में 71वीं वाहिनी के चिकित्सक ड़ सुजीत कुमार (ळक्ड०) ने 116 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के बाद ग्रामीणों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा चिकित्सकीय सलाह के अनुसार नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।इस दौरान ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, श्री अन्न (मोटे अनाज) को भोजन में शामिल करने तथा व्यक्तिगत और आसपास के वातावरण में स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी गई। किसी भी स्वास्थ्य समस्या को नजरअंदाज नहीं करने और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए भी ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।शिविर में बिजबनी के मुखिया जंगबहादुर चौरसिया, सरपंच भारत प्रसाद चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।ै ठ की ओर से निरीक्षकध्सामान्य प्रमोद कुमार, अमित कुमार सहित अन्य बल कर्मियों ने शिविर के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों नेै ठ की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार जताया।

टीबी उन्मूलन के लिए समय पर स्क्रीनिंग और नियमित उपचार बेहद जरूरी : एडीएम

मोतिहारी (एनएसबी)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से गति देने के उद्देश्य से भारतीय रेड क्रस सोसायटी, मोतिहारी की ओर से शनिवार को 150 टीबी मरीजों के बीच पोषण आहार किट (फूड बास्केट) का वितरण किया गया। रेड क्रस सोसायटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मरीजों को पोषणयुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रेड क्रस सोसायटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए समय पर स्क्रीनिंग और नियमित उपचार बेहद जरूरी है। इसके साथ पोषणयुक्त आहार भी मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि रेड क्रस सोसायटी की ओर से 150 टीबी मरीजों को लगातार छह माह तक प्रत्येक माह पोषण आहार की फूड बास्केट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर निगम के उप मेयर लाल बाबू प्रसाद ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के निर्माण के लिए सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों को मिलकर काम करना होगा। टीबी का प्रभावी उपचार दवा के साथ संतुलित पोषण, नियमित इलाज और सामाजिक सहयोग से संभव है। उन्होंने सक्षम लोगों और स्वयंसेवी संस्थाओं से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की मदद करने की अपील की।सिसवा पंचायत की मुखिया तान्या प्रवीण ने भी टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में रेड क्रस सोसायटी के चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार, प्रधान सहायक रूपक वर्मा, लैब टेक्नीशियन रणजीत कुमार श्रीवास्तव, सुजीत कुमार, सहायक मोतीलाल पासवान, सुरेश चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

150 टीबी मरीजों के बीच पोषण आहार किट वितरित।

संक्षिप्त खबरें

एक सप्ताह में लंबित आवासों की स्वीकृति कराने का निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित ग्रामीण आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में योजनाओं की प्रगति, लाभुकों को किश्त भुगतान एवं लंबित आवासों की स्थिति की समीक्षा की गई। डीडीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। समीक्षा में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के तहत जिले को 1,06,349 आवास का लक्ष्य मिला है। इसके विरुद्ध 1,06,290 आवास स्वीत किए जा चुके हैं, जबकि 59 आवासों की स्वीति लंबित है। कल्याणपुर में 12, रामगढ़वा में 10 तथा मधुबन में आठ आवास लंबित हैं। डीडीसी ने एक सप्ताह के अंदर शत-प्रतिशत आवासों की स्वीति सुनिश्चित करने तथा रिमांड योग्य मामलों को नियमानुसार तत्काल रिमांड कराने का निर्देश दिया।बैठक में बताया गया कि उक्त योजना के तहत 48,801 लाभुकों को तृतीय किश्त का भुगतान किया जा चुका है। इनमें 36,297 आवास पूर्ण हो गए हैं, जबकि 12,504 आवास अपूर्ण हैं। तृतीय किश्त के बाद भी ढाका में 1,133, चिरैया में 984 और छौड़ादानो में 816 आवास अपूर्ण पाए गए। सभी बीडीओ को लाभुकों को मनरेगा के तहत 90 कार्य दिवस की मजदूरी उपलब्ध कराते हुए आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।ै छ।-च।ैभ् के माध्यम से प्राप्त राशि के विरुद्ध जिले में 82.25 प्रतिशत भुगतान हुआ है। मेहसी, सुगौली और मधुबन में भुगतान क्रमशः 64.70, 65.69 और 68.82 प्रतिशत रहा। घोड़ासहन ने शत-प्रतिशत भुगतान किया है। शेष प्रखंडों को भी शत-प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में 2,203 के लक्ष्य के विरुद्ध 2,035 आवास पूर्ण और 168 लंबित हैं। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना में 2,890 के लक्ष्य के विरुद्ध 2,840 आवास पूर्ण तथा 50 लंबित हैं। डीडीसी ने सभी लंबित आवासों को नियमानुसार शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

वाहन जांच के नाम पर कथित अवैध वसूली में दो सिपाही गिरफ्तार, जेल भेजे गए

मोतिहारी/तुरकौलिया(एनएसबी)। जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मजुरहां के समीप वाहन जांच के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली करने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दोनों की पहचान राजीव कुमार एवं आशीष कुमार के रूप में बताई गई है। दोनों सिपाही मोतिहारी नगर थाना के बाइक सेल में प्रतिनियुक्त थे।मिली जानकारी के अनुसार, दोनों सिपाही शनिवार को सादे लिबास में मजुरहां के समीप कथित रूप से वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान वाहन चालकों से रुपये लिए जाने का आरोप लगा। संदिग्ध गतिविधियों को देखकर स्थानीय लोगों ने दोनों को घेर लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों सिपाहियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।बताया गया कि मजुरहां क्षेत्र में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का आवास व कार्यालय भी स्थित है। ऐसे संवेदनशील इलाके में पुलिसकर्मियों पर लगे अवैध वसूली के आरोप को लेकर पुलिस महकमे में गंभीरता से कार्रवाई की गई।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि दोनों सिपाहियों के खिलाफ रघुनाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही दोनों सिपाहियों की गतिविधियों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान पूर्व में उनकी तैनाती के दौरान की गतिविधियों की भी पड़ताल की जा रही है।बताया जाता है कि गिरफ्तार सिपाही राजीव कुमार पूर्व में छतौनी थाना में भी प्रतिनियुक्त रहा है। उसके संबंध में भी पूर्व की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।घटना ने पुलिसकर्मियों की कार्यशैली और वाहन जांच के दौरान पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए हैं। वहीं, पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि भ्रष्टाचार या अवैध वसूली के आरोपों को गंभीरता से लिया जाएगा।

जन्मेजय कुमार पटेल बने जिला जदयू कार्यकारिणी सदस्य

मोतिहारी(एनएसबी)। पूर्वी चंपारण जिला जदयू अध्यक्ष भरत पटेल ने अरेराज प्रखंड के मंगुराहां गांव निवासी एवं जिला नागरिक परिषद के सदस्य जन्मेजय कुमार पटेल (सरपंच) को पूर्वी चंपारण जिला जदयू कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।जन्मेजय कुमार पटेल के जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर जदयू विधायक दल के नेता सह जिला प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, विधायक शालिनी मिश्रा, विशाल कुमार शाह, विधान पार्षद प्रो वीरेंद्र नारायण यादव, ड़ खालिद अनवर, पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक मोहम्मद ओबैदुल्लाह, रजिया खातून, शिवजी राय, पूर्व विधान पार्षद सतीश कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष मंजू देवी, प्रो दिनेश चंद्र प्रसाद, रतन सिंह पटेल सहित पार्टी के कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।पार्टी नेताओं ने कहा कि जन्मेजय कुमार पटेल के संगठन से जुड़ने एवं जिला कार्यकारिणी में जिम्मेदारी मिलने से जदयू को अरेराज प्रखंड सहित जिले में संगठनात्मक रूप से मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्री पटेल पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगेस बधाई देने वालों में वरिष्ठ जदयू नेता दीपक पटेल, शंभू कुशवाहा, अब्दुल क्यूम अंसारी, रंजन सिंह पटेल, राजकिशोर ठाकुर, अमरेंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, व्यास प्रसाद सिंह, ब्रजेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, बबन कुशवाहा, सुनील भूषण ठाकुर, संजीव श्रीवास्तव, कविंद्र कुशवाहा, साकेत सिंह, जितन पटेल, देवेंद्र सहनी, संजय मोदी, बद्री पासवान, ष्णकांत मिश्र, रविंद्र दुबे, कौशल सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, प्रमोद पासवान, चंदेश्वर प्रसाद, बृजमोहन गुप्ता, धीरज चंद्रवंशी, मुन्ना तिवारी, रेखा देवी, राजकुमार मिश्र, मेराज अहमद, मनीष पांडेय, अमित कुमार राय, मनोज पटेल, बिनोद कुमार पटेल, अभिमन्यु ठाकुर, अख्तर अली अंसारी, सुभाष कुशवाहा एवं सैयुम अंसारी सहित अन्य शामिल हैं।

रक्सौल आईसीपी पहुंचे भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रक्सौल(एनएसबी) । नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने रक्सौल सीमा शुल्क एकीत जांच चौकी का निरीक्षण किया। इससे पहले एकीत जांच चौकी के परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ।एकीत जांच चौकी पहुचने पर राजदूत नवीन श्रीवास्तव का रक्सौल सीमा शुल्क के सहायक आयुक्त प्रदीप कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने आईसीपी के मुख्य भवन में आयोजित बैठकं में हिस्सा लिया। इस दौरान भारत-नेपाल सीमा पर व्यापार से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। बैठक में सीमा व्यापार को सुगम बनाने और दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को और बेहतर बनाने से जुड़े विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक में भारतीय राजदूत श्रीवास्तव ने कहा भारत और नेपाल के बीच ब्यापरिक सम्बन्ध दोनों देशों के आर्थिक प्रगति के साथ- साथ आपसी सम्बन्धो को भी मजबूती प्रदान करती है।उन्होंने सीमा के दोनों ओर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और सहयोग की भावना के साथ कार्यकरने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर महावाणिज्यदूत देवी सहांय मीना,वाणिज्यदूत मनीष दास, रक्सौल सीमा शुल्क के सहायक आयुक्त प्रदीप कुमार,एमिग्रेशन अधिकारी अजित कुमार, एसएसबी के कार्यवाहक कमाण्डेन्ट संजय रावत ,डिप्टी कमांडेंट नवीन कुमार, सहायक कमांडेंट अमरीश चौबे,सीमा शुल्क विभाग के अधीक्षक मुकेश कुमार भारद्वाज,अधीक्षक आदर्श कुमार, आईसीपी के अधिकारी श्यामबाबू सिंह,प्रभात कुमार,जाना,अख्तर सैफी, कुन्दन कुमार पांडेय ,नारायण कुमार सहित नेपाल के प्रतिनिधि व अधिकारियों के अलावा सीमा व्यापार से जुड़े अन्य हितधारक मौजूद थे।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा, लंबित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश

बैठक में सांसद, विधायक, विधान परिषद

सहरसा कार्यालय (एनएसबी)। सांसद दिनेश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन सभागार, सहरसा में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पूर्व में आयोजित दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की भी विभागवार समीक्षा की गई। विभिन्न योजनाओं में हुई प्रगति की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गई। साथ ही, लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सांसद एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखा गया। इस पर माननीय अध्यक्ष द्वारा संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से आधारभूत संरचना, सड़क तथा जनसेवा से संबंधित कार्यों पर आवश्यक ध्यान देने को कहा, ताकि योजनाओं का अपेक्षित लाभ आमजन तक समय पर पहुंच सके। सांसद दिनेश चन्द्र यादव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का प्रभावी लाभ जिले के पात्र लाभुकों एवं आम नागरिकों तक पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन, नियमित अनुश्रवण तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर भी बल दिया। जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति से समिति को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विधायक सदर इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता, विधायक सिमरी बख्तियारपुर संजय कुमार, विधायक महिषी, गौतम कृष्णा, सहरसा-मधेपुरा-सुपौल स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान विधान परिषद सदस्य, डॉ. अजय कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त गौरव कुमार सहित जिले के सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बाबा गणिनाथ गोविंद का 94वां जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न, जागरण में लोककथा, मनमोहक झांकियां व भजन-कीर्तन रहे आकर्षण का केंद्र, जयघोष से गूंजता रहा गणिनाथ धाम

बाबा के दरबार में श्रद्धालु

सहरसा शहर (एनएसबी)। लोकदेवता श्री श्री 108 बाबा गणिनाथ गोविंद का 94वां जन्मोत्सव शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। दो दिवसीय जयंती समारोह के दौरान बलहाडीह स्थित बाबा गणिनाथ मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा धाम भक्तिमय बना रहा तथा बाबा के जयघोष से वातावरण गुंजायमान होता रहा। जन्मोत्सव के अवसर पर यजमान मंदिर अध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह एवं बिमला देवी ने पुरोहित के सानिध्य में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना, हवन एवं आरती की। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। जागरण समारोह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लोककथा आधारित कथा-वाचन, धार्मिक झांकियों तथा भजन-कीर्तन की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। कलाकारों की भक्तिरस से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत प्रस्तुत किए, जबकि विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जन्मोत्सव के समापन पर बाबा की प्रतिमा के विसर्जन के बाद श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। रंगोत्सव के साथ दो दिवसीय जयंती समारोह का उल्लासपूर्ण समापन हुआ। मध्यदेशीय वैश्य महासभा के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण साह उर्फ मोहन प्रसाद साह ने कहा कि बाबा गणिनाथ गोविंद का जन्मोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता और नई पीढ़ी को अपनी परंपरा, संस्कृति एवं विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी ने सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे की मजबूती को प्रदर्शित किया है। जयंती समारोह की सफलता में बाबा गणिनाथ परिवार के सदस्यों एवं समाज के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, जिला महामंत्री संजय कुमार, युवा अध्यक्ष अजीत कुमार अजय, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शशि सोनी, रंजीत चैधरी, हरे राम साह, रामनरेश साह, सुनील गुप्ता, नरेश साह, मनोज मिलन, वृजमोहन पुजारी, शंकर साह, अभिनंदन कुमार, विनय विहारी, राजकिशोर गुप्ता, सुरेश साह, नारायण साह, सुमित गुप्ता, अनिल पोद्दार, रानू कुमार, सुरेंद्र साह, भैरव साह, महाबीर साह, नीतीश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाज के लोग मौजूद रहे।

हिंदी सप्ताह के पंचम दिवस पर एम.एल.टी. महाविद्यालय में काव्य पाठ और हिंदी में हस्ताक्षर अभियान

शिक्षक-छात्रों के बीच काव्य पाठ

सहरसा शहर (एनएसबी)। एम.एल.टी. महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह के पांचवें दिन शिक्षक-छात्रों के बीच काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ.सुधीर कुमार सिंह ने कहा हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संवेदना और सामाजिक एकता की सशक्त अभिव्यक्ति है। विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य से जुड़कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करना चाहिए। मैथिली विभाग के प्राध्यापक डॉ.सुमन कुमार झा ने कहा कि हिंदी भारतीय भाषाओं के बीच संवाद और समन्वय का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। परीक्षा नियंत्रक डॉ.बलबीर झा ने कहा कि भाषा किसी भी राष्ट्र की पहचान और सांस्कृतिक विरासत की संवाहक होती है। हिंदी के प्रति सम्मान के साथ विद्यार्थियों में प्रभावी हिंदी लेखन एवं अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करना भी आवश्यक है। भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ.विनीत शर्मा ने कहा कि विज्ञान एवं तकनीक के युग में भी हिंदी का महत्व कम नहीं हुआ है। हिंदी को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी शिक्षा से जोड़कर नई पीढ़ी के लिए अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है। सहरसा इस अवसर पर डॉ.दीप्ति कुमारी, डॉ.संजुक्ता कुमारी, डॉ.कोमल कुमारी, डॉ.अनु कुमारी, डॉ.गौतम कुमार, डॉ.राकेश कुमार, डॉ.धनंजय सिंह यादव, डॉ.ए.एन.पांडे एवं डॉ.बी.एन.झा ने अपनी काव्य रचनाओं का वाचन किया। कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.मयंक भार्गव ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आपरेशन तलाश 179 गुमशुदा लापता व अपहृत बच्चो की बरामदगी

प्रेसवार्ता में डीआईजी

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार गुमशुदा व लापता अपहृत बच्चो की बरामदगी हेतु ष्ऑपरेशन तलाशष नामक एक अभियान 20 अगस्त से 10 सितंबर तक पूरे बिहार में चलाया गया। यह अभियान कोशी क्षेत्रान्तर्गत सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा जिला में पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय, कोशी क्षेत्र, सहरसा द्वारा लगातार अनुश्रवण किया गया।इस अभियान के प्रारंभ होने अब तक सहरसा जिला से 67, सुपौल जिला से 68 एवं मधेपुरा जिला से 44 सहित कुल 179 गुमशुदा लापता व अपहृत बच्चो की बरामदगी की जा चुकी है।जिसमे तीनों जिलों से बरामद नाबालिक बच्चों में बालिका-153, बालक 16 एवं शादीशुदा महिला की संख्या 10 है। बरामदगी के उपरांत आवश्यक कानूनी कार्रवाई पश्चात इन लोगों को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार विधिवत इनके परिजनों विधिक प्राधिकार को सौंपा गया है।इस अभियान को सफल बनाने में तीनों जिलों के नोडल पदाधिकारी,एएचटीयू प्रभारी क्रमशः पुलिस उपाधीक्षक यातायात सह विशेष अपराध इकाई, सहरसा, ओम प्रकाश कुमार, एएचटीयू प्रभारी, सहरसा, पुलिस निरीक्षक कृष्णा प्रसाद सिंह, पुलिस उपाधीक्षक साइबर सह विशेष अपराध इकाई, सुपौल, गौरव गुप्ता,एएचटीयू प्रभारी, सुपौल, राजेश कुमार झा, पुलिस उपाधीक्षक साइबर सह विशेष अपराध इकाई, मधेपुरा, आशीष राज,एएचटीयू प्रभारी, मधेपुरा, संजीव कुमार तथा पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय, कोशी क्षेत्र, सहरसा के अपर पुलिस अधीक्षक, एमएसएच फाखरी एवं पुलिस अवर निरीक्षक श्वेत कमल की अहम भूमिका रही है। जिसके लिए इन सभी को इस अभियान में किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में मानव व्यापार, बाल श्रम, अनैतिक कार्य जैसे अपराधों पर रोकथाम, साइबर के माध्यम से होने वाले अपराध, महिला एवं बाल अपराध जैसे अपराधों पर प्रभावी रूप से नियंत्रण करना है। आमजनों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग को दें तथा कानून का पालन करते हुए समाज में शांति, सुरक्षा और सद्भाव बनाए रखने में सहयोग करें। अपराध की सूचना छिपायें नहीं, अनजान नंबर से या अपरिचित व्यक्ति द्वारा किये गये फर्जी कॉल से बचें साथ हीं अपने बच्चों को भी इसके प्रति जागरूक करें। यह भी बतायें कि अनजान नम्बर या अपरिचित द्वारा सरकारी नौकरी, अच्छी वेतन वाली नौकरी का झाँसा देने वाले बातों पर विश्वास न करें तथा इस सबंध में पूर्णत जॉच पड़ताल करने के बाद ही कोई निर्णय ले। आए दिन इस तरह की घटना घटित हो रही है कि फर्जी कॉल के माध्यम से प्रेम जाल में बच्चियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाते हैं और उन्हें अन्य राज्य में ले जाकर या तो वेश्यावृति या शादी के लिये या मानव अंग के व्यापार हेतु महंगे दामों में बेच दिया जाता है. जिससे बच्चियों की जिंदगी नर्क बन जाती है अथवा उनकी जान चली जाती है।सोशल मीडिया पर आने वाले विज्ञापन एवं प्रलोभन वाले प्रचार तंत्रों से सतर्क रहे। इससे सबंधित शिकायत के लिये निम्न टॉल फ्री नम्बर पर सपर्क करें। 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन 181 राष्ट्रीय महिला हेल्पलाईन, 1930 साइबर क्राईम हेल्पलाईन 1091 महिला पुलिस हेल्पालाईन अपराध की रोकथाम केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कत्र्तव्य है, इसलिए ऐसे किसी भी मामले की जानकारी होने पर तुरंत अपने नजदीकी पुलिस थानों संबंधित विभागों को कृपया सूचना में सहयोग करें।

प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर एक महीना तक 13 कार्यक्रम आयोजित

प्रेस वार्ता में भाजपा के वरिय कार्याकत्र्ता

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिला अतिथि गृह में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। बिहार विधान परिषद के सदस्य, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोसी क्षेत्र के संगठन प्रभारी अनिल ठाकुर ने कहा कि आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर एक महीना तक 13 कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर सभी घरों में लाभूकों द्वारा एवं मठ मंदिर में आशिर्वाद दिया जलायें जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, किसान हित तथा बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आशीर्वाद का दीया नाम से राष्ट्रव्यापी अभियान का आयोजन किया जा रहा है।अभियान की अवधि 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक निर्धारित की गयी है। इसका संदेश जिसने जीवन संवारा, उसे आशीर्वाद हमारा रखा गया है। अभियान के तहत देशभर में प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान में देशभर में 25 करोड़ लोगों एवं बिहार में 2 करोड़ 50 लाख लोगों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आशीर्वाद का दीया अभियान में राशन कार्डधारी परिवार, किसान एवं पशुपालक, महिला स्वयं सहायता समूह, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवा एवं विद्यार्थी, व्यापारी एवं लघु उद्यमी, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, मजदूर, जनजातीय एवं वनवासी परिवार, पारंपरिक कारीगर, पूर्व सैनिक व दिव्यांगजन सहित समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने की योजना है। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के इंफ्लुएंसर्स की ओर से देश के विकास एवं जमीनी स्तर की कहानियों को सामने लाया जायेगा। इसके अलावा आंगन का उत्सव, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनसेवा एवं विकास की कहानियां, लाभार्थियों की वास्तविक व प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाने के लिए कहानी बदलाव की तथा सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सेवा ज्योति यात्रा जैसे कार्यक्रम भी अभियान का हिस्सा होंगे। रक्तदान, स्वच्छता एवं सामाजिक सेवा पर भी जोर अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत कार्यकताओं द्वारा रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और पौधरोपण जैसे सामाजिक कार्य किये जायेंगे।वहीं सेवा सेतु अभियान के माध्यम से विशेष कैंप लगाकर लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, पीएम किसान की जानकारी एवं लाभ से जोड़ा जायेगा। सरकार आपके द्वार सेवा सेतु कैंप के तहत ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर आम लोगों की समस्याओं का समाधान व सरकारी सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने की योजना है। मौके पर जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह, भैरवानंद झा, जिला मिडिया प्रभारी सुमित सिन्हा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुगामनी देवी,रामप्रभा देवी सहित अन्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

जलजमाव और गड्ढों से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के तेलियाहाट बाजार स्थित मकदमपुर में सड़क पर जलजमाव और जगह-जगह बने गड्ढों के कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क प्रखंड मुख्यालय, अंचल कार्यालय और थाना की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों में शामिल है। ऐसे में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, कर्मचारी, व्यापारी और अन्य लोग इस रास्ते से आवागमन करते हैं। बारिश के बाद सड़क पर पानी जमा हो जाने से कई जगहों पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। इससे दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, पैदल राहगीरों को भी पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जलजमाव के कारण सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से सड़क पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने के साथ गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था होने से प्रखंड मुख्यालय, अंचल कार्यालय और थाना आने-जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष की अपील, चरित्र सत्यापन सहित अन्य कार्यों में रिश्वत मांगे तो तत्काल करें शिकायत

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र से आमजनों खासकर छात्रों के द्वारा मिली शिकायत पर सोनवषार्राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा थाना में आचरण सत्यापन, पासपोर्ट, सनहा सहित अन्य काम के बदले यदि कोई पुलिसकर्मी पैसे की मांग करता है तो इसकी सूचना सीधे उनके सरकारी मोबाइल नंबर 9031827618 पर दें। थानाध्यक्ष ने जनहित के इस मुद्दे को लेकर आम लोगों से अपील की कि ऐसी शिकायत को लेकर वे बेझिझक सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायत की जांच के बाद संबंधित कर्मी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना स्तर पर खासकर छात्र छात्राओं किसी भी तरह की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, थाने में आवेदन

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। सोनवर्षा थाना क्षेत्र की विराटपुर पंचायत अंतर्गत गाजीपैता रजनी टोला से 14 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर परिजनों ने सोनवर्षा थाना में आवेदन देकर गांव के ही एक युवक पर शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। प्राप्त आवेदन के अनुसार, रजनी टोला निवासी पूनम देवी, पति पिंटु शर्मा ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री सुजिया कुमारी 11 सितंबर की रात करीब आठ बजे घर से किसी कार्य से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही विष्णुदेव यादव के पुत्र ललित कुमार ने उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आवेदन में विष्णुदेव यादव और उनके पुत्र अंबेद कुमार पर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। इस संबंध में सोनवर्षा थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा जांच के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोजपा रामविलास पिछड़ा व अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनें रतन कुमार

सहरसा शहर (एनएसबी)। लोजपा रामविलास पिछड़ा व अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने सिरादेपट्टी निवासी रतन कुमार को सहरसा के पिछड़ा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।उनके मनोनीत होने पर सिमरी बख्तियारपुर के विधायक संजय कुमार सिंह,जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार यादव ने बधाई दिया।बधाई देने वालों में लोजपा(रा) एससी एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिलीप पासवान,संसदीय बोर्ड जिलाध्यक्ष मणीकांत सिंह,युवा जिलाध्यक्ष संदीप पासवान,महिला जिलाध्यक्ष रिंकू कुमारी,छात्र जिलाध्यक्ष अमरेश पासवान,आईटी सेल जिलाध्यक्ष गगन पासवान,अरूण कुमार यादव,मनीष कुमार, रूपम कुमारी, दुर्गेश पासवान,अभिषेक आनंद, सोहन सिंह, बीरेंद्र शर्मा, आनंदी शर्मा, चंद्रशेखर सिंह, सुशील पासवान, फुलेश्वर रजक, दुर्गेश पासवान, डिम्पल विश्वास,गिरीश यादव,बेचन साह,राजेश चैधरी,सच्चिदानंद साह,शम्भु राम,अबध राम,अरविंद यादव,संतोष शर्मा अन्य कई थे।

कॉलेज में निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में माण्डवी रंजीत कॉलेज, विराटपुर में शनिवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-कर्मचारियों को निर्वाचन प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग की भूमिका और मतदाता अधिकारों की जानकारी दी गई। क्लब के समन्वयक प्रो. नवीन कुमार सिंह एवं कैंपस एम्बेसडर प्रो. मुकेश कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया व मतदाता जागरूकता से संबंधित जानकारी साझा की। प्राचार्य प्रो. रिंकु कुमारी ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। कॉलेज संस्थापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् रणजीत प्रसाद सिंह ने भी निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदाता जागरूकता के विषयों को सरल तरीके से समझाया। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि क्लब का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में मतदान, निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

सोहा के लाल धीरज चार धाम-बारह ज्योतिर्लिंग पदयात्रा के 100वें दिन रामेश्वरम में भगवान रामनाथ स्वामी की पूजा-अर्चना

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। नगर क्षेत्र के सोहा के लाल धीरज कुमार सिंह ने अपने धार्मिक लक्ष्यों को आगे बाते हुए चार धाम एवं 12 ज्योतिर्लिंग पदयात्रा के 100 दिन शनिवार को पूरा किया। यात्रा के 100वें दिन धीरज कुमार ने रामेश्वरम स्थित भगवान रामनाथ स्वामी ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। धीरज ने 5 जून को विराटपुर स्थित मां चंडी के पवित्र दरबार से पैदल यात्रा शुरू की थी। अब तक वह बाबा वैद्यनाथ धाम (देवघर), श्रीशैलम मल्लिकार्जुन और रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग समेत जगन्नाथ पुरी और रामेश्वरम धाम की यात्रा पूरी कर चुका है। इस तरह अब तक तीन ज्योतिर्लिंग और दो धाम की यात्रा पूरी हो चुकी है। धीरज ने कहा कि यह यात्रा लोगों के प्यार, सहयोग और आशीर्वाद से संभव हो पाई है। शनिवार से वह महाराष्ट्र स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए अपनी अगली पदयात्रा पर निकल चुका है।

संक्षिप्त खबरें

महिला ने थाना में आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

बेलदौर। थाना क्षेत्र के तेलिहार पंचायत के वार्ड नंबर छह निवासी सुनील कुमार के पत्नी सुनीता देवी ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर गांव के ही जेठ लगने वाले स्वर्गीय सकलदेव सिंह के पुत्र पप्पू सिंह को नामजद अभियुक्त बनाते हुए मारपीट कर घायल कर गले में पहने सोने की मंगल सूत्र छीन लेने की शिकायत की है। घटना 8 सितम्बर के संध्या आठ बजे के करीब की बताई जा रही है। आवेदिका ने नामजद पर गलत नीयत से उसके पति के अनुपस्थिति में घर में प्रवेश करने की शिकायत करते हुए कहा कि इसका विरोध करने पर नामजदों ने गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में उसने अपना इलाज पीएचसी में करवाई। आवेदिका के मुताबिक मारपीट करने की खबर पर जब उसकी गोतनी श्रवण कुमार के पत्नी नन्हकी देवी जब बचाने आई तो इससे नाराज हो नामजद एवं उसकी पत्नी रुबी देवी ने भी उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। आवेदन के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कृषि विभाग की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

बेलदौर। प्रखंड कार्यालय परिसर के ई किसान भवन में षि विभाग की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। इसमें गोगरी के अनुमंडल षि पदाधिकारी प्रेरणा कुमारी और जिला षि कार्यालय खगड़िया सहायक निदेशक गीतांजलि सिंह मुख्य रूप से मौजूद थीं। बैठक में षि समन्वयकों और किसान सलाहकारों को कई निर्देश दिए गए। इसमें डिजिटल क्रप सर्वे का काम समय पर पूरा करना, वर्मीपिट और गोबर गैस इकाई के लिए आवेदन तैयार कर योजना को सफल बनाना शामिल था। साथ ही, डीजल अनुदान के आवेदनों की लगातार जांच करने को भी कहा गया। उर्वरक निरीक्षकों को उर्वरक प्रतिष्ठानों की अनलाइन और अफलाइन जांच रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए। वही किसानों को खाद खरीदने में दिक्कत न हो, इसके लिए एफएफएस ऐप की जानकारी का प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। इसके अलावा, बाढ़ रिपोर्ट रोजाना भेजने और किसानों को बिहार षि ऐप ज्यादा से ज्यादा डाउनलोड कर इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करने और षि यांत्रिकीकरण के तहत अधिक से अधिक किसानों से आवेदन करवाने के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर प्रखंड षि पदाधिकारी ड़ प्रभात रंजन, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रौशन कुमार, ग्रामीण प्रसार कार्यकर्ता ऋचा हर्ष, सहायक तकनीकी प्रबंधक ओम कुमार मौजूद थे। षि समन्वयक आनंद कुमार सिंह, शंभू कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अनिल कुमार, संजय कुमार, रामप्रकाश चौधरी सहित किसान सलाहकार कुमार किशोर कुणाल, राजकपूर सिंह, मुकेश कुमार, माधुरी कुमारी सहित सभी किसान सलाहकार भी बैठक में उपस्थित रहे।

शतरंज सीखो क्लास का हुआ आयोजन

खगड़िया। नशा मुक्त भारत के तत्वावधान में मानसी नगर पंचायत के एकनिया मध्य विद्यालय मे नशा मुक्ति जन जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया और दुसरे सत्र में शतरंज सीखो क्लास के तहत छात्र एंव छात्राओं को शतरंज खेलने के प्रारंभिक तरीके बताए गए। यशवंत ने छात्र एंव छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज सिर्फ एक खेल ही नही, आपितु आपके सोचने समझनें कि शक्ति को उन्नत, समृद्ध, मजबुत,कार्य कुशलता को और बिस्तार देता है। मौके पर मौजूद विधालय के प्रधानाध्यापक शंकर मंडल, शिक्षकगण, छात्र ष्णा, सत्यम, हैप्पी, आदित्य 1, प्रिंस, हिमांशु, आदित्य 2 और छात्राए सोनाली, रितिका, अमृता, रानी, सोनम, आफसानी, मोनी सहित अनेक छात्र एंव छात्राएँ मौजूद थें।

बासगीत की जमीन में रास्ता उपलब्ध कराने की मांग

बेलदौर। थाना क्षेत्र के बोबिल पंचायत के वार्ड नंबर पांच भोर्हा बासा निवासी स्वर्गीय मदन पासवान के पुत्र विद्यानंद पासवान ने सीओ को आवेदन देकर अपने पिता के नाम से मिले बासगीत पर्चा के जमीन की पैमाईश कर रास्ता उपलब्ध करवाने की मांग की है। आवेदक के मुताबिक अंचल कार्यालय के द्वारा उसके पिता के नाम से बासगीत पर्चा दिया गया है। जिसमें आवाजाही के लिए रास्ता नहीं है। आवेदन में आवेदक ने पैमाइश के लिए किए गए अनलाइन आवेदन एवं उक्त जमीन के अद्यतन लगान रसीद का चर्चा करते हुए जमीन का यथाशीघ्र पैमाईश कर रास्ता उपलब्ध करवाने की मांग की है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत 25 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य : रूंगटा

खगड़िया (डीएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा एवं सेवा संकल्प अभियान को लेकर शनिवार को खगड़िया परिसदन में प्रेस कन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में व्यावसायिक आयोग के अध्यक्ष सह बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रूंगटा ने अभियान की विस्तृत जानकारी एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा खगड़िया जिलाध्यक्ष शत्रुघन भगत ने की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सुरेश रूंगटा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक महीने का राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2001 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इस प्रकार अक्टूबर 2026 में उनके सार्वजनिक एवं सामाजिक सेवा के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 25 वर्षो की जनसेवा, गरीब कल्याण, विकास एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा पखवाड़ा एवं सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान केवल उत्सव मनाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प है। सुरेश रूंगटा ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से देशभर में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लगभग 25 करोड़ लोगों से संपर्क करने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार में लगभग 2 करोड़ 50 लाख लाभार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के जिला संगठन, बूथ स्तर के कार्यकर्ता, सहकारी समितियां एवं स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से अभियान को व्यापक रूप से संचालित किया जाएगा। कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर पहुंचकर उन्हें सरकार की योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी लेंगे तथा प्रधानमंत्री जी के प्रति उनका आभार व्यक्त करेंगे। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को देशभर में कार्यकर्ता विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के घर पहुंचकर आशीर्वाद का दिया जलाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करना है।श्री रूंगटा ने बताया कि बिहार में भी लाभार्थियों के घर जाकर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना की कलोनियों, अमृत सरोवर, नवनिर्मित सेतु एवं बांध, जनऔषधि केंद्र, आयुष्मान अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों, मंदिरों एवं घाटों तथा पंचायत भवनों पर भी दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इस अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी चित्रकारी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। देश के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में प्रधानमंत्री के द्वारा किए गए सेवा कार्यो और विकसित भारत के संकल्प से संबंधित चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित होगी। बच्चों के बीच प्रधानमंत्री के कार्यो पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होने कहा कि 2 अक्टूबर, महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान एवं सेवा श्रमदान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान करेंगे तथा स्वच्छ भारत के संकल्प को मजबूत करेंगे। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों एवं उनकी माताओं के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान, बच्चों के साथ संवाद, मिठाई एवं फलों का वितरण, खेलकूद, चित्रकला, गीत एवं छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघन भगत ने कहा कि सेवा पखवाड़ा एवं सेवा संकल्प अभियान को खगड़िया जिले में व्यापक एवं प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा। जिला संगठन से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को अभियान की जानकारी देकर सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रेस वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार शर्मा, जिला महामंत्री ड इंद्र भूषण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद शाह, जिला मंत्री नवीन सिन्हा, जिला मंत्री कुंदन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय सोशल मीडिया जिला संयोजक अविनाश केसरी,जिला सह संयोजक धीरेंद्र कुमार गुंजन , मंडल अध्यक्ष अजय कुमार तथा भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जानकारी देते भाजपा नेता।

करंट की चपेट में आने से फाइनेंसकर्मी की मौत

परबत्ता। थाना क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित माधवपुर पंचायत के विष्णुपुर गांव में शनिवार को बिजली करंट की चपेट में आने से एक फाइनेंस कंपनी के कर्मी की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि मृतक एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था और राशि वसूली के सिलसिले में विष्णुपुर गांव पहुंचा था। इसी दौरान वह बिजली करंट की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, परबत्ता पहुंचाया। वहां तैनात चिकित्सक ड़ आशीष कश्यप ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नवगछिया अनुमंडल के रंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहारा गद्दी गांव निवासी प्रशांत कुमार (26), पिता पप्पू यादव के रूप में हुई है। वह भारत फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। घटना के संबंध में माधवपुर पंचायत के मुखिया आशुतोष कुमार सिंह उर्फ बंटू सिंह ने कहा कि बाढ़ की गंभीर स्थिति के बावजूद फाइनेंस कंपनी द्वारा कर्मी को राशि वसूली के लिए गांव भेजे जाने की जांच होनी चाहिएं। उन्होंने कंपनी के विरुद्ध मामला दर्ज कर मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन परबत्ता अस्पताल पहुंचे एवं फूट-फूट कर रोने लगा।

21 मामलों की सुनवाई,त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

खगड़िया। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने अपने कार्यालय कक्ष में जन समाधान कार्यक्रम आयोजित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा उनके समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर कुल 21 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें सामान्य शाखा, जिला खनन पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला भूमि सुधार उप समाहर्ता, खगड़िया, जिला भूमि सुधार उप समाहर्ता, गोगरी, अनुमंडल पदाधिकारी, खगड़िया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता, जिला अग्रणी प्रबंधक, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, खगड़िया, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जन-संपर्क पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, खगड़िया, अंचलाधिकारी, खगड़िया, अंचलाधिकारी, मानसी, अंचलाधिकारी, परबत्ता, अंचलाधिकारी, गोगरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, खगड़िया तथा अंचलाधिकारी, अलौली से संबंधित मामले शामिल थे। सभी मामलों पर विस्तृत सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिन मामलों में स्थलीय जांच आवश्यक है, उनमें शीघ्र जांच कराकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं संवेदनशीलता बनाए रखना सभी संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है।

जंगली जानवर के हमले से बच्ची समेत पांच घायल

बेलदौर। नगर पंचायत बेलदौर स्थित पुनर्वास गांव में बीते शुक्रवार की शामएक भेड़िये ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में एक तीन साल की बच्ची सहित कुल पांच लोग गंभीर रूप से कटकर जख्मी हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी और दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, गांव के सुबोध साह के घर के पास कई ग्रामीण बैठे हुए थे। तभी अचानक आए एक भेड़िये ने उन पर धावा बोल दिया। इस हमले में शिकार हुए लोगों में शामिल हैं। जख्मी राजो सादा की पत्नी मेंमिना देवी, अमित सादा की पत्नी सुनीता देवी, संतोष सादा की सबिता देवी, पूर्व वार्ड सदस्य विलास शर्मा के पुत्र रविन्द्र शर्मा एवं रूपन सादा के तीन वर्षीय पुत्री जुली कुमारी शामिल है। घटना के तुरंत बाद परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बेलदौर में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य केंद्र के डक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए आनन-फानन में सभी जख्मियों का प्राथमिक उपचार किया।मामले की जानकारी देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डक्टर विनोद कुमार ने बताया कि सभी पांचों घायलों का सही समय पर समुचित इलाज कर दिया गया है। फिलहाल सभी मरीज पूरी तरह से खतरे से बाहर और सुरक्षित हैं। गांव में जंगली जानवर के इस तरह अचानक हमले के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

घायल लोग।

जनता दरबार में भूमि विवाद के अधिक मामले आये

चौथम। प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में शनिवार जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचलाधिकारी रविराज स्वयं फरियादियों की समस्याएं सुने। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी-अपनी भूमि संबंधी समस्याएं लेकर पहुंचे। इनमें जमीन पर कब्जा, सीमांकन, आपसी विवाद, दाखिल-खारिज सहित अन्य राजस्व मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनकर उपलब्ध दस्तावेजों एवं राजस्व अभिलेखों के आधार पर मामलों को समझने का प्रयास किया। जनता दरबार में राजस्व अधिकारी प्रमोद कुमार, चौथम थाना के सी मनोज राम, लेखपाल खुशबू कुमारी सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों का कहना था कि नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित होने से उन्हें अपनी भूमि एवं राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के समक्ष सीधे अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है। अधिकारियों ने भी लोगों से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनता दरबार में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

जिन बाढ़ पीड़ितों को सूखा राशन नहीं मिला है उनको अविलंब सूखा राशन उपलब्ध कराये प्रशासन : मनोहर

खगड़िया (डीएनएस)। सदर प्रखंड के रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के मथार दियारा के एकनिया गाँव,कारू मंडल टोला और इंग्लिश टोला के बाढ़ पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें राहत सामग्री दिया और बाढ़ पीड़ित परिवार को जो परेशनी हो रही है उसको सुना और हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कहा कि आज हम खगड़िया सदर प्रखंड के रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के बाढ़ प्रभावित करूमण्डल टोला,इंग्लिश टोला और एकनिया दियारा गावँ में जाकर हमसे जो सम्भव हो पाया छः सौ बाढ़ राहत पैकेट लेकर बाढ़ पीड़ित परिवार के बीच वितरण किया और उनकी समस्याओं को सुना। रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के सभी गाँव बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित है इन बाढ़ पीड़ित परिवार के समस्या का समाधान का भरोसा दिया और कहा कि इस विपदा के घड़ी में आपके साथ हैं। हम आपके समस्याओं के समाधान के लिए जिला पदाधिकारी से बात कर आपलोगों को के लिए जिन बाढ़ पीड़ित परिवार को पलीथिन सीट नहीं मिला ,सूखा राशन नहीं मिला है उन सभी बाढ़ पीड़ित परिवार को दिलवाने का काम करुंगा। आपलोगों का गाँव दियारा क्षेत्र है यहाँ के अधिकांश लोग षि और मवेशी पालन कर अपना गुजर बसर करते हैं। गंगा में अधिक बाढ़ आ जाने के कारण सारा फसल डूब गया है। उन्होने कहा कि हम जिला पदाधिकारी से मांग करते हैं कि सबसे पहले इन बाढ़ पीड़ित परिवार जिनके पास मवेशी है उनको भूसा उपलब्ध करवाया जाय और फसल क्षति पूर्ति का अनुदान दिया जाय साथ ही साथ जिन बाढ़ पीड़ित परिवार को अभी तक पलीथिन सीट और सूखा राशन नहीं मिला है उनको अविलंब उपलब्ध कराया जाय। उन्होने कहा कि खगड़िया सदर प्रखंड के रहीमपुर मध्य और रहीमपुर उत्तरी पंचायत भी बाढ़ से डूब गया और वहाँ के भी सभी बाढ़ पीड़ित परिवार को पलीथिन सीट और सुखा राशन का पैकेट नहीं मिला है। सभी बाढ़ पीड़ित परिवार को राहत सामग्री उपलब्ध कराया जाय क्योंकि राज्य और राष्ट्र के खजाना पर सबसे पहला अधिकार आपदा से जो लोग पीड़ित हैं उनका अधिकार है इसलिए बाढ़ की इस विभीषका झेल रहे बाढ़ पीड़ित परिवार को हर संभव जिला प्रशासन राहत देने का काम करें। बाढ़ राहत पैकेट बनाने एवं वितरण में मुख्य रूप से राजद जिला महासचिव चंदन सिंह,युवा राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव, शोशल मीडिया प्रभारी विक्की आर्या,राजद नेता मोदिलशाद,जितेंद्र कुमार,पृथ्वी तांती, मनीष कुमार, ललन ठाकुर, मनीष ड्राइवर आदि थे।

राजद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राहत सामाग्री का वितरण।

संक्षिप्त खबरें

बासा से तीन भैंसें चोरी, पीड़ित ने थाने को दी सूचना

पसराहा। थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 निवासी किसान बिंदेश्वरी सिंह के कमरी पेट्रोल पंप से पश्चिम स्थित बासा से देर रात तीन भैंसें चोरी हो गईं। घटना का पता शनिवार सुबह तब चला जब किसान बासा पहुंचे और तीनों भैंसें गायब मिलीं। परिजनों के साथ आसपास के इलाके में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित बिंदेश्वरी सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम वे रोजाना की तरह भैंसों को चारा खिलाकर पास स्थित घर में सोने चले गए थे। आशंका है कि देर रात अज्ञात चोरों ने बासा से तीनों भैंसें चोरी कर लीं। इस घटना से किसान को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पसराहा थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। पीड़ित किसान ने पुलिस से चोरी गई भैंसों की जल्द बरामी और अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर दिया गया जोर

वार्षिक आमसभा का किया गया आयोजन

चौथम। प्रखंड मुख्यालय स्थित कसम भवन, ठुठ्ठी मोहनपुर जीविका सीएलएफ कार्यालय में बढ़ते कदम जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति के तत्वावधान में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में क्षेत्र की सैकड़ों जीविका दीदियों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने, नियमित बचत की आदत विकसित करने तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ रंजीत कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार, जीविका बीपीएम अंजनी कुमार सहित सीएलएफ की महिला अध्यक्ष, सचिव, सीसी एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों एवं जीविका से जुड़ी महिलाओं ने संस्था की गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। आमसभा को संबोधित प्रखंड प्रमुख षोभा देवी ने कहा कि जीविका के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्हें निर्णय लेने में सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को समूहों से जोड़कर छोटी-छोटी राशि की नियमित बचत करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यही बचत आगे चलकर जरूरत के समय महिलाओं के लिए आर्थिक सहारा बनती है और उन्हें साहूकारों एवं अन्य महंगे कर्ज के भरोसे से मुक्त करने में मदद करती है। वही प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार ने कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार एवं आजीविका के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। महिलाओं को पशुपालन, षि आधारित गतिविधियों, छोटे व्यवसाय सहित अन्य रोजगारपरक कार्यो से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होने से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज की स्थिति में सकारात्मक बदलाव आता है। बीडीओ रंजीत कुमार ने कहा कि जीविका से जुड़कर क्षेत्र की दर्जनों महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। कई महिलाएं अपने स्तर पर स्वरोजगार संचालित कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना समाज के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। जीविका के माध्यम से महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास निश्चित रूप से ग्रामीण विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। आमसभा में महिलाओं को बचत की अच्छी आदत विकसित करने की विशेष सलाह दी गई। वक्ताओं ने कहा कि छोटी-छोटी रकम की नियमित बचत भी लंबे समय में बड़ी पूंजी का रूप ले सकती है। महिलाओं को जीविका समूहों से जुड़कर नियमित रूप से बचत करने तथा उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाकर अपनी आजीविका को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।

मां कात्यायनी मंदिर परिसर में हो रहे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच हो : नागेन्द्र त्यागी

खगड़िया। जिले के प्रसिद्ध मां कात्यायनी मंदिर में निर्माण कार्य को लेकर काफी बवाल हो उठा है। लोगों ने मंदिर परिसर में हो रहे निर्माण कार्य को घटिया बताते हुए विरोध किया। स्थानीय लोगों ने युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी के नेतृत्व में जिलाधिकारी विक्रम वीरकर से मिलकर मांग पत्र सौंपा, जिसमें शिष्टमंडल ने मां कात्यायनी मंदिर परिसर में हो रहे निर्माण कार्यो की जांच हेतु उच्च स्तरीय टीम गठित करने की मांग किया। शिष्टमंडल ने बताया कि धमारा घाट स्टेशन स्थित मां कात्यानी मंदिर देश अंतर्गत 52 शक्तिपीठों में एक शक्तिपीठ है। यह स्थल फरकिया सहित संपूर्ण बिहारवासी के लिए श्रद्धा और गौरवशाली स्थल है। इस शक्तिपीठ को राष्ट्रीय पर्यटक स्थल का दर्जा देने हेतु फरकियावासियों द्वारा वर्षो से राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार से मांग की जा रही थी। इस क्षेत्र के श्रद्धालुओं के संघर्ष का हीं परिणाम हुआ कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सार्थक पहल से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य पर्यटक स्थल का दर्जा दिया गया था। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का खगड़ियावासी ताउम्र आभारी रहेगी। ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी फरकिया के लोगों से बात करते हुए कहा करते हैं कि मां कात्यायनी मंदिर का राष्ट्रीय पर्यटक स्थल का दर्जा दिलाना मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है। जब भी हमें मौका मिलेगा यह कार्य अवश्य कराऊंगा। खगड़ियावासियों द्वारा लगातार हो रहे हैं मांग को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जो तत्काल राज्य पर्यटक स्थल का दर्जा दिलाएं और इसके तहत प्रथम फेज में लगभग 10 करोड़ रुपया का अनुशंसा किया। वहीं दूसरी तरफ निर्माण एजेंसी द्वारा इस श्रद्धा स्थल को भी लूट का अड्डा बनाया जा रहा है। विगत लगभग एक वर्ष से निर्माण कार्य हो रहा है। आमलोगों को इसमें हो रहे लूट की जानकारी नहीं थी लेकिन जब टाइल्स बिछाने में हो रहे धांधली का स्थानीय लोगों के द्वारा आसपास के युवाओं को जानकारी दिया गया तब इस क्षेत्र के युवा निर्माण स्थल पर आकर देखा तो सूचना सही पाया। इसके बाद यहां के लोग मीडिया के माध्यम से सरकार तक बात पहुंचाने का प्रयास किया। सबसे बड़ी बात यह कि एजेंसी के कर्मचारी यह कह रहे हैं यह अखबार टीवी के समाचार से कुछ नहीं होगा। कार्य एजेंसी का पहुंच राज्य हीं नहीं केंद्र सरकार तक है। इसलिए कंपनी का कुछ नहीं बिगड़ने वाला है। फरकियावासियों ने जिलाधिकारी को दिए आवेदन में मांग किया कि मंदिर परिसर में विगत एक वर्ष से हो रहे निर्माण कार्य एवं गुणवत्ता की जांच हेतु उच्च स्तरीय कमेटी बनाई जाए। जिलाधिकारी से शिष्टमंडल ने आग्रह किया कि समय-समय पर खुद मनिटरिंग कर निर्माण कार्य को मजबूती दिया जाय। क्योंकि यह मंदिर सबों का है, इसमें सभी का जुड़ाव होना चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा यह घोषणा हो कि कोई भी व्यक्ति इसके निर्माण को देख सकता है और सकारात्मक शिकायत अधिकारी तक पहुंचा सकता है। मंदिर निर्माण का नक्शा एवं स्टीमेट का बोर्ड स्पष्टता के साथ लगाया जाए और एस्टीमेट के अनुसार निर्माण कार्य को सुनिश्चित करने के साथ-साथ घटिया निर्माण करने वाले कार्य एजेंसी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का भी मांग शिष्टमंडल के द्वारा किया गया। श्री त्यागी ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा गंभीरता पूर्वक शिष्टमंडल की बातों को सुना गया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस दिन गुणवत्ता पर उठाया गया वीडियो वायरल हुआ, उसी दिन पर्यटन विभाग के निदेशक एवं सचिव को जांच कमेटी से जांच करने के लिए पत्र भेज दिया गया था। जिलाधिकारी ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि अगले सप्ताह जांच टीम कार्यस्थल पर जाएगी। इसके लिए पुनः हम पर्यटन विभाग से इस संबंध में बात करेंगे। दूसरा जो मांग था कि जिलाधिकारी खुद समय-समय पर निर्माण कार्य का मनिटरिंग करें तो उन्होंने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि वह खुद निर्माण स्थल पर पहुंच कर कार्य का बीच-बीच में मनिटरिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्य आपका है आप जब भी हो किसी प्रकार का गुणवत्ता का शिकायत हम तक कर सकते हैं और समाधान अवश्य होगा। शिष्टमंडल में साकेत कुमार बबलू, किरणदेव यादव, नीतीश कुमार, नंदन कुमार, रोहित कुमार, रंजीत कुमार, दिनेश सिंह, कुंदन कुमार, रामप्रवेश कुमार, अभिषेक आनंद, पवन सिंह, विकास कुमार साह इत्यादि शामिल थे।

जानकारी देते नागेन्द्र त्यागी व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

सरयुग गौतम कंस्ट्रक्शन ने चार दिनों में 2000 बाढ़ पीड़ित परिवारों तक पहुँचाई राहत'

सोनपुर। सोनपुर प्रखंड के सबलपुर दियारा स्थित मध्यवर्ती पंचायत में भीषण बाढ़ त्रासदी के बीच सेवा और संवेदना की एक अनूठी मिसाल देखने को मिल रही है। शुक्रवार को लगातार चौथे दिन सरयुग गौतम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, रांची के निदेशक अनिल सिंह गौतम के सौजन्य से 200 बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। इस तरह अब तक कुल 2000 परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है।

अनिल सिंह।

इस वर्ष की बाढ़ में मानवीय सेवा का ऐसा उदाहरण क्षेत्र में अन्यत्र देखने को नहीं मिला। आज सुबह से ही कंपनी की राहत टीम ने बचे हुए बाढ़ग्रस्त परिवारों तक घर-घर जाकर मदद पहुँचाई। विशेष रूप से सबलपुर मध्यवर्ती के मुस्लिम टोली और कुम्हार टोली के सभी परिवारों को उनके घर के द्वार तक राहत किट पहुँचाई गई। टीम के सदस्यों ने घुटने भर पानी, टूटी सड़कों, जलमग रास्तों और गड्ढों की परवाह किए बिना पैदल चलकर यह सेवा कार्य किया। राहत वितरण कार्य में अरविंद शर्मा, सतीश शर्मा, मुनचुन शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, धनंजय शर्मा, गोलू कुमार, सन्नी कुमार, अजीत कुमार शर्मा, राजू शर्मा और किसलय कांत शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक अनिल सिंह गौतम ने कहा, ष्भगवत प्रेरणा से ही हमने बाढ़ पीड़ितों की सेवा का संकल्प लिया है। जब तक एक भी पीड़ित परिवार छूटा हुआ है, हमारा यह सेवा अभियान जारी रहेगा और हर जरूरतमंद तक राहत किट पहुँचाई जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस निःस्वार्थ सेवा भावना की मुक्त कंठ से सराहना की है।

फतुहा के मकसूदपुर गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी

फतुहा । थाने के मकसूदपुर गांव में दो पक्षों के बीच पहले से चला आ रहा पुराना विवाद शनिवार की देर शाम अचानक हिंसक रूप ले बैठा। इस तनावपूर्ण स्थिति के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प और गोलीबारी तक जा पहुंची। इस घटना के दौरान दोनों तरफ से जमकर पथराव भी किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर भारी अफरा-तफरी और दहशत का माहौल पैदा हो गया। हालांकि, गनीमत यह रही कि इस गंभीर और हिंसक घटना में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इस घटना की सूचना मिलते ही फतुहा थाने की पुलिस तुरंत हरकत में आई और भारी पुलिस बल के साथ फौरन घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। हालांकि, जब तक पुलिस बल मौके पर पहुंचा, तब तक दोनों पक्षों के बीच का मामला शांत हो चुका था। पुलिस ने तुरंत स्थिति को पूरी तरह अपनी गिरफ्त में लेते हुए हालात को नियंत्रित किया और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इस पूरी झड़प, पथराव और गोलीबारी की घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, दैनिक भास्कर डिजिटल इस वायरल हो रहे वीडियो की सत्यता की किसी भी प्रकार से पुष्टि नहीं करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन ने अपनी प्रतिक्रिया दी और जानकारी देते हुए बताया कि वे स्वयं पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर मुस्तैदी से मौजूद हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर शिक्षक नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। वेदना को शब्द और संवेदना को स्वर देने वाली महान कवयित्री एवं साहित्यकार महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर बाढ़ प्रखंड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें नमन किया गया। शिक्षक नेता आमोद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सभा में वक्ताओं ने महादेवी वर्मा के साहित्यिक योगदान, मानवीय संवेदना और नारी चेतना के प्रति उनके समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य में महादेवी वर्मा का योगदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। मौके पर शिक्षक नेता प्रवेंद्र कुमार, सुनील कुमार, उमेश कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प कार्यक्रम सफल बनाने को भाजपा जमालपुर ग्रामीण की कार्यशाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक माह तक होंगे सेवा व जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम, कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां

जमालपुर(मुंगेर) (डीएनएस)। भारतीय जनता पार्टी जिला नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा जमालपुर ग्रामीण मंडल की ओर से सेवा संकल्प कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गौरीपुर सफियाबाद के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी ने की। कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा मुंगेर जिलाध्यक्ष ड़ अरुण पोद्दार, विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी सह जिला महामंत्री नीशुतोष कुमार यादव, विधानसभा प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष प्राण रंजन तथा जिला मंत्री ष्ण कुमार सिंह उर्फ किस्टु सिंह मौजूद रहे।जिला महामंत्री नीशुतोष कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लोग अपने घरों के आगे आशीर्वाद दीप जलाएंगे।जिला उपाध्यक्ष प्राण रंजन विकास ने सेवा संकल्प कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं को समाज के हर वर्ग और हर नागरिक तक पहुंचाना है।जिलाध्यक्ष ड़ अरुण पोद्दार ने 13 कार्यक्रमों के लिए बनाए गए संयोजकों को अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने और उन्हें योजनाओं के प्रति जागरूक करने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।कार्यक्रम के अंत में प्रखंड महामंत्री प्रेमशंकर पाठक ने अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के बाद कार्यशाला का समापन हुआ। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी, सोनू पोद्दार, युवराज कुमार, प्रेम कुमार, रमन राज, मुकेश कुमार, राहुल कुमार, कमल नयन पाठक, मनोहर प्रसाद, मनीष कुमार पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यशाला को संबोधित करते जिला अध्यक्ष।

निर्माणाधीन मकान में दीवार तोड़कर घुसे चोर, बिजली के उपकरण ले उड़े

जमालपुर(मुंगेर)। जमालपुर थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर मोहल्ले में चोरों ने एक निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाते हुए बाथरूम की दीवार तोड़कर घर में प्रवेश किया और वहां रखे बिजली के कई उपकरण व सामान चोरी कर लिए। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है।बताया जाता है कि सुल्तानगंज निवासी गौतम यादव बड़ी दरियापुर में अपना नया मकान बनवा रहे हैं। देर रात चोर मकान के पीछे स्थित गली के रास्ते बाथरूम की दीवार तोड़कर अंदर घुसे। दीवार तोड़ने के दौरान बाथरूम की सीट भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद चोर घर के अंदर पहुंचे और वहां रखे बिजली के सामान में से कई उपकरण लेकर फरार हो गए।गृहस्वामी गौतम यादव के अनुसार मकान के लिए करीब 70 हजार रुपये के बिजली के उपकरण व अन्य सामान खरीदकर रखे गए थे। इनमें से कुछ सामान का उपयोग निर्माण कार्य में किया जा चुका था।जबकि शेष सामान घर में रखा हुआ था। देर रात चोरों ने इसी सामान को निशाना बनाया और कई उपकरण चोरी कर लिए।घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। गृहस्वामी ने पुलिस को चोरी की जानकारी देते हुए बताया कि निर्माणाधीन मकान में रखे बिजली के सामान को चोरों ने निशाना बनाया है। इधर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

गणेश पूजा में विधि-व्यवस्था बिगड़ी तो होगी कार्रवाई : थानाध्यक्ष

जमालपुर (मुंगेर)। गणेश पूजा महोत्सव को लेकर जमालपुर शहर के बाजारों में चहल-पहल तेज हो गई है। पूजा समितियों की ओर से प्रतिमा स्थापना और पूजा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जमालपुर थाना क्षेत्र में करीब छह स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। इनमें दौलतपुर कलोनी, मारवाड़ी पट्टी, वलीपुर रोड, मोहनपुर, नया टोला केशोपुर और ताराचंद गली शामिल हैं।गणेश पूजा महोत्सव 14 सितंबर को मनाया जाएगा। पूजा के बाद 17 और 18 सितंबर को अलग-अलग पूजा समितियों की ओर से प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमाओं का विसर्जन मासोमातिया तालाब एवं मुंगेर के सूजी घाट में किया जाएगा।इधर गणेश पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने थाना परिसर में पूजा समितियों के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने पूजा और विसर्जन के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व-त्योहार और महोत्सव मनाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं है, लेकिन किसी भी परिस्थिति में विधि-व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए। पूजा एवं विसर्जन के दौरान समिति के सदस्यों को प्रशासन का सहयोग करने और निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की गई। बैठक में पूजा समिति के सदस्य मोहन कुमार, रवि कुमार, आयुष कुमार, अमित कुमार, सचिन कुमार, गोलू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पूजा समिति के साथ बैठक करते थानाध्यक्ष।

महिलाओं के मंगल पाठ के साथ संपन्न हुआ भादवा महोत्सव

जमालपुर(मुंगेर) । श्री राणी सती दादी जी के विराट भादवा महोत्सव मंगल पाठ के भाव आयोजन के साथ संपन्न हुआ। मंगल पाठ में 108 महिलाओं ने सामूहिक रूप से दादी जी का मंगल पाठ कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम के मुख्य यजमान संजय मेहारिया एवं अलका मेहारिया ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल पाठ का शुभारंभ किया। मंगल पाठ की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद बालाजी महाराज एवं पितृ जी महाराज के भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगल पाठ के दौरान कोलकाता से आए बंटी एंड झांकी ग्रुप ने दादी जी की जीवनी पर आधारित आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। झांकी के माध्यम से दादी जी के जन्म, विवाह, युद्ध और सती होने की कथा को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया। झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और पूरा परिसर दादी जी के जयकारों से गूंज उठा।मंगल पाठ में राणी सती दादी महिला समिति की अंजू अग्रवाल, ऊ्मा जालान, प्रभा संघई, ज्योति शर्मा, रेखा संघई, आशा अग्रवाल, सरोज मेहारिया, वीणा अग्रवाल, मधु शर्मा, उमा, नीलम, ति एवं विशाखा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।इस अवसर पर संदीप मेहारिया, शेखर खेतान, शंकरलाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, चंदू अग्रवाल, सुरेश बुदिया, माधव मस्कारा, गोपाल शर्मा, पारस शर्मा, संजीव फिटकरीवाला, विशाल, सुमित, विकास, रितेश, श्याम सहित समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

मंगल पाठ में शामिल महिलाएं।

लायंस क्लब ने 350 जरूरतमंदों के बीच बांटा सूखा राशन

जमालपुर (मुंगेर)। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय लायंस क्लब अफ जमालपुर आदर्श के सदस्यों ने शनिवार को चंडिका स्थान के निकट मुंगेर फोरलेन के समीप जरूरतमंदों के बीच सूखा राशन का वितरण किया। क्लब की ओर से करीब 350 जरूरतमंद परिवारों को राशन का पैकेट उपलब्ध कराया गया। राशन मिलने पर जरूरतमंदों ने क्लब के सदस्यों के प्रति आभार जताया।कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने कहा कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कठिन समय में खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने से उन्हें काफी राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।राशन वितरण कार्यक्रम में लायंस क्लब अफ जमालपुर आदर्श की अध्यक्ष शैली वर्गीज, सचिव मधु, कोषाध्यक्ष सोनी रजा, ड़ सुमन रजा, राजेश सिंह, उमेश, रतन घोष, बाबू चौधरी, निमाई बोस, जुड़ा सैंड, शिवलाल रजक, हिमांशु शेखर सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। सदस्यों ने स्वयं जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर राशन पैकेट वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान सेवा भावना और सामाजिक सहयोग का संदेश दिया गया।

जरूरतमंदों की सेवा में लगे लायंस क्लब की टीम।

रेलवे यार्ड में लावारिस बैग से 36 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

सीआईबी और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में 6.48 लीटर शराब जब्त

जमालपुर(मुंगेर) (डीएनएस)। रेलवे यार्ड जमालपुर में सीआईबी की टीम और आरपीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रेलवे ट्रैक के समीप लावारिस पड़े एक पिट्ठू बैग से 36 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। बरामद शराब की कुल मात्रा 648 लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 3,960 रुपये है। मामले में उत्पाद विभाग मुंगेर ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीते शुक्रवार रात्रि सीआईबी जमालपुर की टीम आरपीएफ पोस्ट के साथ रेलवे यार्ड में गश्त कर रही थी। इसी दौरान वाटर टैंक के समीप रेलवे ट्रैक के बीच एक लावारिस पिट्ठू बैग पड़ा दिखाई दिया। आसपास किसी व्यक्ति के नहीं मिलने पर टीम ने बैग की जांच की। तलाशी के दौरान बैग से माउंटेन ओक प्रीमियम ग्रेन व्हिस्की की 36 बोतलें बरामद हुईं। प्रत्येक बोतल में 180 एमएल शराब थी।बरामद शराब की कुल मात्रा 6480 एमएल यानी 648 लीटर पाई गई।शराब और बैग को लावारिस अवस्था में पाए जाने तथा मौके पर किसी व्यक्ति के स्वामित्व का दावा नहीं करने के कारण आरपीएफ ने शराब को जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट जमालपुर लाया। इसके बाद जब्त शराब को उत्पाद विभाग मुंगेर को सौंप दिया गया।

उत्पाद विभाग मुंगेर ने इस मामले में कांड दर्ज करते हुए बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव और सीआईबी एसके सुधा की कार्रवाई के बाद शराब को रेलवे परिसर में छोड़कर फरार होने वाले व्यक्ति की पहचान और उसके संभावित नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

बरामद शराब को दिखाते आरपीएफ।

संक्षिप्त खबरें

पार्टी विरोधी गतिविधियों पर कांग्रेस सख्त, 32 नेताओं को शो-कॉज नोटिस

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए संगठन के 32 नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदेश अनुशासन समिति की ओर से इन नेताओं को शो-कज नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। पार्टी के इस कदम के बाद प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों और कांग्रेस के भीतर संगठनात्मक अनुशासन को लेकर चर्चा तेज हो गई है।जानकारी के अनुसार, जिन नेताओं को नोटिस भेजा गया है, उनमें पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक पूनम देवी, पश्चिमी चंपारण के पूर्व जिलाध्यक्ष भारत भूषण दुबे, औरंगाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, मधेपुरा के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र यादव तथा सिवान के पूर्व जिलाध्यक्ष विधु शेखर पाण्डेय समेत कुल 32 नेता शामिल हैं। प्रदेश अनुशासन समिति ने संबंधित नेताओं से पार्टी विरोधी गतिविधियों से जुड़े आरोपों के संबंध में जवाब मांगा है। नोटिस के माध्यम से नेताओं को अपना पक्ष स्पष्ट करने का अवसर दिया गया है। हालांकि, पार्टी की ओर से इन नेताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों के विस्तृत बिंदुओं की जानकारी सामने आने के बाद ही कार्रवाई की प्रति और उसके संभावित परिणामों को लेकर स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी। कांग्रेस के इस संगठनात्मक कदम को पार्टी में अनुशासन कायम रखने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक दलों में अनुशासन और संगठनात्मक एकजुटता चुनावी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में वरिष्ठ नेताओं समेत 32 नेताओं को एक साथ नोटिस जारी किए जाने से कांग्रेस के अंदरूनी समीकरण को लेकर भी राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। फिलहाल सभी की निगाहें अब संबंधित नेताओं के जवाब और प्रदेश अनुशासन समिति के अगले निर्णय पर टिकी हैं। नेताओं के स्पष्टीकरण के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि पार्टी मामले में आगे क्या कदम उठाती है।

सूखे नशे के बढ़ते जाल से परिवार बेहाल, महिला ने खोला मोर्चा

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र में नशे के बढ़ते प्रभाव को लेकर एक महिला ने गंभीर सवाल उठाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि उसके पति को नशे की ऐसी लत लग गई है, जिसका असर अब पूरे परिवार पर पड़ रहा है। पति की नशे की आदत से परेशान महिला ने चुप रहने के बजाय इसके खिलाफ आवाज उठाने का निर्णय लिया है। महिला का दावा है कि क्षेत्र में प्रतिबंधित एवं नशीले पदार्थो की बिक्री खुलेआम होने के कारण युवाओं और परिवारों पर इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। महिला के अनुसार, शुरुआत में पति कभी-कभार नशा करता था, लेकिन धीरे-धीरे इसकी आदत बढ़ती गई। अब स्थिति ऐसी हो गई है कि परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति प्रभावित होने लगी है। नशे की गिरफ्त में आने के बाद घर में तनाव बढ़ने और पारिवारिक जीवन प्रभावित होने का भी उसने दावा किया है। महिला का कहना है कि यदि नशे के अवैध कारोबार पर समय रहते प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो इसका खामियाजा कई परिवारों को भुगतना पड़ सकता है।

'सूखे नशे' को लेकर उठे सवाल

महिला ने विशेष रूप से 'सूखे नशे' की बिक्री को लेकर चिंता जताई है। उसका दावा है कि बाढ़ के विभिन्न हिस्सों में ऐसे नशीले पदार्थो की उपलब्धता को लेकर लंबे समय से चर्चाएं होती रही हैं। उसका आरोप है कि कथित रूप से नशीले पदार्थ आसानी से उपलब्ध होने के कारण इसकी चपेट में युवा वर्ग भी आ रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। महिला का कहना है कि नशे की समस्या केवल किसी एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई, परिवार की आर्थिक स्थिति, सामाजिक वातावरण और अपराध की संभावनाओं पर पड़ सकता है। इसलिए प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच करनी चाहिए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो नशीले पदार्थो की बिक्री एवं आपूर्ति में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

परिवार बचाने के लिए सामने आई महिला

पति की नशे की लत से परेशान महिला का कहना है कि उसने यह कदम किसी व्यक्ति विशेष को बदनाम करने के लिए नहीं, बल्कि अपने परिवार और समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए उठाया है। उसका कहना है कि नशे की आदत ने उसके पति के व्यवहार और पारिवारिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। परिवार की चिंता ने उसे आवाज उठाने के लिए मजबूर किया। महिला ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थो की बिक्री और आपूर्ति के संबंध में गोपनीय तरीके से जांच कराई जाए। साथ ही ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए, जहां कथित रूप से नशीले पदार्थो की बिक्री या आपूर्ति होती है।

पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी नजर

नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद यदि किसी क्षेत्र में नशीले पदार्थो की उपलब्धता की शिकायत सामने आती है तो यह कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक चिंता का विषय बन जाता है। खासकर युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति आने वाली पीढ़ी के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। महिला के आरोपों के बाद अब लोगों की नजर पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर है। यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही हैं तो नशीले पदार्थो के स्रोत, आपूर्ति तंत्र और बिक्री से जुड़े लोगों तक पहुंचना जरूरी होगा। वहीं, आरोपों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, ताकि किसी निर्दोष व्यक्ति पर आरोप न लगे और दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की कार्रवाई तक सीमित नहीं रह सकती। इसमें परिवार, समाज, शिक्षण संस्थान और प्रशासन सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। महिला की आवाज इस बात की ओर संकेत करती है कि नशे का असर अब केवल सड़क और सार्वजनिक स्थानों तक सीमित नहीं, बल्कि घरों की चारदीवारी तक पहुंच रहा है। ऐसे में समय रहते ठोस कदम उठाना आवश्यक है।

ग्रामीण एसपी कोमल मीणा का थानों पर फोकस लंबित मामलों को जल्दी निपटाने का निर्देश

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। ग्रामीण क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा थानों में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर ग्रामीण एसपी कोमल मीणा ने कई थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के साथ पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित कांडों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि अनुसंधान में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए और लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

ग्रामीण एसपी के निरीक्षण को लेकर संबंधित थानों में पुलिस पदाधिकारियों के बीच सक्रियता देखी गई। उन्होंने थानों में दर्ज मामलों, अनुसंधान की प्रगति, लंबित कांडों, वारंट एवं अन्य पुलिसिंग गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर मामलों में अनुसंधान को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए तथा मामलों के निष्पादन में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से क्षेत्र में अपराध की स्थिति, अपराधियों की गतिविधियों तथा पुलिस की नियमित गश्ती व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्रभावी उपस्थिति अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्ती, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर और सूचना तंत्र को मजबूत बनाए रखना आवश्यक है। ग्रामीण एसपी ने थानों में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि थाना आम लोगों के लिए न्याय और सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। ऐसे में पुलिसकर्मियों का व्यवहार संवेदनशील, सहयोगात्मक और कानून के अनुरूप होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि थाने की सभी व्यवस्थाएं अद्यतन और व्यवस्थित रखी जाएं तथा वरीय अधिकारियों के निर्देशों का समयबद्ध तरीके से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण एसपी कोमल मीणा ने कहा कि पुलिस का मूल उद्देश्य आम लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। अपराध नियंत्रण के साथ-साथ लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन, फरियादियों की समस्याओं का समाधान और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण एसपी के लगातार थाना निरीक्षण और समीक्षा बैठकों से लंबित मामलों के निष्पादन तथा पुलिसिंग व्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

डालसा परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत सम्पन्न

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को समस्तीपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकार परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेर्शानुसार आयोजित लोक अदालत की अध्यक्षता प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार समस्तीपुर राहुल कुमार ने

की। राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन डालसा अध्यक्ष राहुल कुमार, जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा, आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डालसा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार विभिन्न प्रकार के मामलों के निपटारे के लिए कुल 17 बेंचों का गठन किया गया था। गठित बेंचों में न्यायिक पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। लोक अदालत में बड़ी संख्या में पक्षकार अपने-अपने मामलों के निष्पादन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार चौबे, आलोक कुमार पांडे, उमाशंकर नारायण, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोज कुमार, अपर मुख्य दंडाधिकारी जयश्री कुमारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी मयंक कुमार पांडे, सिविल जज जूनियर डिवीजन कनिका शर्मा, सृष्टि सिन्हा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी बादल कुमार गुप्ता, प्रियंका यादव, नैंसी कुमारी, स्वीटी कुमारी, मणि शंकर मनी, आशीष कुमार सिंह, सौरभ कुमार चौधरी सहित विभिन्न बैंकों के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। लोक अदालत में मामलों के त्वरित एवं सुलह के आधार पर निपटारे पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने पक्षकारों को आपसी सहमति के माध्यम से विवादों का समाधान कराने के लिए प्रेरित किया।

जनता दरबार में पहुंचे भूमि विवाद के तीन मामले, साक्ष्य के अभाव में अगली सुनवाई तक टले

विद्यापतिनगर एनएसबी। विद्यापतिनगर अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं एएसआई रविन्द्र कुमार की उपस्थिति में आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में कुल तीन भूमि संबंधी मामले पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बातों को गंभीरता से सुना और विवाद से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा। पर्याप्त साक्ष्य एवं आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं होने के कारण तीनों मामलों का तत्काल निष्पादन नहीं हो सका। इसके बाद सभी मामलों को अगली सुनवाई तक लंबित रखा गया। अधिकारियों ने संबंधित पक्षकारों को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई की तिथि पर अपने-अपने दावे के समर्थन में आवश्यक कागजात, अभिलेख एवं अन्य साक्ष्य के साथ उपस्थित हों। राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों को पर्याप्त अवसर प्रदान किया जाएगा तथा उपलब्ध दस्तावेज और साक्ष्य के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से लोगों को अंचल कार्यालय में ही भूमि संबंधी विवादों एवं समस्याओं को रखने का अवसर मिल रहा है। इससे लोगों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए सुविधा मिलती है। अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की कि भूमि विवाद से संबंधित शिकायत लेकर आने के दौरान सभी जरूरी कागजात साथ लेकर आएं, ताकि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो। मौके पर राजस्व कर्मचारी राकेश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

एसडीओ ने किया राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक अदालत में चल रही सुनवाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने विभिन्न बेंचों पर पहुंचकर मामलों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने लोक अदालत में पहुंचे पक्षकारों से भी सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित विवादों का त्वरित एवं आपसी सुलह के आधार पर निपटारा करना है। इसके माध्यम से आम लोगों को लंबे समय तक चलने वाले मुकदमों से राहत मिलती है और समय एवं धन की भी बचत होती है। एसडीओ ने लोक अदालत में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि सभी पक्षकारों को उचित सुनवाई का अवसर दिया जाए। मामलों का निष्पादन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नियमानुसार किया जाए। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे आपसी विवादों के शीघ्र एवं सुलहपूर्ण समाधान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे। लोक अदालत में मामलों की सुनवाई शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से की गई।

खाद की किल्लत व कालाबाजारी के खिलाफ किसान महासभा ने निकाला जुलूस, मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। ताजपुर में अखिल भारतीय किसान महासभा प्रखंड कमिटी के आह्वान पर शनिवार को मोतीपुर सब्जी मंडी में खाद की किल्लत एवं कथित कालाबाजारी के खिलाफ किसानों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने खाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने, कालाबाजारी पर रोक लगाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। जुलूस के बाद आयोजित सभा में किसान नेताओं ने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद की कथित कालाबाजारी के कारण किसानों को निर्धारित मूल्य से अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। प्रदर्शनकारियों ने किसानों एवं खुदरा खाद दुकानदारों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने, ऑनलाइन एवं क्यूआर कोड से भुगतान की अनिवार्यता समाप्त करने तथा किसानों के केसीसी ऋण माफ करने सहित विभिन्न मांगें उठाईं। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसानों को खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार पर किसानों की समस्याओं का समुचित समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि यदि खाद की उपलब्धता एवं मूल्य को लेकर तत्काल सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सभा के उपरांत प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर 16 सितंबर को समस्तीपुर में जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। किसान महासभा के नेताओं ने अधिक से अधिक किसानों से 16 सितंबर के प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने की। सभा को राजदेव प्रसाद सिंह, रवींद्र प्रसाद सिंह, कैलाश सिंह, मनोज कुमार सिंह, रंजीत कुमार, प्रभात रंजन गुप्ता, रवींद्र शर्मा, महेन्द्र साह, राजेश कुमार, शंकर महतो, लाला प्रसाद सिंह, चंदन राय तथा भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

बैंककर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल, विभिन्न मांगों के समर्थन में निकाला शांतिपूर्ण मार्च

विद्यापतिनगर एनएसबी। विद्यापतिनगर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय अति पिछड़ा टोला हरपुर बोचहा में शनिवार को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि शरीर और मस्तिष्क के समुचित विकास के लिए भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों का होना बेहद जरूरी है। बच्चों को हरी सब्जियां, मौसमी फल, दाल, दूध, अंडा सहित पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को नियमित भोजन में शामिल करने की सलाह दी गई। शिक्षकों ने कहा कि संतुलित आहार बच्चों को स्वस्थ रखने के साथ उनकी शारीरिक वृद्धि, मानसिक विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। भोजन करने से पहले और शौचालय के इस्तेमाल के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने, स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी पीने तथा आसपास के वातावरण को साफ रखने के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने कहा कि कुपोषण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रभावित कर सकता है। इससे बचाव के लिए परिवार और समाज को मिलकर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर बच्चों के बीच पोषण से संबंधित विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। बच्चों ने स्वस्थ भोजन, स्वच्छता एवं पोषण को लेकर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी पौष्टिक भोजन एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा।

विद्यालय के प्रधान शिक्षक अंजनी कुमार ने कहा कि स्वस्थ एवं कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चों को नियमित पौष्टिक आहार लेने के साथ स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। मौके पर वरीय शिक्षक राम बाबू चौरसिया, मीतू शर्मा, कृतिका सिंह, दिव्या प्रिया, गौतम कुमार सिंह, रवि रंजन कुमार सिंह, मो. महबूब, सरस्वती कुमारी, ललिता कुमारी, कुमारी संध्या यादव सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक 79 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के पुत्र सतीश चंद्र प्रकाश ने कल्याणपुर थाने में आवेदन देकर संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थाने में दिए आवेदन के अनुसार, उनके पिता स्व. रामचंद्र बैठा, उम्र 79 वर्ष, चक... पंचायत क्षेत्र के निवासी थे। बताया गया है कि 10 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे वे अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक संख्या बीआर-33एन-6107 के चालक ने तेज गति एवं कथित लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रामचंद्र बैठा गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एसएच-88 पर ट्रक की चपेट में आने से इंटर छात्रा की मौत, आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम की

दलसिंहसराय एनएसबी। दलसिंहसराय नगर थाना क्षेत्र में एसएच-88 पर शनिवार को सड़क हादसे में इंटर की एक छात्रा की मौत हो गई। छात्रा घर से कोचिंग जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान पगड़ा के समीप सड़क से गुजर रहे ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

मृतका की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के पांड पंचायत निवासी उमेश महतो की पुत्री अंजली कुमारी के रूप में हुई है। बताया गया कि अंजली इंटर की छात्रा थी और पढ़ाई के सिलसिले में कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान पगड़ा के पास एसएच-88 पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई और उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश फैल गया।

आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आवागमन रोककर एसएच-88 को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोग फरार ट्रक चालक की गिरफ्तारी और सड़क पर वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद दलसिंहसराय थानाध्यक्ष मो. इरशाद आलम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। फरार ट्रक चालक एवं वाहन की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से फरार चालक को जल्द गिरफ्तार करने तथा एसएच-88 पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। घटना के बाद मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा-संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं : लखेन्द्र पासवान

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के तहत सेवा, जनभागीदारी एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण

विभाग के मंत्री लखेन्द्र पासवान ने उक्त बातें कहीं। भाजपा उत्तरी जिलाध्यक्ष नीलम साहनी की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन ह्यजनसेवा से राष्ट्रसेवाह्न का प्रेरणादायी उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के कार्यों, गरीब कल्याण की योजनाओं, सुशासन तथा विकसित भारत के संकल्प को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अभियान के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

मंत्री ने बताया कि अभियान के दौरान 'आशीर्वाद का दीया', '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', ह्यकहानी बदलाव कीह्न, ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न, ह्यसेवा ज्योति यात्राह्न, ह्यवडनगर से वाराणसीह्न, ह्यसेवा मेरा योगदानह्न, ह्यसेवा सेतु अभियानह्न, ह्यराष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंजह्न तथा ह्यजनसेवक महाकुंभ—पंचायत से पार्लियामेंटह्न जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को सेवा दिवस के रूप में विभिन्न जनसेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मंत्री ने भाजपा कार्यकताओं से अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

इससे पूर्व मंत्री एवं दोनों जिलाध्यक्षों का मैथिल परंपरा के अनुसार पाग एवं चादर आदि से स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा समस्तीपुर दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह, भाजपा नेता शशिकांत आनंद, मनोज कुमार गुप्ता, देवानंद प्रसाद यादव, कैप्टन कमलेश सहनी, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, जिला मुख्य प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, राकेश कुमार राज, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू, अविनाश सिंह चंदेल सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा-सफर तथा ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प को समस्तीपुर के गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

हेलमेट से लेकर रेलवे फाटक तक, बच्चों ने सीखे सुरक्षित सफर के गुर

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं से बचाव को लेकर शनिवार को पीआर इंटर विद्यालय, कपूरीग्राम में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ह्यसुरक्षित शनिवारह्न के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से लेकर रेल यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों

के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व स्टेट ट्रेनर सह फोकल शिक्षक सुभीत कुमार सिंह ने किया। उन्होंने छात्रों को सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति से वाहन चलाने तथा सड़क पर लापरवाही से होने वाले संभावित हादसों से बचने के उपाय बताए। इस दौरान छात्रों को हेलमेट पहनने के सही तरीके की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम को रोचक एवं व्यवहारिक बनाने के लिए छात्रों के बीच मॉक ड्रिल कराया गया। इसके माध्यम से दुर्घटना की स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षित तरीके से सहायता करने तथा प्राथमिक उपचार से संबंधित जरूरी सावधानियों को समझाया गया। इसके बाद छात्रों को विद्यालय के सामने स्थित रेलवे स्टेशन एवं रेलवे गुमटी पर ले जाकर रेल सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया। छात्रों को बताया गया कि रेलवे फाटक बंद होने की स्थिति में उसे पार नहीं करना चाहिए। रेलवे ट्रैक पर जाने से बचने, ट्रेन के आवागमन के दौरान पर्याप्त दूरी बनाए रखने तथा रेलवे परिसर में सतर्क रहने की सलाह दी गई। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक सुभीत कुमार सिंह ने कहा कि सड़क एवं रेल सुरक्षा की जानकारी बच्चों के लिए केवल पाठ का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन की जरूरी सीख है। छोटी-सी सावधानी बड़े हादसे को टाल सकती है। कार्यक्रम में फोकल शिक्षिका स्मृति कुमारी एवं फोकल शिक्षक तरुण कुमार झा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने यातायात एवं रेल सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

नामापुर में छापेमारी कर NBW वारंटी गिरफ्तार, भेजा जेल

कल्याणपुर एनएसबी। चकमेहसी थाना पुलिस ने वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत नामापुर गांव में छापेमारी कर एक ठइह वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। छापेमारी अभियान का नेतृत्व एएसआई राजेंद्र प्रसाद यादव ने किया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान नामापुर गांव निवासी अमरजीत राम, पिता हृदय राम के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

सुरक्षित शनिवार में बच्चों ने सीखे सुरक्षित यात्रा के गुर

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत ह्यसुरक्षित शनिवारह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान फोकल शिक्षिका बीवी शकीला रहमान ने सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने तथा रेलवे ट्रैक एवं फाटक के आसपास सतर्क रहने की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि जरा सी लापरवाही जिंदगी पर भारी पड़ सकती है। यातायात एवं सुरक्षा नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित समाज और सुरक्षित बिहार का निर्माण संभव है। उन्होंने आपात स्थिति में रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना देने की जानकारी भी बच्चों को दी। इस दौरान इको क्लब की ओर से विद्यालय की पेयजल व्यवस्था को साफ, सुंदर एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग करने वाले लोगों को प्रधानाध्यापक द्वारा कॉपी, पेंसिल, पेंसिल बॉक्स, ड्राइंग बुक एवं ह्यपर्यावरण मित्रह्न का प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विमल कुमार साह ने किया। मौके पर शिक्षक मो. सादुल्लाह, कैलाश राम, विनय सिंह, दिवाकर कुमार सिंह, खुशबू राय, विमला कुमारी, विभा कुमारी, इंदिरा कुमारी, कोमल पांडे, रुचि वर्मा, अंजुमन शाहीन, शिक्षा सेवक कैलाश सदा सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मियों ने सहयोग किया।

लर्निंग फेस्टिवल मेला दिवस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विज्ञान से नाटक तक मचाई धूम

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। विद्यापतिनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ धनेशपुर में शनिवार को लर्निंग फेस्टिवल मेला दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयराज पासवान एवं हाई स्कूल के प्राचार्य अजय झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मेला दिवस के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सीखने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में विज्ञान स्टूडियो, पेंटिंग स्टूडियो, नाटक स्टूडियो, किचेन गार्डन, मीडिया स्टूडियो, बोर्ड गेम एवं साहित्य स्टूडियो सहित विभिन्न गतिविधि केंद्र बनाए गए थे। प्रत्येक स्टूडियो में बच्चों ने अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञान स्टूडियो में बच्चों ने विभिन्न प्रयोगों एवं वैज्ञानिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी समझ और जिज्ञासा का प्रदर्शन किया। पेंटिंग स्टूडियो में बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता को कागज पर उकेरा। नाटक स्टूडियो में छात्र-छात्राओं ने अभिनय के माध्यम से सामाजिक एवं शैक्षणिक संदेश प्रस्तुत किए।

किचेन गार्डन में बच्चों ने पौधों एवं सब्जियों के संरक्षण तथा जैविक तरीके से खेती की जानकारी प्रस्तुत की। वहीं मीडिया स्टूडियो में बच्चों ने समाचार प्रस्तुति एवं संचार कौशल का प्रदर्शन किया। बोर्ड गेम और साहित्य स्टूडियो में भी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेला दिवस में बच्चों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों एवं शिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया। शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उनमें रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और सीखने की ललक भी विकसित करते हैं।

मौके पर शिक्षक राजीव कुमार, शिवम सिंह यादव, ऋतु मौर्या, बंदना यादव, श्रवण रजक, धनन्जय कुमार गुप्ता, शीला कुमारी, नीलम कुमारी, अर्जुन रजक, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, अरुण कुमार पाण्डेय, स्मृति कुमारी सहित फेलो स्वाति, शिवानी, विभा, शांति एवं निशा मौजूद थीं।

संक्षिप्त खबरें

युवा संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 15 सितम्बर को पार्टी की होगी अहम बैठक-सत्येन्द्र

शहरतेलपा (एनएसबी)। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने एक प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान , लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बिहार , झारखंड , उत्तरप्रदेश एवं पंजाब प्रदेश के प्रभारी सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय सांसद अरुण भारती एवं लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक के निदेर्शानुसार आगामी दिनांक 24 सितम्बर को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा आयोजित पटना के वेटनरी कॉलेज खेल परिसर में "यूथ बोले तो" (युवा संवाद) कार्यक्रम आयोजित है । उक्त कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाध प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिनांक 15 सितम्बर 2026 , समय : 11 .00 बजे पूर्वाहन , स्थान आदित्या होटल एंड रेस्टोरेंट अरवल में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक रखी गई है। उक्त तैयारी बैठक में अरवल जिला से सम्बंधित पार्टी के सभी सम्मानित प्रदेश पदाधिकारीगण , जिला कमिटी के सभी पदाधिकारीगण, सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, सभी प्रखंड अध्यक्ष सादर आमंत्रित है । बैठक में आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है । उक्त बैठक में आप सभी सम्मिलित होकर बैठक को सफल बनायें।

पेड़ों की टहनियों की छंटाई को लेकर कल साढ़े चार घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

मेहंदिया (एनएसबी)। आने वाले पर्व-त्योहार को देखते हुए क्षेत्र में निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा 33 केवी पहलेजा फीडर में पेड़ों की टहनियों की छंटाई का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए रविवार, 13 सितंबर 2026 को सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक शटडाउन लिया गया है। शटडाउन के कारण इस अवधि में कलेर प्रखंड क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के अनुसार 33 केवी लाइन से सट रही पेड़ों की टहनियों की छंटाई की जाएगी, ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति में व्यवधान एवं किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को कम किया जा सके। कनीय विद्युत अभियंता पंकज प्रसून ने उपभोक्ताओं से निर्धारित अवधि में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए यह कार्य आवश्यक है। उन्होंने विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से होने वाली असुविधा के लिए उपभोक्ताओं से खेद व्यक्त किया है।

परासी थाना में लोक संवाद गोष्ठी, शराब व सूखा नशा समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

मेहंदिया (एनएसबी)। परासी थाना क्षेत्र में आम नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को सीधे सुनने तथा पुलिस एवं आमजन के बीच आपसी विश्वास को और मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परासी थानाध्यक्ष सेराज आलम ने की। लोक संवाद के दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। खासकर शराब के अवैध कारोबार एवं सेवन, सूखा नशा तथा इससे जुड़ी गतिविधियों को लेकर लोगों ने अपनी चिंता रखी। ग्रामीणों ने क्षेत्र में नशे की रोकथाम के लिए पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। थानाध्यक्ष सेराज आलम ने लोगों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अपराध एवं नशे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के साथ आम लोगों का सहयोग भी बेहद जरूरी है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को समय पर देने की अपील की गई। बैठक में पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने, क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था कायम रखने तथा आपसी विश्वास को मजबूत करने को लेकर भी चर्चा हुई।

लगातार बारिश से खेती प्रभावित, यूरिया छिड़काव के लिए खेत सूखने का इंतजार कर रहे किसान

मेहंदिया (एनएसबी)। इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन के साथ-साथ खेती-किसानी भी प्रभावित होने लगी है। खेतों में पानी जमा रहने के कारण किसानों को फसलों की देखभाल करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में खेतों में सोहनी (खरपतवार की सफाई) का कार्य चल रहा है, लेकिन लगातार बारिश के कारण यह काम भी प्रभावित हो गया है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण कई खेतों में पानी जमा है, जिसके चलते खेत में उतरकर सोहनी करना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी ओर फसलों में यूरिया के छिड़काव का समय भी चल रहा है। किसान यूरिया की खरीदारी कर उसे अपने घरों में रखे हुए हैं, लेकिन खेतों में पानी भरा होने के कारण फसल पर यूरिया का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं।किसानों के अनुसार खेत में अधिक पानी रहने की स्थिति में यूरिया का छिड़काव करना उचित नहीं माना जा रहा है। ऐसे में किसान खेतों से पानी कम होने और मिट्टी के कुछ सूखने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि सही समय पर फसल में यूरिया का प्रयोग किया जा सके। लगातार बारिश के कारण खेतों में नमी तो पर्याप्त है, लेकिन समय पर खाद का छिड़काव नहीं होने से फसलों की वृद्धि को लेकर किसानों की चिंता बढ़ रही है।किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह लगातार बारिश होती रही तो खेतों में चल रहे आवश्यक कृषि कार्य और भी पीछे हो सकते हैं। फिलहाल किसान मौसम साफ होने तथा खेतों में जमा पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि सोहनी सहित यूरिया छिड़काव का कार्य पूरा किया जा सके।

ाशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न,मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण से ग्रामीण युवाओं को मिला स्वरोजगार का हुनर

मेहंदिया (एनएसबी)। कृषि विज्ञान केंद्र, लोदीपुर, अरवल में ग्रामीण युवक-युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 7 से 11 सितंबर 2026 तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 45 युवक-युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक डॉ. अनीता कुमारी ने किया। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन कम लागत

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

और कम जगह में शुरू किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियां इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाकर घर से ही अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।प्रशिक्षण के दौरान विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. कविता डालमिया ने प्रतिभागियों को ऑयस्टर, बटन, मिल्की एवं धान पुआल मशरूम के उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी दी। प्रतिभागियों को स्पॉन उत्पादन, कम्पोस्ट तैयार करने, फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा कटाई के बाद मशरूम के रखरखाव की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में मशरूम से अचार, पापड़ और पाउडर जैसे उत्पाद तैयार कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने के तरीकों की भी जानकारी दी गई। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।प्रशिक्षण प्राप्त युवक-युवतियों ने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें घर बैठे रोजगार शुरू करने के लिए नई जानकारी और तकनीकी कौशल मिला है। कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से भविष्य में भी ऐसे रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान एवं कायाकल्प योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में 'सेवा संकल्प अभियान' एवं 'कायाकल्प योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान। जनभागीदारी के साथ विभिन्न गतिविधियों के प्रभावी आयोजन का निर्देश अमृषा बैंस की अध्यक्षता में 'सेवा संकल्प अभियान' एवं 'कायाकल्प योजना' के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न गतिविधियों की विभागवार तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान की प्रत्येक गतिविधि के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण करने तथा अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' का उद्देश्य सेवा, सामाजिक सहभागिता एवं जनकल्याण की भावना को सशक्त करते हुए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति आमजनों में जागरूकता बढ़ाना तथा प्रशासन एवं आमजन के बीच सहभागिता को और मजबूत करना है। बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न

बैठक करते डीएम।

गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

आशीर्वाद का दीया के तहत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क स्थापित कर उन्हें दीप प्रज्वलन हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इसमें नगर निकाय, स्वास्थ्य उपकेंद्र, जन वितरण प्रणाली विक्रेता, गैस वितरक एवं पंचायत सरकार भवन सहित विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। 'सेवा चित्र' के अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा, सामाजिक दायित्व एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। 'सेवा स्मरण' के तहत प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं 'आंगन का मिलन' के अंतर्गत बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं कर्मियों के योगदान एवं उनकी सेवाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया जाएगा। 'कहानी बदलाव की' के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव एवं उनकी सफलता की कहानियों को लघु कथा, वीडियो अथवा रील के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन ग्राम पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर किया जाएगा, जिसके माध्यम से अभियान के संदेश एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। हर युवा की यही पुकार, नशा मुक्त हो अपना बिहार।

सेवा मेरा योगदान' के तहत पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजनों को समाज सेवा एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसी प्रकार 'सेवा सेतु अभियान' के अंतर्गत 'सरकार आपके द्वार' की अवधारणा के अनुरूप आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनते हुए उनके त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। 'सेवा के रंग' के तहत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ह्यूमन रंगोली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 'भ्वांजीवद एवं प्दवअंजपवद बससमदहम' के माध्यम से नवाचारों एवं नवोन्मेषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा चयनित नवाचारों को प्रदर्शनी, संवाद एवं लाइव डेमो के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों की पूर्व कार्ययोजना तैयार करते हुए पदाधिकारियों एवं कर्मियों की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए। जिला, प्रखंड, पंचायत एवं संस्थागत स्तर पर कार्यक्रमों का सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए तथा अभियान में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कायाकल्प योजना के कार्यों की भी हुई विस्तृत समीक्षा इसी क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा 'कायाकल्प योजना' के अंतर्गत जिले में प्रस्तावित एवं चयनित विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत ऐसे व्यवहार्य, जनोपयोगी एवं त्वरित प्रभाव वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिनसे आमजनों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं में स्पष्ट एवं सकारात्मक बदलाव दिखाई दे। योजना के तहत सामुदायिक भवन, सार्वजनिक शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालयों की चहारदीवारी, अतिरिक्त वर्ग कक्ष, रसोईघर एवं स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित कर क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी का व्यापक माध्यम बनाते हुए तथा 'कायाकल्प योजना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर जनोपयोगी विकास कार्यों को गति प्रदान कर आमजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार सहित संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

लोक संवाद गोष्ठी में थानाध्यक्ष ने कहा पुलिस-जनता के बीच मजबूत होगा सम्बंध


संवाद गोष्ठी को संबोधित करते थानाध्यक्ष।

कुर्था(एनएसबी)। मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवन खटांगी में शनिवार को लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस एवं आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को लेकर खुलकर संवाद स्थापित करना था। इस दौरान मानिकपुर थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता एक-दूसरे के पूरक हैं। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और समाज में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस के साथ आम लोगों का सहयोग भी बेहद जरूरी है। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस एवं जनता के बीच मधुर संबंध और आपसी विश्वास मजबूत होने से न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि छोटी-बड़ी स्थानीय समस्याओं का समाधान भी बेहतर और समय पर किया जा सकेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि गांव अथवा आसपास के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अपराध या सामाजिक समस्या की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। साथ ही ग्रामीणों को अफवाहों से बचने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी घटना या विवाद को लेकर बिना सत्यापन के बातों पर विश्वास न करें। किसी मामले की वास्तविक जानकारी के लिए पुलिस से संपर्क करें, ताकि अफवाहों के कारण समाज में अनावश्यक तनाव और विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। गोष्ठी के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से क्षेत्र में आपसी भाईचारा बनाए रखने, कानून का पालन करने तथा किसी भी आपराधिक गतिविधि की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने की अपील की। ग्रामीणों ने भी पुलिस के साथ सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस और आम जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

उसरी में पुलिस के जनसंवाद कार्यक्रम में शराब और नशे का मुद्दा उठा

मेहंदिया (एनएसबी)। उसरी में मेहंदिया पुलिस की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को पुलिस के समक्ष रखा। खासकर शराब और नशे से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों ने अपनी चिंता जाहिर की। जनसंवाद की अध्यक्षता पुलिस अवर निरीक्षक रूपेश कुमार ने की और उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

ग्रामीणों ने बताया कि उसरी मध्य विद्यालय परिसर में शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। शराबियों के अड्डे के कारण शाम के समय विद्यालय के आसपास का माहौल खराब हो जाता है। इससे आम लोगों को वहां से आने-जाने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर के आसपास शाम के समय पुलिस गश्ती बढ़ाने तथा शराबियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। लोगों ने बताया कि उसरी बाजार स्थित मध्य बिहार ग्रामीण बैंक के आसपास भी शाम के समय शराबियों का जमावड़ा रहता है। इससे बैंक और बाजार क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। ग्रामीणों ने पुलिस से इस स्थान पर भी विशेष निगरानी रखने की मांग की।

जनसंवाद के दौरान लोगों ने नशा, शराब तथा असामाजिक गतिविधियों से संबंधित कई समस्याओं की जानकारी पुलिस अवर निरीक्षक रूपेश कुमार को दी। उन्होंने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और लोगों को आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। जनसंवाद कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया कैश खान , पूर्व मुखिया रजनी मोहन, भरत शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

डीडीसी ने किया सरस्वती विद्या निकेतन सह मॉडल उच्च विद्यालय का निरीक्षण

अरवल (एनएसबी)। उप विकास आयुक्त ने सरस्वती विद्या निकेतन सह मॉडल उच्च विद्यालय, इटवा का किया निरीक्षण शैक्षणिक गुणवत्ता, आधुनिक शिक्षण व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं का लिया जायजा ।उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार द्वारा सरस्वती विद्या निकेतन सह मॉडल उच्च विद्यालय, इटवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य मॉडल स्कूल के रूप में विद्यालय में विकसित की जा रही शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लेने के साथ-साथ विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का आकलन करना था। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा विद्यालय में संचालित विभिन्न कक्षाओं का भ्रमण कर पठन-पाठन की व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। उन्होंने कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे अध्यापन, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों के उपयोग की जानकारी प्राप्त की। साथ ही विद्यार्थियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर बल दिया गया। विद्यासाथी एप के माध्यम से ऑनलाइन कक्षा संचालन का किया अवलोकन निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा विद्यासाथी एप के माध्यम से संचालित ऑनलाइन कक्षाओं का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने डिजिटल माध्यम से विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सामग्री एवं ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ऑनलाइन कक्षा के संचालन तथा विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल माध्यम से अध्ययन की प्रक्रिया का भी जायजा लिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और अधिक सुगम एवं उपयोगी बनाने में सहायक है। उन्होंने विद्यासाथी एप के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाओं का नियमित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा अधिकाधिक विद्यार्थियों को इसका

निरीक्षण करते डीडीसी।

लाभदिलाने पर बल दिया। आईसीटी एवं कंप्यूटर लैब का लिया जायजा उप विकास आयुक्त द्वारा विद्यालय में स्थापित आईसीटी लैब एवं कंप्यूटर लैब का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपलब्ध कंप्यूटर उपकरणों, डिजिटल शिक्षण संसाधनों एवं विद्यार्थियों को दी जा रही कंप्यूटर आधारित शिक्षा के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को नियमित शिक्षा के साथ डिजिटल एवं तकनीकी रूप से दक्ष बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए आईसीटी एवं कंप्यूटर लैब का नियमित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थी आधुनिक तकनीक से परिचित होकर उसका व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। साइंस लैब एवं अन्य प्रयोगशालाओं का निरीक्षण निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा साइंस लैब सहित विद्यालय में उपलब्ध अन्य प्रयोगशालाओं का भी जायजा लिया गया। उन्होंने प्रयोगशालाओं में उपलब्ध उपकरणों एवं संसाधनों की जानकारी प्राप्त करते हुए विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से प्रायोगिक कक्षाएं संचालित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान विषयों की बेहतर समझ विकसित करने में प्रयोगात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। पुस्तकालय एवं विद्यालय भवन का भी किया निरीक्षण उप विकास आयुक्त द्वारा विद्यालय के पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध पुस्तकों, विद्यार्थियों के लिए अध्ययन की व्यवस्था तथा पुस्तकालय के उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने विद्यार्थियों में नियमित अध्ययन एवं पठन की आदत विकसित करने के लिए पुस्तकालय का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित कराने पर बल दिया। इसके साथ ही विद्यालय भवन, वर्ग कक्षों एवं परिसर में उपलब्ध अन्य आधारभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालय में स्वच्छता, सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण तथा उपलब्ध संसाधनों के समुचित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि मॉडल स्कूल की परिकल्पना के अनुरूप विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण, ऑनलाइन शिक्षा, प्रयोगात्मक अध्ययन तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय में उपलब्ध आईसीटी लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, पुस्तकालय एवं अन्य संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में नियमित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मॉडल स्कूल का उद्देश्य केवल आधारभूत संरचना का विकास करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक एवं डिजिटल शिक्षण सुविधाएं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना भी है। इसी उद्देश्य के अनुरूप विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मरव बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाय।

प्रभारी मंत्री के बाढ़ दौरे पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

कुर्था(एनएसबी)। कांग्रेस पार्टी के अरवल जिला के वरिष्ठ नेता रणजीत तिवारी ने जिला प्रभारी मंत्री सह बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे को लेकर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मिलना स्वागत योग्य कदम है, लेकिन प्रभारी मंत्री को सभी प्रभावित परिवारों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना चाहिए था। रणजीत तिवारी ने कहा कि गुरुवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के दौरान छतोई गांव निवासी शिवम कुमार की पानी में डूबने से हुई मौत की जानकारी मिलने पर प्रभारी मंत्री ने उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने इसे संवेदनशील पहल बताते हुए शिवम कुमार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। हालांकि उन्होंने सवाल उठाया कि कवरिया गाँव निवासी विराज सिंह मदारपुर गाँव निवासी शांति देवी की बाढ़ में डूबने से हुई मौत के बाद उनके परिजनों से प्रभारी मंत्री की मुलाकात करना मुनासिब नहीं समझे। रणजीत तिवारी ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि दौरे के दौरान किन परिस्थितियों के कारण कुछ पीड़ित परिवारों से मुलाकात किए और कुछ परिवारों से मुलाकात नहीं किए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि प्रभारी मंत्री के दौरे में दोहरी नीति दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि इसे जातीय नजरिए से देखने के बजाय प्रभारी मंत्री को जिले के सभी बाढ़ पीड़ितों तक समान रूप से देखना चाहिए था। उन्होंने कहा कि बाढ़ की आपदा में किसी भी परिवार का नुकसान जाति और समुदाय से जुड़ा विषय नहीं है। ऐसे समय में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता प्रत्येक प्रभावित परिवार तक राहत, सहायता और संवेदना पहुंचाना होना चाहिए। रणजीत तिवारी ने प्रभारी मंत्री से मांग की कि जिले में बाढ़ से प्रभावित सभी गांवों का जायजा लिया जाए, मृतकों के परिजनों और फसल व मकान क्षति झेलने वाले परिवारों की समस्याओं को सुना जाए तथा नियमानुसार राहत और मुआवजा दिलाने की दिशा में आवश्यक पहल की जाए।

खबरें : एक नजर में

लापता युवक का जलाशय में मिला शव, 8 सितंबर की शाम घर से निकला था रौशन

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। लालगंज थाना क्षेत्र के पचदमिया वार्ड संख्या-2 निवासी 25 वर्षीय रौशन कुमार का शव शनिवार को बसबारी स्थित जलाशय से बरामद किया गया। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। रौशन कुमार, अरुण साह के पुत्र थे। परिजनों के अनुसार वह मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। 8 सितंबर की शाम वह घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी

घटनास्थल पर लोगों की भीड़।

तलाश शुरू की। अगले दिन लालगंज थाने में उनके लापता होने की सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की, लेकिन लगातार खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला।

शनिवार को परिजन और ग्रामीण उनकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान बसबारी स्थित जलाशय में रौशन का शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जलाशय से बाहर निकलवाया। लालगंज सदर एसडीपीओ-2 गोपाल मंडल ने बताया कि घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया था। साक्ष्य संकलन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

सुरक्षित शनिवार पर बच्चों ने दिया सड़क और रेल सुरक्षा का संदेश

गोरौल (दैनिक नवसंदेश)। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत गोरौल स्थित प्राथमिक विद्यालय गोरौल चकव्यास में शनिवार को सड़क एवं रेल दुर्घटना से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति एवं विद्यालय के बाल सांसदों ने प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार एवं संयोजक शिक्षक

स्कूली छात्र छात्रा सड़क सुरक्षा को याद दिलाते।

राजेश रंजन के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाया।कार्यक्रम के दौरान चेतना सत्र में बच्चों को सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि दुर्घटनाओं के प्रति जागरूकता और सुरक्षा नियमों का पालन कर सड़क एवं रेल हादसों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही आपदा से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।इसके बाद विद्यालय के बाल सांसदों ने अपने निर्धारित परिधान में स्टेशन रोड के किनारे खड़े होकर राहगीरों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। बाल सांसदों ने बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले दर्जनों मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की सलाह दी। वहीं, हेलमेट पहनकर चलने वाले चालकों को बच्चों ने धन्यवाद देकर उनका उत्साहवर्धन किया।बाल सांसदों ने चारपहिया वाहन चालकों से भी वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। बच्चों ने लोगों को समझाया कि थोड़ी सी सावधानी और यातायात नियमों का पालन गंभीर दुर्घटनाओं से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।कार्यक्रम में बाल सांसद निशांत रंजन, गोविंद कुमार, प्रियांशु कुमार, अस्मिता कुमारी, पलक कुमारी, प्रिया कुमारी, राधिका कुमारी सहित अन्य बच्चों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं शिक्षक सौरभ राज, शिशुपाल सुंदरम, रोजी परवीन सहित अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ मिलकर लोगों को सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक किया।विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में सड़क सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता का संदेश पहुंचाना रहा।

वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस सभा का आयोजन

पुलिस सेवा में एसएसपी ,एसपी ।

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। वरीय पुलिस अधीक्षक, वैशाली शुभांक मिश्रा द्वारा पुलिस केंद्र, हाजीपुर में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। सभा में सभी संवर्ग के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा पुलिसकर्मियों के कल्याण एवं कार्यहित से संबंधित अन्य आवश्यक सुझाव भी आमंत्रित किए गए। वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिसकर्मियों की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं पुलिस उपाधीक्षक रक्षित सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत : कुल 2772 वादों का निष्पादन तथा 5 करोड़ 17 लाख 78, हजार 957 रुपए की राशि का सेटलमेंट

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार वैशाली के तत्वावधान में सिविल कोर्ट परिसर हाजीपुर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद गयासुद्दीन, जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह, आरक्षी अधीक्षक वैशाली शुभांक मिश्रा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंडी लाल दास एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य सह सचिव स्वर्गीय कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव डक्टर सुधीर कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला जज ने कहा कि लोक अदालत के द्वारा कुल 35183 मामले चिन्हित किए गए हैं। जिसमें न्यायालय से लंबित कुल 8900 मामले शामिल है। जिस पर सुनवाई होनी है। इसमें से अपराधिक समनिय मामले, मोटर वाहन दावा बाद, श्रम विभाग से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद, दीवानी वाद इत्यादि मामले शामिल हैं। मामलों के निष्पादन हेतु कुल 30 बेंच बनाए गए हैं।

जिसमें ट्रैफिक चालान के लिए बेंच बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य ही न्यायालय की वादों को सुलह समझौते के माध्यम से संबंधित पक्षकारों की सहमति से त्वरित न्याय देना है। जिससे उनका बहुमूल्य समय, पैसा तथा संसाधन की बचत हो तथा इससे कोर्ट फीस भी वापस होता है। यदि लोक अदालत से मामला आपसी सुलह के आधार पर समाप्त होता है तो इसकी कोई अपील नहीं होती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला न्यायाधीश, डीएम ,एसपी व अन्य।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह ने कहा कि लोक अदालत के द्वारा समाज में भाईचारा का माहौल कायम होता है। लोक अदालत के फैसले आपकी सहमति के आधार पर होते हैं। अतः इस फैसलो में दोनों पक्षों की जीत होती है। उन्होंने आम लोगों से अपील की की लोक अदालत का भरपूर लाभ उठाएं तथा अपने-अपने मुकदमों का निष्पादन इस शिविर के माध्यम से कराये।

इस अवसर पर आरक्षी अधीक्षक वैशाली शुभांक मिश्रा, डक्टर सुधीर कुमार शुक्ला, चंडीलाल दास, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रमोद कुमार ने विस्तार पूर्वक लोक अदालत के माध्यम से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रमोद कुमार ने कहा कि मामलों के निष्पादन हेतु कुल 30 बेंच बनाए गए थे। जिनके द्वारा सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया गया।

शिविर में कुल 2772 वादों का निष्पादन किया गया तथा 5 करोड़ 17 लाख 78, हजार 957 रुपए की राशि का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे तथा शिविर के सफल आयोजन में आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

भारतीय स्टेट बैंक परिसर में बैंकिंग समस्या निवारण शिविर का आयोजन

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। महुआ समस्तीपुर रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर में पेंशनभोगियों के लिए एक विशेष बैठक सह बैंकिंग समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक देवा चंद ने की।बैठक के प्रारंभ में शाखा प्रबंधक ने उपस्थित सभी पेंशनभोगियों का आत्मीय स्वागत किया और बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व वित्तीय उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी। शिविर के दौरान पेंशनभोगियों की समस्याओं का त्वरित निवारण किया गया तथा उनके द्वारा दिए गए सुझावों का स्वागत करते हुए शाखा प्रबंधक ने उन पर सहमति व्यक्त की। साथ ही, उन्होंने आश्वस्त किया कि शाखा परिसर में पेंशनभोगियों को बेहतर सुविधाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी।

सभा के समापन पर महुआ अनुमंडल पूर्व सैनिक संघ इकाई के अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपा चलाएगी आशीर्वाद का दीया अभियान : मिथलेश तिवारी

महुआ / बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)। महुआ प्रखंड क्षेत्र के विष्णु चौक स्थित ओसी पैलेस में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रव्यापी आशीर्वाद का दीया अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया।

इस मौके पर भाजपा नेताओं ने बताया कि अभियान का संदेश है जिसने जीवन संवारा, उसे आशीर्वाद हमारा। यह अभियान 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर 25 करोड़ और बिहार में 2 करोड़ 50 लाख लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। पार्टी का प्रयास है कि गांव-गांव और घर-घर तक प्रधानमंत्री के प्रति जनता का स्नेह और आशीर्वाद पहुंचे। 17 सितंबर शाम 7 बजे पूरे बिहार में एक साथ दीप प्रज्वलन होगा। लोग फोटो, वीडियो और सेल्फी के माध्यम से जुड़ेंगे।

मौके पर जिला महामंत्री अजीत पांडे, उपाध्यक्ष संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रधान, मंडल अध्यक्ष रमैया सिंह, नगर अध्यक्ष दीपू दत्त चौधरी, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डा अमरेंद्र आनंद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सम्मानित होते भाजपा जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी।

वहीं, बिदुपुर के पश्चिमी मंडल के कार्यशाला में मिथलेश कुमार तिवारी ,जिला उपाध्यक्ष भाजपा वैशाली ने मंडल अध्यक्ष के पूरी कमिटी के साथ सेवा संकल्प अभियान के 25वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया और एक माह तक आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दिया।

महावीर मन्दिर द्वारा बाढ़ पीड़ितों के बीच अल्पाहार और पेय जल बोतल का वितरण

बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर के तत्वाधान में राघोपुर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर हजारों बाढ़ पीड़ितों के बीच अल्पाहार की पैकेट और पेय जल के सील बंद बोतल का वितरण किया गया।महावीर मंदिर के द्वारा जहां एक ओर धार्मिक क्षेत्र में राम रसोई पटना और अयोध्या धाम में चलाए जा रहे है,वही दूसरी ओर स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कई अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है।वर्तमान समय में बाढ़ पीड़ितों के दुख दर्द को देखकर मंदिर के सचिव सायन कुणाल के निर्देश पर राघोपुर विधान सभा क्षेत्र के बिदुपुर प्रखंड के बाजितपुर भिंडा बाढ़ पीड़ित कैंप, चेचर घाट,खालसा घाट, खालसा घाट में नाव पर सवार सभी लोगों के बीच अल्पाहार एवं पेय जल बोतल का वितरण किया गया।वही राघोपुर के सिक्स लेन पूल के नीचे,महादलित टोला आदि में भी अल्पाहार,पेय जल आदि का वितरण किया गया।इस अवसर पर महावीर मंदिर की ओर से पंकज कुमार,गोरखनाथ सिंह,सुरजीत मिश्रा,आर शेषाद्रि,अंजनी पांडे,अनिमेश ,सहित बाजितपुर सैदात पंचायत के मुखिया सुनील कुमार राय,सरपंच धर्मेंद्र चौरसिया ,सुभाष कुमार सिंह सहित स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।अल्पाहार पाकर बाढ़ पीड़ितों में काफी खुशी देखी गई।सभी ने महावीर मंदिर की जय,बजरंगबली की जय का नारा लगा रहे थे।

महावीर मंदिर ट्रस्ट द्वारा अल्पाहार का वितरण।

खबरें खास-खास

राजकीय मध्य विद्यालय सहोरी में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। राजकीय मध्य विद्यालय सहोरी, भगवानपुर के प्रांगण में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक रंजन ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मां भारती के माथे का श्रृंगार है हिंदी, हिंदोस्तां के बाग की बहार है हिंदी। हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाई जाती है । 14 सितंबर को तीज वत के कारण अवकाश है और फिर 15 सितंबर से अर्धवार्षिक परीक्षा का संचालन होना है इसलिए आज हीं हमलोग इस दिवस का स्वागत करते हैं। भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं । जैसे अपने प्रांत बिहार में भोजपुरी, बज्जिका, मैथिली भाषाएँ बोली जाती हैं वैसे हीं भारतवर्ष के अन्य प्रांतों में अलग अलग स्थानीय भाषाएँ बोली जाती हैं । महात्मा गाँधी जी और अन्य विभूतियों ने देश को एक सूत्र में बांधने के लिये एक भाषा हिंदी को पूरे भारत में प्रचलन में लाने का निर्णय लिया और इसी कारण 14 सितंबर 1949 को भारत के संविधान सभा में हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी । फिर जब भारत का अपना गणतंत्र लागू हुआ अर्थात 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ तब आधिकारिक तौर पर हिंदी भाषा को राजभाषा और मातृभाषा के रूप में मान्यता दी गयी । आज हिंदी हमारी सभ्यता और संस्कृति , पहचान की आत्मा है । यह सबसे सरल और मीठी भाषा है । आज हिंदी की पहचान पूरे विश्व में स्थापित हो गयी है । इसके प्रचार और प्रसार के लिये देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी ने 14 सितंबर 1953 को इस दिवस को मनाने की आधिकारिक घोषणा किये थे और तब से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हम हिंदी दिवस मनाते हैं । इस मौके पर अनेक बच्चों ने विचार रखे ,कविता पाठ का वाचन किया और कार्ड बोर्ड के माध्यम से जनजागरूकता का कार्यक्रम भी चलाया । सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक रंजन, शिक्षकों श्वेता रानी, किशन मिश्रा, अमृता रंजन, रिन्टू कुमारी, मो आरिफ हुसैन, उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक राकेश कुमार रवि, बूटा सिंह, विद्या ने कलम और कपी देकर पुरस्कृत किया । इस कार्यक्रम का संचालन वर्ग 6 के अंश कुमार ने किया और इसकी रूप रेखा हिंदी की शिक्षिका श्वेता रानी ने किया।

जागरूकता कार्यक्रम में पेंटिंग के साथ बच्चे व प्राचार्य।

महनार आरपीएस कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

महनार (दैनिक नवसंदेश)। महनार प्रखंड स्थित राम प्रसाद सिंह महाविद्यालय (आरपीएस कलेज) में एनएसएस के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो अमित कुमार ने पौधारोपण कर किया। इसके बाद एनएसएस समन्वयक संजय कुमार, शिक्षक टिंकू कुमार, संजीव कुमार, डा. सावन कुमार, डा. रितेश पासवान समेत अन्य शिक्षकों ने भी पौधे लगाए। कार्यक्रम में शिक्षकेत्तर

कलेज में वृक्षारोपण करते लोग।

कर्मचारियों ने भी सहयोग किया। पौधारोपण के बाद प्राचार्य प्रो अमित कुमार ने पर्यावरण के मानव जीवन एवं जीव-जंतुओं पर पड़ने वाले प्रभाव तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस समन्वयक संजय कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने भी पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की अपील की।

राष्ट्रसेवा है सर्वोपरि : कर्नल विक्रम अजीत सिंह

कैडेट्स विजेताओं बी. सर्टिफिकेट व छह-छह हजार रुपए का चेक

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रसेवा है सर्वोपरि उक्त बातें पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कर्नल विक्रम अजीत सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि भारत माता की सेवा के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है। सेवा, साहस और शौर्य जागृत करना ही एनसीसी की वर्दी का मुख्य उद्देश्य है। बच्चों ने एनसीसी की वर्दी पहनकर फायरिंग और ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग लेकर राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया है।

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय वैशाली में 2 बिहार बटालियन की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्कॉलरशिप वितरण समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने की, जबकि संचालन एएनओ अफिसर डा. चन्द्र माधव ने किया।

सूबेदार मेजर अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि चक्कर मैदान में ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स को 22 राइफल से सटीक निशानेबाजी का अभ्यास कठिन परिस्थितियों से निपटने के लिए कैडेट्स को अब्सटेकल कोर्स की बारीकियों से रूबरू कराया गया। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय वैशाली के 61 कैडेट्स ने भाग लिया उसमें 9 कैडेट्स विशेष रूप से चयनित किए गए। चयनित भारती कुमारी, अंबिका कुमारी, आदित्य

पुरस्कृत कैडेट्स के साथ कर्नल व अन्य।

आनंद, आयुष कुमार,अंकित कुमार, प्रियंका कुमरी, शिवशक्ति कुमार, सचिन कुमार सिंह एवं प्रिया दर्शन कुमार को कर्नल विक्रम अजीत सिंह ने बी़ सर्टिफिकेट और छह-छह हजार रुपया का चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के अंत में एएनओ सेकेंड ऑफिसर डा. चन्द्र माधव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सरकारी स्कूलों में स्काउट गाइड के साथ सभी विद्यार्थियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। नशामुक्त समाज के निर्माण और विद्यार्थियों को नशीले पदार्थो के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को वैशाली जिले के सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालयों के चेतना सत्र में स्काउट एवं गाइड से जुड़े विद्यार्थियों सहित अन्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह जागरूकता अभियान अर्थ डे नेटवर्क इंडिया के सहयोग से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, वैशाली के माध्यम से चलाया गया। जिले के विद्यालयों में स्काउट एवं गाइड नोडल शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी। जिला शिक्षा पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इसलिए विद्यालय स्तर पर नशामुक्ति के प्रति जागरूकता पैदा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में लगातार जागरूक करें तथा उन्हें स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें।

सरकारी स्कूलों में स्काउट गाइड के साथ सभी विद्यार्थियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प।

पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पटना के हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री सह कुढ़नी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने शनिवार को पटना स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने श्रद्धापूर्वक भगवान हनुमान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों, कुढ़नी वासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने मंदिर में निर्धारित विधि-विधान के साथ पूजा की तथा भगवान हनुमान को सिंदूर, फूल एवं प्रसाद अर्पित किया। पूजा के दौरान उन्होंने बिहार में शांति और विकास के साथ-साथ राज्य के पर्यटन क्षेत्र के निरंतर विकास की भी कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों का बिहार की संस्कृति और परंपरा में विशेष महत्व है।

मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि बिहार धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध प्रदेश है। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने की पूजा-अर्चना।

पूजा-अर्चना के बाद मंत्री केदार गुप्ता ने मंदिर परिसर का जायजा भी लिया और श्रद्धालुओं को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मंदिर की धार्मिक महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे आस्था के केंद्र लोगों को आध्यात्मिक शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं एवं समर्थकों ने भी पर्यटन मंत्री श्री गुप्ता का स्वागत किया। मंत्री केदार गुप्ता ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए लोगों से बिहार के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने प्रदेश की उन्नति और आम लोगों की खुशहाली की कामना किया।

24 साल से डकैती कांड में फरार चल रहा वांछित अभियुक्त सुजीत यादव खुसरूपुर से गिरफ्तार

खुसरूपुर (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती के एक पुराने मामले में लगभग 24 वर्षो से फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। खुसरूपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में यह सफलता मिली है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान आरोपी की पहचान खुसरूपुर थाना क्षेत्र के भुसकी निवासी नगीना यादव के पुत्र सुजीत यादव के रूप में हुई है।

फरार रहने का स्थानरू पुलिस के अनुसार, आरोपी पिछले लंबे समय से कानून की गिरफ्त से दूर पटना के रूपसपुर इलाके में छिपकर अपना व्यवसाय चला रहा था।आरोपी के खिलाफ खुसरूपुर थाने में डकैती का मामला दर्ज था और इसके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थायी लाल वारंट भी निर्गत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के आलोक में जिले भर में फरार एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस को यह महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल हुई है। गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस ने आवश्यक पूछताछ की प्रक्रिया पूरी की और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस सफल छापेमारी दल में थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के साथ-साथ थाने के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी भी शामिल रहे।

गया में राजनीतिक हलचल तेज : पूर्व भाजपा नेता आकाश प्रियदर्शी उर्फ एपी और उनकी टीम जल्द थामेगी नया राजनीतिक दामन

गया (दैनिक नवसंदेश)। जिले के राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि भाजपा के पूर्व जिलास्तरीय युवा नेता, भाजपा के पूर्व भारतीय जनता युवा मोर्चा मानपुर उपाध्यक्ष तथा विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी उर्फ एपी अपनी पूरी टीम के साथ जल्द ही किसी नए राजनीतिक दल में शामिल होने जा रहे हैं । इस संबंध में जब युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी से बातचीत की गई, तो उन्होंने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि उनकी इस सिलसिले में एक-दो राजनीतिक पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व से सकारात्मक बातचीत चल रही है । उन्होंने स्पष्ट किया कि गया के उनके युवा साथियों और उनका सामूहिक विचार जिस भी पार्टी की लोक-कल्याणकारी नीतियों व विचारधारा को उचित और पसंद पाएगा, वे उसी दल की विचारधारा का खुलकर स्वागत करेंगे और आगे की राजनीतिक पारी की शुरुआत करेंगे । स्थानीय राजनीतिक जानकारों के अनुसार, आगामी कुछ ही दिनों में यानी इसी महीने के भीतर युवा समाजसेवी आकाश प्रियदर्शी के साथ-साथ विशाल यादव, विकास यादव और उनके अन्य प्रमुख समर्थक किसी मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टी का औपचारिक रूप से दामन थाम सकते हैं, जिससे स्थानीय राजनीति में समीकरणों के बदलने की पूरी संभावना जताई जा रही है ।

आकाश प्रियदर्शी, युवा समाजसेवी सह ट्रस्टी, विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया।